राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 रवि शास्त्री ने मुंबई इंडियंस के खराब प्रदर्शन के लिए कप्तान रोहित ...

जब उम्र को लेकर मजाक के मूड में दिखे बाइडन, बोले- मेरा करियर ... 12

वर्ष : 10 | अंक : 353 | पटना, मंगलवार, 09 मई, 2023 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

धर्मांतरण के भयावह नेक्सस का पर्दाफाश करती है केरला स्टोरी : अनुराग ठाकुर

वैश्विक आतंकवाद के खतरनाक षड्यंत्र से बचने के लिए हर बहन-बेटी जरूर देखें यह फिल्म

प्रात : किरण संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने केरला स्टोरी फिल्म देखने के बाद प्रतिक्रिया देते हुए इसे धर्मांतरण के भयावह नेक्सस का पदार्फाश करने वाली फिल्म बताते हुए वैश्विक आतंकवाद के खतरनाक षड्यंत्र से बचने के लिए हर बहन-बेटी को यह फिल्म देखने की बात कही है। श्री ठाकुर ने कहा कि केरला स्टोरी सच्चाई को सामने रखने का एक प्रयास है। ये फिल्म हमे झकझोरने वाली है। जब आपके सामने ये सच्चाई आती है की कैसे भारत की मासूम बेटियों को प्यार के जाल में फंसा कर आतंकवादी संगठनों के लिए रिक्रूटमेंट किया जाता है। इस फिल्म के माधयम से देश के खिलाफ वर्षों से चल रहे षड़यंत्र का पदार्फाश हुआ है। पहली बार किसी फिल्म ने केरल में चल रहे वैश्विक आतंकवाद के खतरनाक षड्यंत्र को इतने मुखरता से साथ पूरे भारत और विश्व को दिखाया है। पिछले एक दशक से कांग्रेस और वामपन्थ जिस सच को देश से झुठला रहे हैं वह आज हमारे सामने आ चुका है। यह महज एक फिल्म नहीं है यह एक दस्तावेज है जो हमें भारत के विरुद्ध वैश्विक आतंकी संगठन करकर जैसे संगठनों के नापाक साजिशों का पदार्फाश करती है। हमें आगाह करती है की कैसे हम अपने बहन बेटियों, बच्चों को आतंकवाद के इस राक्षस से बचाएं।

ठाकुर ने कहा, तुष्टिकरण की राजनीति करते करते कांग्रेस और वामपंथी इस हद तक नीचे गिर गए हैं की वह केरल में दशकों से चल रहे आतंकी साजिशों के बचाव में दुष्प्रचार उतर गए और कोर्ट तक भी गए। आतंकवादी संगठनों को एक्सपोज करने के इस प्रयास के साथ खड़े हैं या विरोध में हैं? क्या

भविष्य में ऐसे रिक्रूटमेंट ड्राइव ना हों, बच्चियों को अपने जाल में ना फसाया जाए, उसके साथ खड़ी हैं या खिलाफ खड़ी हैं? धर्मांतरण के माध्यम से केरल की अनगिनत मासूम बहन बेटियों को आतंकवाद के दलदल में फेंक दिया गया। यह महज उनकी, उनके माँ-बाप और परिवार की कहानी नहीं है यह उन ऐसे भारतियों की कहानी है जो अपने देश से प्यार करते हैं देश को आतंकवाद से बचाना चाहते हैं। ये फिल्म वास्तविकता पर प्रकाश डालती है कि कैसे भारत की बेटियों को बहलाकर-फुसलाकर, प्यार के जाल में फंसाकर ऐसे रास्ते पर ले जाया जाता है, जहां से मुड़कर नहीं देखा जाता। श्री अनुराग ठाकुर ने कहा पश्चिम बंगाल में फिल्म को बैन कर ममता बनर्जी ने वहां की बहन बेटियों के साथ अन्याय किया है। ऐसी ही सोच से उन आतंकवादियों को बल मिलता है। आतंकवाद के खिलाफ तो कम से कम पूरे देश को एक साथ आना चाहिए। यह समझ से परे है की इनकी हमदर्दी आतंकवाद का शिकार हुए केरल की इन मासूम बच्चियों से न होकर आतंकी संगठनों से क्यों है। आज सारा देश एक स्वर में इनसे पूछना चाहता है की आतंकवाद पर केंद्रित एक फिल्म से इन्हें इतनी दिक्कत क्यों है? जिन्हें यह फिल्म अजेंडा-प्रोपोगंडा लगता है आतंकवाद के ऐसे पैरोकारों से मैं कहना चाहता हूँ आज देश का बच्चा-बच्चा केरल की कहानी जानना चाहता है जिसे आप छुपाते रहे हो।

मौसम

अधिकतम तापमान 40°C

न्यूनतम तापमान 27.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,995
चांदी	72,500
सेंसेक्स	57,635
निफ्टी	16,986

संक्षिप्त खबरें

आर के सिंह आज आरा में, कई कार्यक्रम में होंगे शामिल

आरा। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा लोकसभा सांसद आर के सिंह आरा मे आज विभिन्न कार्यक्रमों मे भाग लेंगे। केन्द्रीय मंत्री दानापुर डीआरएम प्रभात कुमार के साथ आरा स्टेशन पहुंचेंगे, जहाँ वे स्टेशन पर चल रहे विकास कार्यो का निरिक्षण रेलवे पदाधिकारियों के साथ करेंगे। साथ-साथ स्टेशन परिसर मे बाबु कुँवर सिंह के लगनेवाले प्रतिमा के लिए स्थल का निरीक्षण करेंगे। स्टेशन निरीक्षण के बाद केन्द्रीय मंत्री पिछले दिन जम्मू-काश्मीर मे शहीद हुए जवान सुधीर यादव के परिजनो से मिलने कोईलवर प्रखंड के कुंजनटोला गाँव पहुंचेंगे। आरा पावरग्रिड के विस्तार का उद्घाटन पावर ग्रिड मे मंत्री द्वारा किया जाएगा। साथ ही वहाँ प्रेस को भी संबोधित करेंगे। उसके बाद आरा समहरणालय मे जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक मे भाग लेंगे। केन्द्रीय मंत्री हनुमान मंदिर परिसर मे होने वाले वृहत आरती मे भी शामिल होंगे। इसके साथ विभिन्न कार्यक्रमों मे शामिल होंगे। केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री सह आरा लोकसभा के जनप्रिय सांसद आर के सिंह के पहल पर रेलवे द्वारा बाबु वीर कुँवर सिंह के आरा रेलवे स्टेशन परिसर मे विशाल प्रतिमा लगाने के निर्णय पर भाजपा नेताओं ने मंत्री का आभार ब्यक्त किया। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज, विजय सिंह, धीरेन्द्र सिंह, सहित भाजपा के जिला भर के नेताओं और जिला पदाधिकारियों ने प्रतिमा लगाने के निर्णय को स्वागतयोग्य बताते हुए अपने नेता को धन्यवाद दिया है।

पांच माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

रांची। झारखंड की राजधानी रांची में पांच माओवादियों ने सुरक्षा बलों के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। इनमें से दो माओवादियों पर कुल 15 लाख रुपये का इनाम था। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में जोनल कमांडर अमरजीत यादव उर्फ लखन यादव, सब जोनल कमांडर शाहदेव यादव उर्फ लतन यादव, सब जोनल कमांडर नीरू यादव उर्फ सालिम, सब जोनल कमांडर संतोष भुइयां उर्फ सुखन और सदस्य अशोक बैगा उर्फ अशोक परहिया शामिल हैं। इनमें से अमरजीत यादव पर दस लाख तथा शाहदेव यादव पर पांच लाख रुपये का इनाम था। पुलिस महानिदेशक (अभियान) अमोल वी होमकर ने कहा, ये पांचों माओवादी झारखंड के चतरा, पलामू और हजारीबाग जिले तथा बिहार के गया और औरंगाबाद जिले के विभिन्न पुलिस थानों में दर्ज मामलों में वांछित हैं।

जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम नीतीश

जमीन कब्जा की शिकायत पर मुख्यमंत्री सख्त, शीघ्र कार्रवाई का दिए निर्देश

106 लोगों की सुनी समस्यायें, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जमीन विवाद से जुड़े मामले को शीघ्र निपटाने का आदेश दिया है। मुख्यमंत्री सोमवार को 4, देशरत्न मार्ग स्थित मुख्यमंत्री सचिवालय परिसर में आयोजित जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान जमीन पर कब्जा, दाखिल खारिज सहित अन्य शिकायतों पर मुख्यमंत्री सख्त दिखें। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग के अधिकारी को शीघ्र उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिए। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में अररिया जिला से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी जमीन को दबंगों द्वारा अवैध तरीके से कब्जा कर लिया गया है। अपनी जमीन को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए गुहार लगा रहा हूं लेकिन कोई नहीं सुन रहा है। अररिया जिला से ही आए एक अन्य फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि अपनी जमीन में ही सोख्ता का निर्माण कर रहा था, लेकिन पड़ोसी ने इसका विरोध कर दिया। इसके बाद थाना में मामला दर्ज कराने गए तो मामला दर्ज नहीं किया गया। पूर्णिया जिला से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से कहा कि उनकी पैतृक भूमि में से 25 डिसमिल जमीन को पड़ोसी द्वारा कब्जा कर बेच दिया गया है। इस संबंध में विरोध करने पर आए दिन पड़ोसी मारपीट करते हैं। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं कैमूर जिला से ही आए एक अन्य फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि गैरमजरुआ जमीन की जगह रैयत का नाम दर्ज होने से पटवन के पानी को लेकर आए दिन हमलोगों को पटवन की समस्या से जुझना पड़ रहा है। बक्सर जिला से आए एक बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी जमीन पर कोर्ट की डिग्री होने के बाद भी अगल-बगल के लोग जबरदस्ती कब्जा कर रहे हैं, जिससे काफी परेशानी हो रही है। इसकी शिकायत प्रशासन से करने के बाद भी अबतक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं बक्सर जिला से ही आए एक अन्य फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि सरकार द्वारा तीन डिसमिल जमीन उपलब्ध करायी गई थी मगर पड़ोसी ने उस जमीन को लेकर केस कर दिया और मेरी जमीन पर दीवार उठवा दिया। इस संबंध में प्रशासन से शिकायत की गई उसके बाद भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिससे मुझे काफी परेशानी हो रही है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं, मुजफ्फरपुर जिला से ही आए एक अन्य फरियादी ने गुहार लगाते हुए कहा कि भू-लगान रसीद के लिए पैसे की मांग की जा रही है। वैशाली जिला से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि जमीन का दाखिल खारिज करने के लिये अंचलाधिकारी द्वारा मोटी रकम की मांग की जा रही है। मुख्यमंत्री ने इस मामले की जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

संबंधिति विभागों पर हुई सुनवाई : जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने राज्य के विभिन्न जिलों से पहुंचे 106 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सामान्य प्रषासन विभाग, गृह विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, निगरानी विभाग, खान एवं भू-तत्व विभाग, शिक्षा विभाग, निर्वाचन विभाग, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, संसदीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, वित्त विभाग, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, सूचना प्रावैधिकी विभाग, कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, श्रम संसाधन विभाग तथा आपदा प्रबंधन विभाग से संबंधित मामलों पर सुनवाई हुयी।

ये रहें मौजूद : जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री आलोक कुमार मेहता, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी, शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर, खान एवं भूतत्व मंत्री डॉ रामानंद यादव, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री सुनील कुमार, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री संतोष कुमार सुमन, श्रम संसाधन मंत्री सुरेन्द्र राम, विज्ञान एवं प्रावैधिकी मंत्री सुमित कुमार सिंह, सूचना प्रावैधिकी मंत्री मो इसराईल मंसूरी, आपदा प्रबंधन मंत्री शाहनवाज, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह तथा वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा उपस्थित थे।

स्वास्थ्य केंद्रों पर समुचित व्यवस्था उपलब्ध हो

मधेपुरा जिला से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि डॉक्टर के अभाव में स्वास्थ्य केंद्र को बंद कर दिया गया है, जिससे ग्रामीण इलाके के मरीजों को इलाज में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, नवादा जिला से आए एक फरियादी ने गुहार लगाते हुए कहा कि नवादा सदर अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं होने से मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग को मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अरवल जिला से आए एक छात्र ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के तहत उसे राशि उपलब्ध करायी गयी थी मगर जहां नामांकन कराया था उसने फर्जी तरीके से पैसा तो ले लिया मगर नामांकन नहीं किया। अब विभाग पैसे की वापसी की मांग कर रहा है तो संस्थान पैसा लौटाने को तैयार नहीं है, जिससे मैं विभाग को पैसा लौटाने में असमर्थ हूं। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। शिवहर जिला से आयी एक महिला ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे पुत्र की हत्या कर दी गई है। लगातार गुहार लगाने के बाद भी अब तक आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। वहीं लखीसराय जिला से आए एक युवक ने गुहार लगाते हुए कहा कि वर्ष 2021 में मेरे भाई की हत्या कर दी गई थी लेकिन आज तक अपराधी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बांका जिला से आए एक प्राध्यापक ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि मैं तिलकामांझी यूनिवर्सिटी में अध्यापन का कार्य कर रहा था, तभी बिहार बंद के दौरान प्रदर्शनकारियों ने मेरी पिटाई कर दी और बाद में एससी/एसटी एक्ट के तहत केस भी कर दिया। हमने आरोपियों के खिलाफ पहले ही केस दर्ज कराया था मगर अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कैमूर जिला से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि अंतजार्तीय विवाह को सरकार बढावा दे रही है लेकिन अंतजार्तीय विवाह करने के बाद भी मिलने वाले लाभ से वो वंचित हैं।

नीतीश कुमार के मुंबई दौरे पर उनसे मुलाकात करूंगा : पवार

प्रात : किरण

मुंबई/ एजेंसी। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को कहा कि वह 11 मई को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मुंबई दौरे के दौरान उनसे मुलाकात करेंगे। पवार ने यह भी कहा कि देश को वर्तमान भारतीय जनता पार्टी नीत केंद्र सरकार के एक विकल्प की जरूरत है। गत शुक्रवार को राकांपा प्रमुख के रूप में पद छोड़ने के अपने फैसले को वापस लेने वाले पवार कर्नाटक के निपानी जाने से पहले सोलापुर में पत्रकारों से बात कर रहे थे। पवार पड़ोसी राज्य कर्नाटक में 10 मई को होने वाले विधानसभा चुनावों में अपनी पार्टी के उम्मीदवार के लिए एक रैली में भाग लेंगे। जनता दल यूनाइटेड के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से संभावित मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर पवार ने कहा, मुझे संदेश मिला है कि नीतीश कुमार 11 मई को मुंबई आएंगे। हम मिलेंगे। हालांकि, मेरे पास इसकी पूरी जानकारी नहीं है। हमारा मानना यह है कि देश में एक विकल्प की जरूरत है। राकांपा प्रमुख ने कहा, जो लोग इसमें योगदान देना चाहते हैं, चाहे वह नीतीश हों या ममता (पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस नेता) मेरे विचार से हम सभी को इसके लिए मिलकर काम करने की जरूरत है। देश में अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं। पवार ने यह भी कहा कि महाराष्ट्र में उनके राजनीतिक सहयोगियों शिवसेना और कांग्रेस के साथ लोकसभा सीटों के बंटवारे पर कोई चर्चा नहीं हुई। राकांपा, शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस तीनों ही दल महा विकास आघाड़ी गठबंधन के घटक हैं। उन्होंने कहा, महा विकास आघाड़ी के नेता एक साथ बैठेंगे और फिर सीट बंटवारे के विषय पर चर्चा करेंगे। इस तरह की बैठकों से पहले किसी विशेष लोकसभा सीट पर दावा करने का कोई मतलब नहीं है।

मिग-21 विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौत

प्रात : किरण

हनुमानगढ़/ एजेंसी। भारतीय वायुसेना का लड़ाकू मिग-21 विमान सोमवार सुबह हनुमानगढ़ जिले के एक गांव में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पुलिस के अनुसार हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। विमान का पायलट सुरक्षित है। वायुसेना के अनुसार यह विमान नियमति प्रशिक्षण उड़ान पर था और पायलट सुरक्षित रूप से निकल गया। बीकानेर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया, ह्लघटना में तीन महिलाओं की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।ह्व उन्होंने कहा कि विमान के पायलट का सूरतगढ़ सैन्य अस्पताल में इलाज चल रहा है। भारतीय वायुसेना ने हादसे की जानकारी देते हुए ट्वीट किया, भारतीय वायुसेना का एक मिग-21 विमान आज सुबह नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान सूरतगढ़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट सुरक्षित रूप से विमान से निकल गया। हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए जांच बैठाई गई है। सूरतगढ़ वायु सेना स्टेशन गंगानगर जिले में है। यह कस्बा हनुमानगढ़ जलि की सीमा के पास है। विमान हनुमानगढ़ जलि के बहलोलनगर गांव के बाहरी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हनुमानगढ़ के जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी ने कहा कि लड़ाकू विमान रत्ती राम के घर पर गरिा जिसमें उनकी पत्नी और दो अन्य महिलाओं की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। उन्होंने कहा कि शुरूआती रिपोर्ट के अनुसार रत्ती राम का घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है और पास के घर को भी नुकसान पहुंचा है। मृतक महिलाओं की पहचान लीला देवी पत्नी रामप्रताप, बंतो कौर पत्नी लाल सिंह और बाशो कौर पत्नी रत्ती राम के रूप में हुई है। बहलोलनगर के एक स्थानीय नागरिक ने कहा कि उसने तेज आवाज सुनी और पैराशूट नीचे आते देखा। उसने बताया कि चंद ही सैकंड में विमान रत्ती राम के घर पर गिरकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसके बाद घर में रखी लकड़ियों में आग लग गई।

आनंद मोहन की रिहाई पर सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार से दो सप्ताह में मांगा जवाब

प्रात : किरण

नई दिल्ली/ एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने बिहार के गोपालगंज के 1994 में तत्कालीन जिला अधिकारी जी कृष्णैया की पीट-पीटकर हत्या के दोषियों में शामिल बाहुबली नेता आनंद मोहन सिंह को उम्र कैद की पूर्व निर्धारित सजा पूरी होने से पहले जेल से पिछले महीने रिहा करने के राज्य सरकार के संशोधित कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सोमवार को संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया।

न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जे के माहेश्वरी की पीठ बिहार सरकार एवं अन्य को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का आदेश जारी किया। मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्वर्गीय कृष्णैया की विधवा उमा कृष्णैया की याचिका पर शीघ्र सुनवाई की गुहार एक मई को को स्वीकार करते हुए मामले को 08 मई को सूचीबद्ध का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता तानिया श्री ने पीठ के समक्ष विशेष उल्लेखह्ल के दौरान इस मामले को उठाते हुए शीघ्र सुनवाई की गुहार लगाई थी। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के 1985 कैडर के 37 वर्षीय अधिकारी कृष्णैया की हत्या मुजफ्फरपुर में उत्तेजित भीड़ द्वारा पीट-पीटकर कर दी गई थी। बिहार सरकार के जेल मैनुअल में संशोधन के कारण आजीवन कारावास की सजा काट रहे आनंद मोहन समेत अन्य को पूर्व निर्धारित सजा से पहले पिछले महीने रिहा करने का रास्ता साफ हो गया था। सरकार के इस फैसले के बाद आनंद मोहन को करीब 14 साल की सजा काटने के बाद रिहा कर दिया गया था। हालांकि, इससे पहले वह कई बार पैरोल पर रिहा किए गए थे। निचली अदालत ने पूर्व सांसद आनंद मोहन को 2007 में दोषी ठहराते हुए मृत्यु दंड की सजा सुनाई थी। पटना उच्च न्यायालय ने इस सजा को बरकरार रखा था, लेकिन 2008 में शीर्ष अदालत ने उनकी मृत्युदंड की सजा को उम्र कैद में तब्दील करने का आदेश दिया था।

मणिपुर से बिहारी छात्रों की सकुशल वापसी को लेकर मुख्यमंत्री गंभीर

पटना। मणिपुर में पढ़ाई कर रहे बिहारी छात्रों की सुरक्षा को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चिंतित हैं। मुख्यमंत्री ने वहाँ रह रहे छात्रों की सम्पूर्ण सुरक्षा एवं उनकी सकुशल वापसी के लिये पूरे इंतजाम करने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने स्थानिक आयुक्त, नई दिल्ली को निर्देश दिया है कि मणिपुर में फंसे बिहारी छात्रों को सकुशल बिहार वापस लाने की समुचित व्यवस्था की जाय। मुख्यमंत्री के निर्देश पर मणिपुर के अलग-अलग शैक्षणिक संस्थानों में पढ़ रहे बिहार के छात्रों को बसों के जरिये पहले इम्फाल एयरपोर्ट लाया जायेगा। उसके बाद इम्फाल एयरपोर्ट से सुबह 6 बजे इंडिगो विमान के जरिये छात्रों को पटना लाया जायेगा । बिहार के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी ने बताया कि मणिपुर में बिहार के जो भी छात्र हैं वे सुरक्षित हैं। सोमवार को मणिपुर में कर्फ्यू में ढील दी जाएगी। जिसके बाद जो भी स्टूडेंट वहां से लौटना चाहते है उन्हें सुरक्षित लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल बिहार सरकार को मणिपुर से 150 स्टूडेंट्स की सूची मोबाइल नंबर के साथ मिली है। बता दें मणिपुर के मुख्य सचिव से राज्य सरकार ने फोन पर बात की। वहां के मुख्य सचिव से आग्रह किया कि वे बिहारी छात्रों की सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करें। मणिपुर सरकार ने इसे लेकर बिहार सरकार को आश्वस्त भी किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के स्थानिक आयुक्त भी मणिपुर सरकार के संपर्क में हैं। मणिपुर में तीन शैक्षणिक संस्थान हैं। केंद्रीय कृषि यूनिवर्यसिटी, ट्रिपलआईआईटी मणिपुर और ठकळ मणिपुर जहां बिहारी छात्र पढ़ाई कर रहे हैं। जो बिहार के छपरा, बेतिया, शिवहर, कटिहार, मधेपुरा, मधुबनी के साथ अन्य जिलों के रहने वाले हैं।

परीक्षण फ्रांसीसी कंपनी ने कामयाबी के साथ पहला उड़ान परीक्षण स्पेन में किया

भारत के लिए तैयार पहले सी-295 विमान ने तीन घंटे की भरी उड़ान

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय वायु सेना के लिए तैयार किए गए पहले सी-295 ट्रांसपोर्ट सैन्य परिवहन विमान ने तीन घंटे की पहली उड़ान कामयाबी के साथ पूरी की है। फ्रांसीसी कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस ने यह उड़ान परीक्षण स्पेन के सेविले में किया है। अब इसके बाद इसी साल के अंत तक वायु सेना को पहला विमान मिलने का रास्ता साफ हो गया है। फ्रांसीसी कंपनी के साथ पिछले साल सितंबर में 56 विमानों का सौदा फाइनल हुआ था। कंपनी 16 विमान स्पेन में तैयार करके भारत को ह्यफ्लाइंग मोडह्ल में आपूर्ति करेगी। इसके अलावा 40 विमानों का निर्माण दस वर्षों के भीतर टाटा कंसोर्टियम भारत में ही करेगा। एयरबस डिफेन्स ने ट्वीट किया, भारत के लिए पहले सी-295 ने सफलतापूर्वक अपनी पहली उड़ान पूरी की। यह महत्वपूर्ण मील का पत्थर साल के अंत से पहले डिलीवरी का रास्ता साफ करता है।

एयरबस डिफेंस एंड स्पेस में मिलिट्री एयर सिस्टम्स के प्रमुख जीन-ब्राइस ड्यूमॉन्ट ने कहा, यह पहली उड़ान मेक इन इंडिया एयरोस्पेस कार्यक्रम के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भारतीय वायु सेना के दुनिया में सी-295 का सबसे बड़ा ऑपरेटर बनने के साथ यह कार्यक्रम भारत की परिचालन क्षमताओं

में सुधार करने की हमारी प्रतिबद्धता का उदाहरण भी है। एयरबस ने कहा कि भारत के लिए पहले सी-295 ने अपनी पहली उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जो 2023 की दूसरी छमाही तक इसकी डिलीवरी की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। सामरिक विमान ने 5 मई को स्थानीय समयानुसार सुबह 11:45 बजे स्पेन के सेविले से उड़ान भरी थी और तीन घंटे की उड़ान के बाद दोपहर 14:45 बजे जमीन पर उतरा। रक्षा मंत्रालय और स्पेन की कंपनी एयरबस डिफेंस एंड स्पेस के बीच 56 सी-295 विमानों के लिए पिछले साल 24 सितम्बर को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए थे। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने 08 सितम्बर को भारतीय वायु सेना के लिए 56 ट्रांसपोर्ट विमानों की खरीद को मंजूरी दी थी। इसमें 40 विमान दस वर्षों के भीतर टाटा कंसोर्टियम भारत में ही बनाएगा। बाकी 16 विमान सीधे कंपनी से चार साल के भीतर ह्यफ्लाइंग मोडह्ल में भारत को आपूर्ति किए जाएंगे। यह अपनी तरह की पहली परियोजना है, जिसमें निजी कंपनी टाटा भारत में सैन्य परिवहन विमान का निर्माण करेगी। सभी 56 विमानों को स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर सूट के साथ स्थापित किया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

सांसद बृजभूषण के गिरफ्तारी को लेकर प्रतिरोध मार्च

फतुहा। भाकपा माले द्वारा सोमवार को राष्ट्रव्यापी प्रतिरोध मार्च निकाला गया। जिसमें अखिल भारतीय महिला एसोसिएशन एंड छात्र नौजवान संघ के बैनर तले निकाला गया। प्रतिरोध मार्च भाकपा माले के प्रखंड कार्यालय महारानी चौक से निकालकर चौराहा तक गया। जिसमें तमाम महिलाओं ने नारे लगाते हुए मांग किया गया कि कुश्ती संघ के अध्यक्ष भाजपा संसद बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करो। प्रतिरोध मार्च का नेतृत्व अध्यक्ष पंकज यादव एवं ऐपवा नेत्री सुशीला देवी में किया गया। मौके पर श्याम सुंदरी देवी, टुल्ली देवी, गायत्री देवी, मीना देवी, रीना देवी, रीना पासवान, सुदामा रविदास, पंकज यादव, अवधेश राम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

हत्याकांड में फरार संतोष गिरफ्तार

पटना सिटी (प्राकि)। मालसलामी थाना की पुलिस ने हत्याकांड में फरार चल रहे को गिरफ्तार किया है। दनियावां के स्वर्गीय सुरेश प्रसाद के पुत्र संतोष कुमार उर्फ लाला को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि मालसलामी थाना के संविरया गली निवासी योगेंद्र राय के पुत्र चुन्नी लाल यादव उर्फ चुन्नी राय की हत्या में यह फरार चल रहा था। हत्या साल 2010 में हुई थी। इसी मामले में फरार चुन्नी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार संतोष के भाई चंदन की हत्या मृतक चुन्नी राय ने की थी। इसी हत्या का बदला लेने के लिए उसने तीन साथियों के साथ अंजाम दिया था। इस घटना में तीन को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका था।

लिमिटेड पीरियड ऑफर सिर्फ वी ऐप पर

पटना। जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी अपने उपभोक्ताओं के लिए लेकर आए हैं आकर्षक ह्यमहाह्न रीचार्ज ऑफर, जिसके तहत उपभोक्ता वी ऐप के जरिए रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के अतिरिक्त डेटा के फायदे पा सकते हैं। रु 299 या अधिक का रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 5 जीबी अतिरिक्त डेटा मिलेगा। इसी तरह रु 199 और रु 299 के बीच रीचार्ज करने पर बिना किसी अतिरिक्त लागत के 2 जीबी अतिरिक्त डेटा मिलेगा। वर्तमान में यह लिमिटेड पीरियड ऑफर सिर्फ वी ऐप पर रु 199 एवं अधिक के सभी वी प्रीपेड रीचार्ज के लिए उपलब्ध है। वी के यूजर इस अतिरिक्त डेटा का इस्तेमाल वी मुवीज एण्ड टीवी पर मुवीज देखने, वीडियोज लाईव स्ट्रीम करने या मौजूदा टी20 टूनार्मेन्ट के क्रिकेट मैच देखने के लिए कर सकते हैं। वे वी म्युजिक पर म्युजिक का लुत्फ उठ सकते हैं या चाहें तो खरीददारी, सर्फिंग, चैट, काम या पढ़ाई भी कर सकते हैं। वी के उपभोक्ता वी ऐप पर वे गेम्स का आनंद भी उठा सकते हैं, जो 10 से अधिक लोकप्रिय श्रेणियों में 1200 से अधिक एंड्रोइड एवं एचटीएमएल 5 आधारित मोबाइल गेम्स का शानदार अनुभव प्रदान करता है। इसके अलावा, वी वर्तमान में वी20फैनफेस्ट चैलेंज भी चला रहा है जिसके तहत उपभोक्ताओं को मैच के हर दन एक स्मार्टफोन जीतने का मौका मिलता है। प्रतियोगिता के एक मेगा विजेता को टी20 चैम्पियनशिप के फाइनल मैच की दो टिकटें जीतने का अवसर मिलेगा।

जदयू प्रदेश अध्यक्ष का मसौढ़ी में हुआ स्वागत

मसौढ़ी, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा का भव्य स्वागत गया जाने के क्रम में मसौढ़ी में जदयू कार्यकताओं द्वारा किया गया वही कार्यकताओं द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को फूल माला से लाद दिया गया। वही प्रदेश अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने बताया कि उनका लक्ष्य जदयू के संगठन का विस्तार एवं बिहार मे सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरना है। साथ ही उन्होंने कहा कि बिहार में विकास के लिए जदयू के अलावा दूसरा कोई पार्टी नही है। वही सभी कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि प्रदेश के कोने कोने में जाकर जदयू के संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए सभी कार्यकर्ता कृत संकल्पित हो जाए। वही इस मौके पर पूर्व प्रखंड अध्यक्ष लालमोहन सिंह, मुखिया संघ के अध्यक्ष पिंकु कुमार, पालटन सिंह, रंजित पटेल, अश्वनी उर्फ गोल्डी, राकेश कुमार, दिनेश पटेल, मो मिराज, मो साहिल, अशोक शर्मा, अखिलेशसिंह, प्रतीकपटेल, रजनीकांत, संजीत उर्फ मिक्कू, भोला पंडित, मुन्ना ठाकुर एवं अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कसेरा समाज ने आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री के विरोध में किया प्रदर्शन

ज्ञानी मांगे वर्ना मुकदमा, नौबतपुर में विरोध

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

कसेरा पंचायत (हैहयवंशी समाज) के द्वारा कथावाचक आचार्य धीरेन्द्र शास्त्री के विरोध में कसेरा पंचायत भवन से समाज के महामंत्री सुजीत कुमार कसेरा के नेतृत्व में विरोध मार्च निकाला। इस मार्च की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष कन्हाई चौधरी ने की। यह मार्च कसेरा टोली से निकल गुरहट्टा, गुजरी बाजार, पश्चिम दरवाजा, बेलवरगंज होता अनुमंडल कार्यालय पहुंचा। वहां जाकर अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से डीएम को समाज के लोगों ने ज्ञापन दिया। मांग की गई कि धीरेन्द्र शास्त्री जल्द माफी मांग लें। ऐसा नहीं होने पर उन पर आपराधिक मामलों के तहत मुकदमा दायर किया जाएगा।

महामंत्री सुजीत कुमार कसेरा ने कहा कि अगर वह माफी नहीं मांगते या कानूनी कार्रवाई नहीं होती है, तो 13 से 17 मई के बीच पटना के नौबतपुर में उनके कार्यक्रम का वे सब पुरजोर विरोध करेंगे। साथ ही बताया कि 23 अप्रैल को सोशल मीडिया के माध्यम से हमलोगों के आराध्य देव श्री शहस्त्रबाहु महाराज के और हैहय वंश समाज के बारे में बहुत ही अभद्र भाषा का प्रयोग किया था। जिस भाषा का उन्होंने प्रयोग किया है, वैसा कहीं भी और किसी भी ग्रंथ में लिखा नहीं है। सहस्त्रबाहु महाराज बहुत ही शक्तिशाली और भगवान श्री विष्णु के सुदर्शन चक्र के अवतार थे। रामायण में भी उनके शक्ति का वर्णन किया गया है। जब बानर राज अंगद को बंदी बनाकर रावण के सामने लाया गया था, तब रावण को कहा था कि मुझे पता है आप कितने शक्तिशाली हैं, जब भगवान सहस्त्रबाहु ने आपको छह महीना बंधक बना कर रखा था।

उनकी और भी कथाएं हैं। विरोध मार्च में झंडा एवं तख्ती पर कथावाचक धीरेन्द्र शास्त्री मुदार्बाद, हाय-हा, माफी मांगो -माफी मांगो लेकर लोग नारा लगाते हुए चल रहे थे। मार्च में मुख्य रूप से अध्यक्ष कन्हैया चौधरी, महामंत्री सुजीत कुमार कसेरा, कोषाध्यक्ष प्रमोद कसेरा, गिरजा शंकर प्रसाद, धर्मनाथ कसेरा उर्फ ननकी, प्रेमनाथ कसेरा, दुर्गा चौधरी, रवि कसेरा, विश्वनाथ प्रसाद, राजू प्रसाद, सुभाष कुमार उर्फ अन्नू कसेरा, उदय कसेरा, सतीश नारायण, अमर नाथ, सुधीर कसेरा, अविनाश कसेरा, शिवम कसेरा, हर्ष कसेरा, गौरव कसेरा, प्रदीप कसेरा, जगरनाथ कसेरा, ठाकुर नारायण चौधरी, नीरज कसेरा, अजय कसेरा, देवी चौधरी आदि शामिल थे।

रेडक्रास दिवस पर छात्रों को रक्तदान की महत्ता के बारे में बताया

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। विश्व रेडक्रॉस दिवस पर इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी की सिटी शाखा के द्वारा जीसस एंड मेरी एकेडमी में ब्लड डोनेशन सेमिनार एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस के संस्थापक सर हेनरी डूनांट के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष के संसूचित थीम को सच्चे हृदय से लोगों की सेवा रखा गया है। रेडक्रॉस की स्थापना युद्ध के दौरान मानवीयता से जुड़े कदम उठाने के लिए जानी जाती है। इस संस्था को साल 1917, 1944 और 1963 के लिए नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया था। सिटी शाखा के चेयरमैन गोविंद कानोडिया के द्वारा रेडक्रॉस का झंडा फहराया गया। स्कूल की प्राचार्या पूजा एन शर्मा एवं निदेशक एम्ब्रोस पैट्रिक एवं सह निदेशक सह सदस्य अभिषेक पैट्रिक ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को रक्तदान की महत्ता को समझाते हुए रेडक्रॉस के श्रवण कुमार ने सहज शब्दों में बच्चों को रक्तदान महादान के महत्व से अवगत कराया। इस रक्तदान सेमिनार में विशिष्ट अतिथि डॉ सोनाली गुप्ता ने बच्चों को प्रोत्साहित किया। मौके पर पटना सिटी शाखा के सचिव सुमन पोद्दार, संयोजिका सरोज जायसवाल, संरक्षक शशिशेखर रस्तोगी, नरेश सुल्तानियां, राकेश ड्रोलिया, संतोष कुमार सिंह, डॉ अमरेन्द्र कुमार ठाकुर संग सोसायटी के अन्य सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में रक्तदान पर आधारित पोस्टर कंपटीशन के विजेताओं की घोषणा की गई, जिसमें कक्षा नौ की अंशिका वर्मा और कक्षा छह की तनीषा कुमारी विजयी रहीं। जीसस एंड मैरी एकेडमी विद्यालय में पटना के पहले जूनियर रेडक्रॉस सोसाइटी की स्थापना की गई। इसमें छात्रों ने बढ़-चढ़ कर अपनी सहभागिता देने का प्रण लिया।

एनएमसीएच में लगेगा डिजिटल डिस्प्ले, देर से आने वालों पर होगी कार्रवाई

पटना सिटी। नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अधीक्षक डॉ राजीव रंजन की अध्यक्षता और उपाधीक्षक डॉ अजय कुमार सिन्हा के संचालन में परचेज कमेटी की बैठक हुई। बैठक में तीन डिजिटल डिस्पले लगाने का फैसला लिया गया. अधीक्षक ने बताया कि डिस्पले में डाक्टरों की ड्यूटी चार्ट, ओपीडी और आईपीडी में उपलब्ध दवाओं की स्थिति के साथ इमरजेंसी में उपलब्ध बेड की संख्या अंकित होगी। इससे मरीजों को सुविधा होगी। बैठक में विभिन्न विभाग के विभागाध्यक्ष और अस्पताल प्रबंधक उपस्थित थे। बैठक से पहले अस्पताल अधीक्षक डॉ राजीव रंजन ने सेंट्रल इमरजेंसी का निरीक्षण किया। जहां पर ड्यूटी पर देर से आए नर्सों को समय पर आने और कार्य में कोताही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। अधीक्षक ने बताया कि गायब कर्मियों से भी स्पष्टीकरण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान नर्सों और चिकित्सकों को रोस्टर ड्यूटी लगा कर कार्य करने के लिए निर्देशित किया गया।

नाले का पानी, से सता रहा संक्रमित बीमारियों का डर

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर नगर के अंतर्गत नगर परिषद् के वार्ड संख्या 11 के गली में नाली का सही से निर्माण व नाले की उराही नही होने से जलजमाव कई महीनों से है जिसके कारण लोगों को आने-जाने में भारी कठिनाई की सामना करना पड़ रहा है साथी ही नाली के गंदे पानी से नरकीय स्थिति बनी हुई है जल निकासी अवरुद्ध है। इससे नाले का पानी मुख्य गली में बहने और जमा रहने के कारण वहा के लोगो को आने जाने में भारी मुसीबत का सामना करना पर रहा है। जिसके चलते नाली का गंदा पानी सडको पर बहने के साथ ही घरों में प्रवेश कर रहा है। बरसात होने पर लोगो को और भी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। मुहल्ला निवासी राम किशुन, किरण देवी, शिवपर्शन चौधरी आदि ने बताया की सड़क पर गन्दा पानी जमा होने से आवागमन में दुश्वारियो का सामना करना पर रहा है। हमलोगों को अपने गंतव्य स्थान पर जाने के गंदे पानी के बिच आने जाने को विवश है। नगर परिषद् कार्यपालक पदाधिकारी शुशील कुमार ने बताया की वार्ड संख्या 11 की जनता के द्वारा लिखित आवेदन मिला है। नाला उराही का काम चल रहा है। जल्द से जल्द उनकी समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

संगीत शिक्षायतन ने 23वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। संगीत शिक्षायतन पटना में रविवार को 23वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नन्हे चित्रकारों और नवांकुर कवियों ने अपनी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरूवात दीप प्रज्वलन से हुई। कार्यक्रम के पहले सत्र में चित्रकला प्रदर्शनी हुई, जिसमे शिक्षायतन के कला विभाग के शिक्षार्थियों ने आदिवासी लोक कला गोंड आर्ट को दशार्या था। अदिति, अभिलाषा, आनवी, शांभवी, दिव्या, श्रृष्टि, लगभग 35 कलाकारों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया था। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में काव्यनंदा काव्य पाठ में स्वयं रचित कविता का सस्वर पाठ किया गया। जिसका विषय प्रेम था। कलाकारों प्रोत्साहित करने के लिए कई वरिष्ठ साहित्यकार और कविगण उपस्थित थे। जिन्होंने अपने वचनों से उनका मार्ग दर्शन कराया। कार्यक्रम में उपस्थित श्री राजीव रंजन श्रीवास्तव ने निर्गुण गाकर प्रेम को दशार्या। उपस्थित विशिष्ट अथिति राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि चंदन द्विवेदी ने अपनी खास खास कविताओं की प्रस्तुति दी। अवसर पर डॉक्टर नीतू चौहान (सहायक प्राध्यापिका) ने कबीर, रहीम आदि के दोहे जो प्रेम पर रचित है उनके भाव हो स्पष्ट कर सभा में परिभाषित किया। और जीवन के अन्नत प्रेम को अभिव्यक्त किया। आर जे स्वेता सुरभि और दूरदर्शन व आकाशवाणी की सुप्रसिद्ध उद्घोषिका ने प्रेम विषय पर अपनी कविता को एक नया आयाम दिया। संस्था के साहित्य कला और अभिनय विभाग के संरक्षक डॉक्टर किशोर सिन्हा (पूर्व निदेशक आकाशवाणी, लेखक और निर्देशक) ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी दर्शकों को शिक्षायतन की कर्मठता संलग्नता और विशेषता से अवगत कराया। अपनी एक छोटी सी कविता में कविता के निहित भाव के होने को बताया। कार्यक्रम की समीक्षात्मक प्रशंसा कर संस्था की न्यासी कथक नृत्यांगना यामिनी तथा सभी जुड़े सदस्यों को आशीर्वाद और शुभकामनाएं दी।

युवक का शव बांस से लटकता मिला, परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

चौक थाना क्षेत्र के कैमाशिकोह मोहल्ला में युवक प्रमोद कुमार के पुत्र ठेला चालक ईशु का शव बांस से लटकता मिला। सूचना मिलने के बाद लोग जुट गए। सूचना मिलने पर मौके पर चौक थाना की पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिता का कहना है कि बेट की साजिश के तहत हत्या की गई है। वह ऐसा कदम नहीं उठा सकता है। इससे आक्रोशित परिजनों ने अपराधियों की गिरफ्तारी एवं मुआवाजा राशि की मांग को लेकर सड़क जाम कर हंगामा, प्रदर्शन एवं टायर जला कर विरोध प्रदर्शन किया। मृतक के ठेला चालक पिता प्रमोद प्रसाद ने बताया कि रविवार की रात बेटा ईशु ठेला चलाने के बाद कैमाशिकोह स्थित एक वैवाहिक कार्यक्रम में गया था। रात में वह कैमाशिकोह मंदिर के पास ही ठेला पर सो रहा था। उसी के पास ही एक वृद्ध महिला भी सो रही थी। रात करीब एक बजे वृद्ध महिला उठी, तब वह देखी, तो लोग जुटे। मामला प्रकाश में आने के बाद पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना पाकर पहुंची चौक थाना पुलिस ने लटकता शव उतारकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कालेज भेजा। थानाध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता का कहना है कि युवक ने खुदकुशी की है। मृतक के पिता अगर किसी प्रकार का शक जताते हैं, तो उस आधार पर मामले की जांच की जाएगी। अपराधियों की पहचान के लिए पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी खंगाल रही है। इस मसले को लेकर स्थानीय लोगों ने पूरब दरवाजा के पास सड़क जाम कर हंगामा और प्रदर्शन किया। परिजन हत्यारों की गिरफ्तारी और मुआवजा की मांग कर रहे थे। चौक थानाध्यक्ष गौरीशंकर गुप्ता ने मामले की छानबीन एवं उचित मुआवाजा राशि दिलाने का भरोसा पीड़ित परिवार को दिया। इसके बाद सड़क जाम समाप्त हुआ। परिजन मालसलामी थाना क्षेत्र में रहते हैं, जबकि ईश कैमाशिकोह मोहल्ला में ही रात में रहता था। उसके पांच बच्चे हैं।

निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु आंख जांच शिविर आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। राधादेवी मोहनका चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा फेको विधि से मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु निःशुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पटना महापौर सीता साहू, उपमहापौर रेशमी चंद्रवंशी, अमर अग्रवाल, डॉ गीता जैन, डॉ शशि मोहनका ने संयुक्त रूप से किया। इस शिविर में 154 मरीजों के आंखों की जांच की गई जिसमे से 25 मरीजों का चयन मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए किया गया। डॉ मोहनका ने बताया कि इनलोगों का मोतियाबिंद काफी अधिक बढ़ा हुआ था जिससे इन्हें देखने मे काफी कठिनाई हो रही थी। मौके पर महापौर सीता साहु ने कहा कि लोग अपनी शादी की 25वीं वर्षगांठ फाइव स्टार होटलों या रिसोर्ट में मनाते हैं लेकिन डॉ मोहनका मरीजों के बीच उनके साथ उनका मुफ्त में मोतियाबिंद आपरेशन कर अपनी एनिवर्सरी मना रहे हैं। मौके पर डॉ गीता जैन ने कहा कि डॉ मोहनका अपने सामाजिक दायित्व के तहत निःशुल्क ऑपरेशन कर रहे हैं। मौके पर बिहार प्रादेशिक अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष अमर अग्रवाल ने कहा कि डॉ मोहनका पिछले दस वर्षों से महीने के तीसरे रविवार को दादी मंदिर में मरीजों के आंखों की जांच करते हैं एवं निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन करते हैं। ट्रस्ट के सचिव एम पी जैन ने बताया कि आंख जांच के लिए आये सभी 154 मरीजो को खाने का पैकेट दिया गया। तथा ऑपरेशन के बाद सभी को मुफ्त में दवा एवं चश्मा भी दिया जाएगा। मौके पर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिनोद अग्रवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

प्रबंधक कमेटी की बैठक आज, रद्द होने की पूरी संभावना

प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की आपात बैठक मंगलवार को होनी है। महासचिव इंद्रजहीत सिंह ने बताया कि अध्यक्ष जगजोत सिंह सोही के निर्देश पर तख्त साहिब के संविधान की धारा और उपनियम की धारा 22 के आधार पर बैठक बुलाई गई है। इसमें हाई पावर जांच कमेटी की रिपोर्ट को अध्यक्ष को नहींसौंप सार्वजनिक किए जाने पर चर्चा की जानी है। श्री अकाल तख्त साहिब से मिले आदेश का अनुपालन नहीं करने के आलोक में उत्पन्न स्थिति पर चर्चा की जानी है। वैसे हाई पावर जांच कमेटी के चेयरमैन के द्वारा कमेटी के अध्यक्ष को मौखिक और लिखित में रिपोर्ट को रिसीव करने को लेकर 18 और 19 अप्रैल को लिखा गया। जब वे 25 तक इसे रिसीव नहीं किए, तब इसे अध्यक्ष और कार्यालय में रिसीव करने पर नहीं लिया गया। स्पीड पोस्ट से भेजने पर उसे भी अस्वीकार कर लेने से इंकार कर दिया गया। अब इस मुद्दे पर मंगलवार की मीटिंग में चर्चा होनी है।

इस संबंध में कमेटी के पांच पदाधिकारी के बीच ही आपसी विश्वास की कमी है। एक गुट के द्वारा शह और मात रणनीति के तहत काम किया जा रहा है। हालांकि सोमवार की शाम तक महासचिव इंद्रजीत सिंह जमशेदपुर से पटना नहीं आ पाए थे। सूत्रों का कहना है कि दरअसल में यहां सचिव और महासचिव के को मात देने को नीति बनाई गई है। इसकी भनक मिलने और ज्ञानी रणजीत सिंह की जगह दूसरे जत्थेदार को लाने का प्रयास जारी है। इसे लेकर अध्यक्ष गुट को मात देने के लिए दो कदम उठाया जा सकता है। इसमें नौ मई को आहूत मीटिंग को रद्द किया जा सकता है। ऐसा नहीं होने की स्थिति में बैठक होने पर भी इसमें महासचिव इंद्रजीत सिंह और सचिव हरबंश सिंह भाग नहीं ले सकते हैं। दूसरी ओर कमेटी के दो सदस्य चरणजीत सिंह और गोविंद सिंह लोगोंवाल बैठक में भाग लेने नहीं आ रहे हैं। चरणजीत सिंह पहले ही कमेटी के अध्यक्ष और महासचिव को लिखित में बैठक में भाग लेने में असमर्थता जताते हुए देर से सूचना मिलने और पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में व्यस्तता के कारण उपस्थित होने में असमर्थता जताई है। वहीं गोबिंद सिंह लोंगोवाल भी भाग नहीं ले सकेंगे। कारण कि वहां जालंधर में चुनाव एक सीट के 10 मई को वोटिंग होना है। ऐसे में मीटिंग में कोरम की समस्या हो सकती है। महासचिव, सचिव के अलावा चरणजीत सिंह और गोबिंद सिंह लोंगोवाल के बैठक में भाग नहीं लेने से सिर्फ तीन पदाधिकारी ही भाग लेंगे। हालांकि वरीय उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह भी भाग नहीं ले सकते हैं, ऐसा सूत्र बताते हैं। मीटिंग के कोरम को पूरा करने के लिए पांच सदस्यों का होना जरूरी है।

तख्तश्री कमेटी की आज होने वाली बैठक स्थगित: पटना सिटी (प्राकि)। तख्तश्री हरिमंदिर जी प्रबंधक कमेटी की कल मंगलवार को होने वाली बैठक को सचिव हरवंश ने स्थगित कर दिया है। कुछ सदस्यों की व्यस्तता के कारण उनकी मांग एवं सलाह को प्राथमिकता दी गई है। अगले आदेश तक बैठक को स्थगित किया जाता है। शीघ्र ही आपको बैठक की अगली तिथि के बारे में सूचित किया जाएगा।

भगवतीपुर में 9 दिवसीय रामकथा के साथ महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

वंशी अरवल : प्रखंड क्षेत्र के भगवतीपुर गांव में नौ दिवसीय रामकथा महायज्ञ कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। गाजा बाजा के साथ कलश जल यात्रा निकाली गई। इसमें सैकड़ों महिलाएं व पुरुष नए वस्त्र धारण कर शामिल हुए। कलश यात्रा भगवतीपुर गांव के यज्ञ मंडप से होते हुए भगवतीपुर मठिया होते हुए धरनई घाट पुनपुन नदी तट पहुंचा जहां स्वामी सुदर्शनाचार्य जी महाराज के नेतृत्व ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना और जल भरी कराया। इसके बाद कलश लेकर लोग वापस यज्ञस्थल पर पहुंचे। यज्ञ स्थल पर कलश की स्थापना विद्वत पूजा-अर्चना के साथ की गई। यात्रा में शंकर भगवान राम लक्ष्मण हनुमान जी की आकर्षक झांकी निकाली गई विभिन्न देवी देवताओं की झांकी का नेतृत्व समाजसेवी डॉ ज्योति प्रसाद उर्फ शत्रुघ्न पंडित ने किया विभिन्न देवी-देवताओं के रूप में श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र बना रहा इस मौके पर डॉ ज्योति ने कहा कि सिर पर कलश उठाने वालों की आत्मा पवित्र व निर्मल होती है। ऐसे भक्तों पर भगवान की विशेष कृपा होती है। कलश यात्रा में तीनों देव ब्रम्हा, विष्णु व महेश के साथ-साथ 33 कोटि देवी देवता कलश में विराजमान होते हैं। कलश को धारण करने वाले जहां से भी ग्राम का भ्रमण करते है वहीं की धरा स्वयं सिद्व होती जाती है। जो अपने सिर पर कलश धारण करता है उनके तमाम रोग दोष विकारों का भगवान हरण कर देते है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे। भक्तिमय माहौल में जय माता दी जय श्री राम जय हनुमान हर हर महादेव आदि के नारे से पूरा वातावरण भक्ति मय रहा इस मौके पर यज्ञ समिति के सदस्य परशुराम शर्मा दीपक शर्मा अभिषेक शर्मा लव शर्मा श्रीकांत शर्मा बाहुबली राहुल शर्मा दीपक कुमार शर्मा चंद्रेश शर्मा सोनाक्षी शर्मा रोहित शर्मा मोनू शर्मा मोहित शर्मा अभिषेक कुमार गोलू प्रसिद्ध शर्मा पिंटू शर्मा करीमन शर्मा लीला शर्मा आदि सहित काफी मात्रा में ग्रामीण शामिल थे।

थैलेसीमिया को लेकर गाइनी में किया गया जागरूक

देश में 10 लाख बच्चे कर रहे सफर, वी अवेयर, शेयर एंड केयर : डॉ उषा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

यदि युवक-युवतियों की शादी के लिए रिश्ता तय करें, तो उसके पूर्व दोनों की ब्लड की जांच करा लें। यदि दोनों में किसी एक को बीमारी होती है, तो ठीक है अन्यथा दोनों को बीमारी होने से जन्म लेने वाला बच्चा को ही सिवियर बीमारी का खतरा बना रहता है। इसकी पहचान दो साल के बाद हो पाती है। देश में 10 लाख से अधिक बच्चे खेलथैलीसिमिया से पीड़ित हैं। यह बात गाइनी विभाग की डाप्रो उषा कुमारी ने गाइनी आउटडोर में आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के तहत कहीं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष आठ मई को थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है। डा उषा ने बताया कि इस साल का स्लोगन वी अवेयर, शेयर एंड केयर है। थैलीसीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है।

इसके बचाव के लिए शादी के पूर्व ही युवक एवं युवती का रक्त जांच एचवीए2 करा लेनी चाहिए। इस बीमारी की जानकारी हो सकती है। बचाव ही इलाज है। अगर जानकारी हो, तो ऐसे बच्चे को जन्म से पहले ही रोका जा सकता है। हम सबों का यह मिशन है कि अगली पीढ़ी थैलेसीमिया मुक्त हो। इस तरह से भारत को इस बीमारी से मुक्त बना सकते हैं।

कार्यक्रम में विभाग के वरीय चिकित्सक डा ममता सिंह, डा दीप्ति, डा विनीता सिंह, डा राजरानी चौधरी, डा इंदु कविता, डा आरती कुमारी, डा कुमारी नूतन नारायण, डा बबीता, डा अनिता पाठक, डा अभिलाषा, डॉ संगीता, डा प्रतिमा, डा आफरीन, डा साधना, डा रेखा के अलावा पटना और आब्स गाइनी सोसाइटी की सचिव डा अमिता सिन्हा की अध्यक्षता में मरीजों को महत्वपूर्ण बातें बताई गई। इस बीमारी में बच्चा हमेशा कमजोरी की शिकायत करता है। वजन कम बढ़ना, शारीरिक विकास कम होना, चक्कर एवं बेहोशी आना, हाथ-पैर का ठंडा होना, शरीर पीला पड़ना, बार-बार खून चढ़ाना ही इलाज है। माता-पिता के लिए भी या तकलीफदेह होता है। थैलीसीमिया जांच की सुविधाएं मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध है। इसकी निःशुल्क जांच की सुविधा एवं रक्त चढ़ाना के साथ ही आयरन चिलेटिंग एजेंट औषधि प्रदान की जा रही है। दरअसल इसका इलाज बोन मैरो ट्रांसप्लांट आसान नहीं है। इसमें खतरा बना रहता है।

समग्र विकास की अवधारणा पर चल रहा बिहार : वशिष्ठ

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राज्यसभा के वरिष्ठ सदस्य एवं बिहार जदयू के पूर्व अध्यक्ष बशिष्ठ नारायण सिंह ने सोमवार को जदयू मुख्यालय में पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों एवं विभिन्न जिलों के कार्यकताओं से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने प्रेस के साथियों से भी विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की। इस दौरान श्री बशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि आज बिहार समग्र विकास की अवधारणा पर चल रहा है। बिहार में न केवल आधारभूत संरचना के विकास में एक नया मानदंड कायम हुआ और देश-दुनिया में चर्चित कल्याणकारी योजनाओं की शुरूआत हुई, बल्कि इससे बड़ी उपलब्धि यह है कि समग्र विकास की अवधारणा पर चलने के कारण यहाँ के करोड़ों लोगों में यह विश्वास पैदा हुआ कि विकास की दौड़ में वे किसी से पीछे नहीं हैं।

श्री बशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि बिहार में हुए विकास को अगर देखना हो तो यहां की आधी आबादी को देखें। आज हमारे घर की महिलाएं चहारदिवारी की सीमा को लांघकर न केवल स्वयं आगे बढ़ रही हैं, बल्कि अपने परिवार को भी आगे बढ़ा रही हैं। उन्हें प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति और पंचायती राज व्यवस्था में 50 प्रतिशत और सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देना और जीविका जैसे कार्यक्रम की शुरूआत करना मील का पत्थर साबित हुआ। हमारे यहाँ पुलिस बल में महिलाओं की मौजूदगी देश भर में सर्वाधिक है। राज्य की बेटियों के लिए आज उच्च शिक्षा हासिल करने से लेकर अपना उद्यम शुरू करने तक की सारी सुविधाएं मौजूद हैं। श्री सिंह ने आगे कहा कि आज बिहार एक महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक दौर से गुजर रहा है जहाँ सीमित संसाधनों के बावजूद राष्ट्र के विकास में इसकी सहभागिता कई गुना बढ़ी है। इसका श्रेय निश्चत रूप से श्री नीतीश कुमार के अद्भुत विजन, अदम्य इच्छाशक्ति और अथक प्रयत्नों को जाता है।

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मिलकर सौंपा ज्ञापन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- रामनवमी जुलूस हिंसा की उच्च स्तरीय जांच की मांग की

बिहार के राज्यपाल से मिलकर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी एवं भाजपा विधान मंडल दल के नेता विजय कुमार सिन्हा के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन सौंपा । ज्ञापन के माध्यम से भाजपा नेताओं ने महामहिम से अनुरोध किया कि रामनवमीं के शोभा यात्रा के दौरान घटित हिंसक घटना की उच्च स्तरीय जांच उच्च न्यायालय पटना के किसी न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित समिति से कराया जाय । ताकि बिहार में पीएफआई जैसे आतंकी गतिविधि संचालित करने वाले एवं उन्हें संरक्षित करने वाले बेनकाव हो सके । बिहार के सासाराम एवं नालंदा सहित अन्य शहरों में जुलूस पर पत्थरबाजी एवं हमला किये जाने तथा रामनवमीं शोभा यात्रा जुलूस के लिए आयोजकों द्वारा जिला प्रशासन से अनुमति लिये जाने के बावजूद नालंदा में बजरंग दल के संयोजक पर कार्रवाई तथा सासाराम में भाजपा के पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद को बिना किसी कारण गिरफ्तार कर जेल में डाल देना । जबकि उन्होंने प्रशासन को यह बताया कि किस तरह पीएफआई के कार्यकर्ता दंगा फैला रहे हैं परन्तु स्थानीय प्रशासन एवं सरकार उन्हें ही जेल भेज दिया । इन मुद्दों को लेकर भाजपा का प्रतिनिधि मंडल महामहिम राज्यपाल से मिलकर ज्ञापन सौंपा । प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, रेणु देवी, बिहार सरकार के पूर्व मंत्री नंदकिशोर यादव, डा प्रेम कुमार, बिहार विधान परिषद पूर्व सभापति अवधेश नारायण सिंह, पूर्व मंत्री जनक राम, विधानसभा में विरोधी दल मुख्य सचेतक जनक सिंह, विधान पार्षद नवल किशोर यादव, निवेदिता सिंह थे ।

वाम नेताओं ने मांझी से मुलाकात की

पटना। नई शिक्षक नियमावली को लेकर नियोजित शिक्षकों और शिक्षक अभ्यर्थियों के जारी विरोध के मद्देनजर आज दूसरे दिन भाकपा-माले, सीपीआई और सीपीएम नेताओं ने हम (से.) के राष्ट्रीय नेता व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी से मुलाकात की। इसके पहले वाम दलों के नेता राजद, जदयू व कांग्रेस के नेताओं से भी मिल चुके हैं। वाम नेताओं की आज की टीम में भाकपा - माले के राज्य सचिव कुणाल, वरिष्ठ नेता केडी यादव, सीपीआई के राज्य सचिव रामनरेश पांडेय, जानकी पासवान, रामलला सिंह तथा सीपीएम के राज्य सचिव ललन चौधरी व सचिव मंडल के सदस्य अरुण मिश्रा शामिल थे। वाम नेताओं ने कहा कि महागठबंधन के विभिन्न दलों से मुलाकात का कार्य पूरा हो चुका है. आगे बिहार के मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की जाएगी।

मणिपुर हिंसा को रोकने में केंद्र सरकार विफल : राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जदयू ने मणिपुर हिंसा को रोक पाने और दर्जनों लोगों की जान जाने के मामले में बीजेपी को जिम्मेदार ठहराया है। इस मामले में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन, प्रवक्ता हीमराज राम और प्रवक्ता राहुल शर्मा ने मीडिया को जानकारी दी और वर्तमान समस्याओं के बारे मे ऐतिहासिक पक्ष रखे। मीडिया से जानकारी साझा करते हुए राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार की नाकामी के चलते मणिपुर में व्यापक तौर पर हिंसा हुई। राजीव रंजन ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार की नीतियों की विफलता के चलते मणिपुर में हालत बदतर बने हुए हैं। उन्होंने मणिपुर में हिंसा के लिए राज्य और केंद्र सरकार की इंटेलिजेंस का फेल होना बताया। वहीं पार्टी प्रवक्ता राहुल शर्मा ने बीजेपी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मणिपुर हाईकोर्ट के फैसले के विरोध में बीजेपी विधायक का सुप्रीम कोर्ट पहुंचना ये दिखाता है कि बीजेपी हिंदू विरोधी भी है। राहुल शर्मा ने आरोप लगाया कि भारत सरकार के असंवेदनशील रवैये के चलते मणिपुर में इतने बड़े स्तर पर हिंसा हुई। वहीं, मीडिया को संबोधित करते हुए पार्टी प्रवक्ता हीमराज राम ने कहा कि मणिपुर हिंसा के चलते नौ हजार लोगों को विस्थापित कैंपों में भेजना पड़ा है और लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। हीमराज राम ने कहा कि अब लोगों को बीजेपी की मानसिकता को समझना होगा।

कर्नाटक भाजपा नेता के खिलाफ कांग्रेस ने दर्ज करायी प्राथमिकी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में, पार्टी के शीर्ष नेताओं ने कर्नाटक भाजपा नेता मणिकांता राठौड़ के खिलाफ पटना के पाटलीपुत्र थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी एवं शीघ्र उचित कारवाई की मांग की। पार्टी द्वारा बताया गया है कि एक वायरल ओडियो में चित्तापुर विधान सभा से भाजपा प्रत्याशी मणिकांता राठौड अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष एवं सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे को परिवार समेत जान से मारने की धमकी देते सुनाई दे रहे हैं। ओडियो सुनने के बाद डा सिंह अपने वरिष्ठ नेताओं के साथ भाजपा नेता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करवायी। डा सिंह ने कहा कि बिहार के सभी कांग्रेसजन भयभीत हैं उन्हें डर है कि हमारे नेता के साथ कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है क्योंकि भाजपा नेता स्वंय अथवा किसी और से भी इस घटना को अंजाम दिलवा सकते हैं। डा सिंह ने कहा कि भाजपा के राज्य एवं केन्द्रीय नेतृत्व को यह बात पच नहीं रही कि श्री खड़गे एक दलित फैक्ट्री मजदूर के घर में पैदा होकर अखिल भारतीय कांग्रेस की अध्यक्ष के मुकाम तक पहुंच गये। उन्होंने कहा कि दरअसल कर्नाटक के धरती पुत्र खड़गे जी को वहां की जनता से जो अपार स्नेह मिल रहा है उससे भाजपा बौखला गयी है। भाजपा डर रही है कि कर्नाटक विधान सभा चुनाव में कहीं उसका सुपड़ा साफ न हो जाय। डा सिंह ने कहा कि पहले से ही भाजपा के नेता श्री खड़गे जी के बारे में अपमानजनक टिका-टिप्पणी करते रहे हैं। यहां तक कि प्रदेश भाजपा के महासचिव एवं विधायक मदन दिलावर ने पिछले 2 मई को खड़गे साहव की मृत्यु की कामना तक कर डाली। डा0 सिंह ने अफसोस जाहिर की कि इतनी बड़ी बात हो जाने के बाद भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा का शीर्ष नेतृत्व चुप्पी साध रखी है यह शर्मनाक है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह के साथ जाने वालों में कांग्रेस विधायक दल के नेता अजित शर्मा, वरिष्ट कांग्रेस नेता व पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, विधायक विजेन्द्र चैधरी, इंटक के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश सिंह,मीडिया चेयरमैन राजेश राठौड़,आनन्द माधव,राज कुमार राजन, प्रभात कुमार सिंह,ब्रजेश प्रसाद मुनन, संजय पाण्डेय,अजय कुमार चौधरी, ज्ञान रंजन,चुन्नू सिंह,मृणाल अनामय सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेसजन शामिल थे।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में क्यों दर्ज नहीं हुआ बाबू कुंवर सिंह का नाम : जदयू

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

वीर कुंवर सिंह मामले पर जदयू प्रवक्ताओं ने भाजपापर जमकर हमला बोला। सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार के साथ पार्टी प्रवक्ता अजय चौधरी, प्रवक्ता मंजीत सिंह, प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार और महासचिव ओमप्रकाश सिंह सेतु मौजूद थे। इय दौरान प्रवक्ता नीरज कुमार ने शहीद बाबू वीर कुंवर सिंह के मामले पर बीजेपी पर असत्य बोलने का आरोप लगाया। बीजेपी से सवाल पूछते हुए उन्होंने कहा कि जगदीशपुर में झंडा फहराने के मामले में केंद्रीय विभागों का नाम तो छप गया लेकिन बाबू वीर कुंवर सिंह, जिसको लेकर ये सारा कार्यक्रम हुआ उनका नाम आखिर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज क्यों नहीं किया गया। श्री नीरज कुमार ने बीजेपी से सवाल करते हुए कहा कि आखिर बीजेपी ने ऐसा क्यों किया। श्री नीरज कुमार ने बीजेपी पर बाबू वीर कुंवर सिंह के परिजन को केंद्र सरकार की तरफ से पेंशन नहीं देने का आरोप लगाया और कहा कि बीजेपी शासनकाल में स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह के परिजनों को भी पेंशन के लिए भटकना पड़ रहा है। श्री नीरज कुमार ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह के लिए नीतीश कुमार की सरकार ने अनेकों काम किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार स्वतंत्रता सेनानी के परिजन की तीसरी पीढ़ी को क्षैतिज आधार पर दो फीसदी आरक्षण दे रही है जबकि केंद्र सरकार स्वतंत्रता सेनानी की तीसरी पीढ़ी को केंद्रीय सेवाओं में आरक्षण क्यों नहीं दे रही है। केंद्र की बीजेपी सरकार का आरक्षण नहीं देना उनका फर्जी राष्ट्रवाद को दिखाता है। वहीं मंजीत सिंह ने कहा कि पुरखों का अपमान करना भारतीय जनता पार्टी का संस्कार है। उन्होंने कहा कि जिन महापुरुषों ने देश के लिए कुबार्नी दी है जेडीयू उसको कभी भी भूल नहीं सकती। श्री मंजीत सिंह ने बीजेपी पर देश के लिए कुबार्नी देने वाले लोगों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बाबू वीर कुंवर सिंह के 160वें विजयोत्सव को राजकीय समारोह के तौर पर मनाने का काम किया। वहीं जेडीयू प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार सिंह ने बीजेपी नेताओं पर आरोप लगाते हुए कहा कि नीतीश कुमार की तरफ से किए गए काम उन्हें दिखाई नहीं पड़ते हैं।

कर्नाटक में प्रचंड बहुमत से बनेगी बीजेपी की सरकार : मंगल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आगामी 10 मई को कर्नाटक विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किए जाएंगे। इससे पूर्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में रविवार को छह से आठ किलोमीटर लंबा रोड शो किया। इस रोड शो के दौरान सड़कों पर पीएम के प्रशंसकों का हुजूम उमड़ पड़ा व पुष्प वर्षा की। जो इस बात का गवाह है कि बीजेपी कर्नाटक में प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। लोगों ने मन बना लिया है कि पीएम मोदी के विकास व जनकल्याणकारी नीतियों को ही आगे बढ़ाना है, जिसकी देश को जरुरत है। श्री पांडेय ने कहा कि कर्नाटक में जिस प्रकार से जनता का प्यार और आशीर्वाद जनसभाओं में दिखा मतदान के दिन भी वो दिखेगा। वैसे भी कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति को बीजेपी ने भेद दिया। नतीजतन जिस बजरंग दल को वैन करने की बात कांग्रेस ने की। उसी कांग्रेस को ये एलान करना पड़ा की वह सत्ता में आएगी तो बजरंग बली की अनेकों मंदिर कर्नाटक में स्थापित करेगी। ये इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस के चुनावी मेनोफेस्टो को जब जनता ने नकार दिया तो उनकी पार्टी को भी साफतौर पर नकारा जाएगा। श्री पांडेय ने कहा कि जिस प्रकार से बेंगलुरु में पीएम मोदी की रोड शो और जनसभाओं व बेलगामी में गृहमंत्री अमित शाह के रोड शो में जनसैलाब उमड़ा। वह इस बात का गवाह है कि कांग्रेस की देश में विभाजनकारी नीति के खिलाफ जनआक्रोश है। जनता बीजेपी के साथ ही विकास की कल्पना करती है।

लोजपा रा का समग्र दलित सम्मेलन 21 को

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोजपा रा के राष्ट्रीय महासचिव डॉ सत्यानंद शर्मा, अनुसूचित जाति/ जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष परशुराम पासवान, युवा लोजपा-(रा) के राष्ट्रीय महासचिव अनिल कुमार पासवान ने कहा कि प्रदेश में लगातार दलितों की हत्या की जा रही है। बलात्कार सामुहिक बलात्कार जैसी घटनाओं के शिकार सबसे ज्यादा दलितों को बनाया गया है। कोई फरियाद सुनने वाला नही है। दलितों को 4 डिसमिल जमीन देने की घोषणा फर्जी है। इसलिए लोजपा रा के अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के द्वारा 21 मई को पटना के श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल में समग्र दलित सम्मेलन करेंगी। उसी दिन लोजपा रा राज्यव्यापी दलित आंदोलन की घोषणा करेंगी। समारोह की अध्यक्षता अनुसूचित जाति/जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष डॉ. बृजनंदन चौधरी ने किया और संचालन अनुसूचित जाति/ जनजाति के प्रदेश महासचिव केदार पासवान ने किया। समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय महासचिव मनोज कुमार,एससी/एसटी के प्रदेश महासचिव जितेन्द्र पासवान, अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मनोज चंद्रवंशी, एससी/एसटी प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव आशा देवी ने सम्बोधित किया। उक्त आशय की जानकारी अनुसूचित जाति/जनजाति के प्रदेश मीडिया प्रभारी राजीव कुमार ने दिया।

सक्षम कार्यक्रम : तेल एवं गैस के संरक्षण पर दिया गया विशेष जोर

- तेल एवं गैस संरक्षण क्षमता महोत्सव का हुआ समापन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

तेल एवं गैस संरक्षण क्षमता महोत्सव का समापन कार्यक्रम रविवार को पटना के अधिवेशन भवन में हुआ। विकास आयुक्त ववेक कुमार सिंह ने समापन समारोह का दीप जलाकर शुभारंभ किया। विकास आयुक्त ने भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ्ने वाली अर्थव्यवस्थाओं मैं से एक बताया । जिसकी वजह से भारत में गैस की मांग तेजी से बढ़ रही है और भारत विश्व में तेल की खपत करने वाला तीसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। उन्होंने कहा की हम जितने तेल एवं गैस का बचत करेंगे उतना ही कम पेट्रोलियम का आयात करना पड़ेगा। और इस धन का उपयोग विकास,संरचना विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के लिए कर सकेंगे। उन्होंने तेल एवं गैस के संरक्षण के लिये आर्थिक,सामाजिक और वातावरण को ध्यान में रखकर उनका समुचित इस्तेमाल करने को कहा। उन्होंने ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक परिवाहन के इस्तेमाल पर जोर दिया। इस मौके पर कार्यकारी निदेशक इंडियन आयल कारपोरेशन के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य स्तरीय सयोजक संजीव कुमार चौधरी ने कहा की पेट्रोलियम के भंडार सीमित हैं और हमारे देश में पेट्रोलियम पदार्थो की वार्षिक खपत का 14.0 प्रतिशत ही उत्पादन होता है। इसलिए लिए सरकार को हर साल कई बिलियन डॉलर पेट्रोलियम उत्पाद को खरीदने के लिए खर्च करना पड़ता है। इसके अलावा उन्होंने बिहार में हर साल होने वाले पेट्रोलियम पदार्थो के खपत के बारे में भी बताया । कार्यक्रम में पेंटिंग प्रतियोगता , वाद विवाद प्रतियोगता का आयोजन : कई सक्षम23 के समापन कार्यक्रम में सार्वजनिक क्षेत्र की उपक्रम तेल कंपनियों, स्कूल और कॉलेजों के शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे । इस कार्यक्रम में 500 लोगो ने भाग ले कर कार्यक्रम को सफल बनाया । सक्षम23 के अंतर्गत स्कूलों में ऊर्जा संरक्षण के विषय पर पेंटिंग प्रतियोगता, वाद विवाद प्रतियोगता का आयोजन किया गया । पटना और अन्य जिलों में साइकिल रैली के माध्यम से ऊर्जा संरक्षण का सन्देश दिया गया । सीएनजी रैली से हरित और स्वच्छ ऊर्जा का उपयोग का सन्देश लोगों तक पहुंचाया गया । अलग-अलग शहरो में एलपीजी पंचायत और सुरक्षा क्लिनिक का आयोजन किया गया । ट्रक ड्राइवर को ईधन बचत की ट्रेनिंग दी गयी । डिलीवरी बॉयज की भी ट्रेनिंग का आयोजन किया गया । सक्षम कैपेन वाहन ने अलग- अलग शहरो में घूम कर ऊर्जा संरक्षण का सन्देश लोगो तक पहुंचाया ।

कुश्ती संघ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग पर माले का प्रदर्शन

- आइसा-आरवाइए और ऐपवा के आह्वान पर पूरे प्रदेश में हुआ प्रतिवाद
- कारगिल चौक पर कैंडल मार्च, वीमेंस कॉलेज के सामने आइसा ने किया प्रदर्शन

पटना। कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद यौन उत्पीड़क बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ्तारी की मांग पर सोमवारा को आइसा-आरवाइए व ऐपवा के संयुक्त आह्वान पर पूरे राज्य में प्रतिवाद कार्यक्रम आयोजित किए गएद्ध पटना के कारगिल चौक पर कैंडल जला कर महिला पहलवानों के समर्थन में एकजुटता जाहिर किया गया. बिहार के दर्जनों जिलों में प्रतिवाद हुआ। मुख्य रूप से दरभंगा, सहरसा, बेगूसराय, पटना ग्रामीण के बिहटा, पुनपुन, मोतिहारी, बेतिया, आरा, सिवान आदि जिला केंद्रों पर प्रतिवाद दर्ज किए गए। पटना के कारगिल चौक पर आयोजित प्रतिवाद सभा को संबोधित करते हुए ऐपवा की महासचिव मीना तिवारी ने कहा कि ओलंपिक मेडल लाकर देश का मान ऊंचा करने वाली विनेश फोगाट, साक्षी मलिक आदि ने यौन उत्पीड़क कुश्ती संघ के अध्यक्ष व भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह व कोच पर कार्रवाई की मांग पर लगातार धरना दे रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि बृज भूषण को न तो कुश्ती संघ के अध्यक्ष पद से हटाया गया है और न भाजपा से. बेटी पढ़ाओ का नारा देने वाले प्रधान मंत्री, मंत्री अनुराग ठाकुमर चुप्पी साधे बैठे हैं। ऐपवा की राज्य सचिव शशि यादव ने कहा कि हद तो यह है कि महिला पहलवानों का हालचाल जानने आईं दिल्ली राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को पुलिस घसीटकर थाने ले गई और धरनास्थल पर मौजूद पत्रकार साक्षी जोशी के कपड़े फाड़े और उन्हें भी थाने ले गई। आइसा के राज्य सह सचिव कुमार दिव्यम ने कहा कि आज देश के सामने भाजपा का स्त्री विरोधी मनुवादी चेहरा खुल कर सामने आ गया है। दुनियाभर में देश का नाम रौशन करने वाली बेटियाँ न्याय के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर बैठी हैं और ये भाजपा सरकार पुलिसिया दमन करवा कर न्याय का गला घोंट देना चाह रही है। बेटियों के न्याय के लिए हम पूरे देश को जंतर-मंतर में तब्दील कर देंगे। एफआईआर के बाद भी कुश्ती संघ के अध्यक्ष की गिरफ्तारी नहीं होना न्याय व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़ा करता है। भाजपा खुलेआम नियम-कानून की धज्जियाँ उड़ा रही है।

विवादित बयानबाजी कतई उचित नहीं : चिराग

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने राज्य सरकार पर हमला बोला है। शनिवार को पटना हवाई अड्डे पर पत्रकारों से मुखातिब श्री चिराग ने कहा कि सरकार में अगर हिम्मत है, तो प्रदेश में बजरंग दल पर बैन लगाकर दिखाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी संगठन को सिर्फ राजनीतिक लाभ के लिए, उसके नाम को इस्तेमाल करने के लिए, इस तरह का बयानबाजी करना बिल्कुल गलत है। श्री चिराग ने कहा कि जदयू बताए कि वह किस घटना के आधार पर बजरंग दल को बैन करने की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महज एक राजनीतिक लाभ लेने के लिए विपक्ष कर्नाटक में विरोध कर रहा है, तो बाकी के भी विरोधी दल बहती गंगा में हाथ धोना चाहते हैं। इसके आलावा इनके पास कोई ठोस वजह नहीं है। बागेश्वर सरकार धिरेन्द्र शास्त्री मामले पर लेकर श्री चिराग ने कहा कि उन्हें समझ नहीं आता है कि सरकार को ज्वलंत समस्याएं दिखती हैं कि नहीं दिखती हैं, या ये लोग देखना नहीं चाहते हैं। बार-बार लोगों की आस्था, लोगों के विश्वास का मजाक उड़ाना और उस पर बयानबाजी करना, मैं तो कई बार कह चुका हूं कि यह व्यक्तिगत आस्था का विषय है। कौन किस चीज में आस्था रखता है कोई तीसरा व्यक्ति उसको निर्धारित करने वाला कोई नहीं हो सकता है। मुख्यमंत्री द्वारा के विरोधी दलों को एकजुट करने के संबंध में चिराग ने कहा कि वे बिहार के लोगों को कभी दलित महादलित, पिछड़े अति पिछड़े, हिंदू मुस्लिम यहां तक कि महिला पुरुष में बांटते रहे और अब एकजुट करने की बात करते हैं।

पटना-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का देवलाली स्टेशन पर अतिरिक्त ठहराव

पटना। यात्रियों की सुविधा हेतु रांची और सासाराम के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 18635/18636 रांची-सासाराम-रांची एक्सप्रेस का 12 मई से पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के हैदरनगर और उंटारी रोड स्टेशन पर तथा 13202/13201 पटना-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस का 06 मई से कल्याण और नासिक रोड के मध्य देवलाली स्टेशन पर प्रायोगिक तौर पर छः माह के लिए ठहराव दिया जा रहा है । दिनांक 06 मई से लोकमान्य तिलक टर्मिनस से खुलने वाली 13202 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-पटना एक्सप्रेस 17.59 बजे देवलाली स्टेशन पहुंचेगी तथा 18.00 बजे प्रस्थान करेगी । दिनांक 06 मई से पटना से खुलने वाली 13201 पटना-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस 05.44 बजे देवलाली पहुंचकर 05.45 बजे प्रस्थान करेगी । इसी तरह 12 मई से रांची से खुलने वाली 18635 रांची-सासाराम एक्सप्रेस 22.18 बजे उंटारी रोड पहुंचकर 22.20 बजे प्रस्थान करेगी । तत्पश्चात यह ट्रेन 22.35 बजे हैदरनगर पहुंचेगी तथा यहां से 22.37 बजे प्रस्थान करेगी । वापसी में सासाराम से खुलने वाली 18636 सासाराम-रांची एक्सप्रेस 04.46 बजे हैदरनगर पहुंचकर 04.48 बजे प्रस्थान करेगी । जबकि उंटारी रोड में यह ट्रेन 05.10 बजे पहुंचेगी तथा 02 मिनट बाद 05.12 बजे यहां से प्रस्थान करेगी । उक्त जानकारी पूर्व मध्य रेल के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने दी है।

जिलाधिकारी ने पंचायत उप निर्वाचन 2023 की तैयारियों की समीक्षा की

स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : डीएम

- 25 को मतदान एवं 27 मई को मतगणना

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) सह जिला पदाधिकारी पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त एवं सहभागितापूर्ण वातावरण में पंचायत उप चुनाव सम्पन्न कराने के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है। वे आज उप चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। डीएम डॉ. सिंह ने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराएं। निर्वाचन में संलग्न सभी कर्मियों को विधिवत प्रशिक्षण दें। मतदान प्रबंधन, ईवीएम की हैन्ड्स-ऑन ट्रेनिंग, मतगणना, आदर्श आचार संहिता सहित सभी पहलुओं की विस्तृत जानकारी दें। विधि-व्यवस्था संधारण के प्रति मुस्तैद रहें। उत्कृष्ट कॉम्युनिकेशन प्लान का क्रियान्वयन करें। उप चुनाव हेतु गठित किए गए सभी 9 कोषांगों के वरीय पदाधिकारी एवं नोडल पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर चुनाव को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराएं। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुसार सभी तैयारी समयबद्ध ढ़ंग से की जा रही है। अभी नामांकन प्रक्रिया चल रही है जो 9 मई तक चलेगा। 10 से 12 मई तक संवीक्षा, 15 मई को अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि है। 25 मई को मतदान एवं 27 मई को मतगणना कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी सजग एवं तत्पर है।

डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि पंचायत उप निर्वाचन, 2023 के दौरान मतदान के दिन मतदाताओं की पहचान सुनिश्चित करने के लिए बिहार पंचायत निर्वाचन नियमावली, 2006 के नियम 60 में मतदाताओं की पहचान से संबंधित प्रावधानों का उल्लेख किया गया है। राज्य निर्वाचन आयोग के निदेशों के अनुसार मतदान के दिन मतदाताओं की पहचान हेतु प्राथमिक दस्तावेज के रूप में निर्वाचक फोटो पहचान पत्र को आधार माना जाएगा। 16 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज अपनी पहचान स्थापित करने हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि पहचान हेतु दस्तावेज की फोटो कॉपी प्रस्तुत करने पर उसे पीठासीन पदाधिकारी द्वारा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। यह स्पष्ट किया जाता है कि ऊपर अंकित दस्तावेजों में अगर कोई दस्तावेज परिवार के मुखिया के नाम से हो, उसे भी परिवार के अन्य सदस्यों की पहचान के लिए स्वीकार किया जाएगा, बशर्ते कि सभी साथ आएं एवं उस दस्तावेज के आधार पर उनकी पहचान करना सभंव हो। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि पीठासीन पदाधिकारियों द्वारा निर्वाचक पहचान पत्र में निर्वाचक के नाम, पिता/माता/पति का नाम, लिंग, आयु या पता से संबंधित प्रविष्टियों में मामूली अथवा साधारण विसंगतियों को नजर अंदाज कर निर्वाचकों को मत देने की अनुमति दी जानी चाहिए, जबतक कि उस पहचान पत्र से निर्वाचक की पहचान स्थापित होती है। आयोग के इस निर्णय से पंचायत उप निर्वाचन से संबंधित सभी पदाधिकारियों को भलीभाँति अवगत करा दिया गया है। इस बात को स्पष्ट किया गया है कि जिनको निर्वाचक फोटो पहचान पत्र निर्गत किये गये हैं, वे अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र साथ लायें तथा जिन्हें निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी नहीं किये गये हैं, वे आयोग द्वारा निर्धारित वैकल्पिक दस्तावेजों में से कोई एक मूल दस्तावेज मतदान के समय अनिवार्यतः अपने साथ लायें अन्यथा मतदान करने से उन्हें वंचित कर दिया जाएगा।

16 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा

मतदाताओं को 16 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज अपनी पहचान स्थापित करने हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। आधार कार्ड, फोटोयुक्त पेन्शन दस्तावेज जैसे कि भूतपूर्व सैनिक पेन्शन बुक/पेन्शन अदायगी आदेश/भूतपूर्व, सैनिक की विधवा/आश्रित प्रमाण-पत्र/वृद्धावस्था पेन्शन आदेश/विधवा पेन्शन आदेश, श्रम मन्त्रालय योजना अन्तर्गत जारी फोटोयुक्त स्वास्थ्य बीमा योजना स्मार्ट कार्ड; एमएनआरईजीएस. (मनरेगा) राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना के अधीन जारी फोटोयुक्त जॉब कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) के अन्तर्गत भारत के महापंजीयक (आरजीआई) द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, बैंको/डाकघरों द्वारा जारी की गयी फोटोयुक्त पासबुक; आयकर पहचान पत्र (पैन कार्ड); राज्य/केन्द्र सरकार के कार्यालय, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय निकाय या पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा उनके कर्मचारियों को जारी किये जाने वाले फोटोयुक्त सेवा पहचान-पत्र; ड्राईविंग लाईसेंस; सांसदों/विधायकों/पार्षदों को जारी किये गये आधिकारिक पहचान पत्र; फोटोयुक्त स्वतंत्रता सेनानी पहचान पत्र; सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फोटोयुक्त शारीरिक विकलांगता प्रमाण-पत्र; फोटो

संक्षिप्त खबरें

बाइक की ठोकर से अधेड़ हुआ जख्मी

कल्याणपुर, समस्तीपुर। कल्याणपुर थाना क्षेत्र के कल्याणपुर चौक के समीप सोमवार की सुबह बाइक की ठोकर से पैदल जा रहा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने पीएचसी में भर्ती कराया। पीएचसी प्रभारी ने घायल की गंभीर स्थिति को देखते हुए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया। घायल व्यक्ति की पहचान सेदी गांव निवासी स्वर्गीय दरोगी राय के 65 वर्षीय पुत्र बटोही राय के रूप में हुई है। वहीं थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि घायल के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कार से 523 बोतल शराब बरामद, कारोबारी फरार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के समस्तीपुर रोसड़ा मुख्य पथ के बेलसंडी तारा वार्ड 14 हनुमान मंदिर के निकट से पुलिस ने एक कार से 18 कार्टन में 523 बोतल विदेशी शराब बरामद किया। वहीं ड्राइवर एवं एक अन्य व्यक्ति कार छोड़कर भागने में सफल रहा। पुलिस शराब एवं कार को जब्त कर लिया है। वहीं पुअनि उपेंद्र प्रसाद सिंह के बयान पर वाहन मालिक एवं ड्राइवर को नामजद तथा दो अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

अलग-अलग सड़क हादसे एवं मारपीट की घटना में आधा दर्जन से अधिक जख्मी, सीएचसी में भर्ती

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों पर मारपीट एवं सड़क हादसे में आधे दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए। सभी जख्मी को इलाज के लिए विभूतिपुर सीएससी में भर्ती कराया गया है। बताया गया कि खोकसाहा व देशरी पथ पर खोकसाहा से आगे महुआ गाछ के निकट बाइक की आमने-सामने की टक्कर में आलमपुर निवासी सोनू कुमार, रोसड़ा निवासी आरती कुमारी एवं हरपुर रोसड़ा निवासी गुड्डू कुमार जख्मी हो गए। वहीं मारपीट की घटना में कापन निवासी दीपक दास, देशरी कर्रख निवासी रामयाद मुखिया एवं उनके पुत्र कृष्णा कुमार तथा घटो मुखिया, सिंघिया घाट निवासी रौशन कुमार तथा सड़क दुर्घटना में हरपुर बोचहा निवासी गुड्डूकुमार घायल हो गए। सभी को इलाज के लिए विभूतिपुर सीएससी में भर्ती कराया गया।

उप चुनाव में पांच अभ्यर्थियों ने किया नामांकन

कल्याणपुर, समस्तीपुर। सोमनाहा पंचायत के उप चुनाव को लेकर प्रखंड मुख्यालय कल्याणपुर में निर्वाचन कोषांग में सोमवार को पंचायत उप चुनाव को लेकर मुखिया पद के लिए प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी धर्मवीर कुमार प्रभाकर ने बताया कि मुखिया पद के उपचुनाव को लेकर महेश कुमार राय, संदीप कुमार महतो, मनोज कुमार सिंह, विजय कुमार, पूर्व मुखिया राधा कुमारी ने नामांकन दाखिल किया। मौके पर निर्वाचन कोषांग के विभिन्न कर्मी मौजूद थे।

भाई की गुमशुदगी को लेकर थाने से लगायी मदद की गुहार

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर थाना क्षेत्र के भुसवर बसौना वार्ड 15 निवासी स्वर्गीय रामविलास महतो के पुत्र अर्जुन कुमार ने अपने बड़े भाई रामकुमार 45 वर्ष को गुमशुदा को लेकर थाने से मदद की गुहार लगाई है। पीड़ित ने बताया कि मेरे भाई मानसिक एवं शारीरिक रोग से पीड़ित है। वे चार मई को रात्रि में घर छोड़कर कहीं निकल गया। अपने स्तर से काफी खोजबीन किया लेकिन कहीं पता नहीं चला।

हथौड़ी पुलिस ने अलग-अलग जगहों से तीन शराबी को किया गिरफ्तार

शिवाजीनगर, समस्तीपुर। शिवाजीनगर अंतर्गत हथौड़ी थाना क्षेत्र में संध्या गश्ती के दौरान पुलिस ने अलग-अलग जगह से तीन नशेड़ी को गिरफ्तार किया है। हथौडी.थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह ने बताया कि संध्या गश्ती के दौरान अलग-अलग जगह से तीन तारी सेवन करने के आरोप में भटोरा मठ से दिनेश्वर मंडल के पुत्र प्रभास मंडल, दूसरे जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के दामोदरपुर निवासी बनारसी चौधरी के पुत्र संजय कुमार चौधरी एवं पुनमा धरमपुर निवासी शिव दास के पुत्र सुलिंद दास को गिरफ्तार किया है। उनके ऊपर मामला दर्ज करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मौके पर थानाध्यक्ष विशाल कुमार सिंह, एसआई राजेंद्र सिंह, कुंदन पासवान, सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

मोटरसाइकिल लूटकांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, हथियार और लूट के सामान के साथ सात अपराधी गिरफ्तार

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर मोटरसाइकिल लूट कांड का सफल उद्भेदन करते हुए पुलिस अधीक्षक विनय कुमार तिवारी ने रोसड़ा में बताया कि विभूतिपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर स्थित सुनसान सड़क पर 10 अप्रैल की रात्रि अज्ञात अपराधियों द्वारा पिस्तौल का भय दिखाकर मोटरसाइकिल, मोबाइल एवं अन्य सामग्री लूटपाट की घटना का अंजाम दिया गया था। मामले को लेकर पीड़ित द्वारा घटना से संबंधित प्रतिवेदन थाने को दिया गया था। घटना की त्वरित उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया। जिसमें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शिवम कुमार, विभूतिपुर थाना अध्यक्ष संदीप कुमार पाल, राजेश कुमार सिंह, दिनेश कुमार सिंह, मनोज कुमार एवं डीआईयू शाखा के सिपाही अरविंद कुमार को शामिल किया गया। टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान के आधार पर लूटी गई मोबाइल एवं मोटरसाइकिल के चेचिस पार्ट पुर्जा को बरामद करते हुए सात अपराधियों को गिरफ्तार किया। जिसमें खानपुर मुर्गियां चौक वार्ड एक के ओम प्रकाश, खोकसाहा वार्ड 14 के सौरभ कुमार उर्फ एलियन, नितीश कुमार, खोकसाहा वार्ड 15 के नंदन कुमार, राहुल कुमार उर्फ पंजाबी, नरहन के आदर्श पराशर एवं गैराज संचालक बेगूसराय जिला के खोदावंदपुर निवासी विपिन ठाकुर को गिरफ्तार किया गया है। वहीं खानपुर मुर्गियाचक वार्ड दो निवासी कुंदन कुमार आत्मसमर्पण किया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से लूटी गई मोटरसाइकिल का चेचिस, साइलेंसर एवं अन्य पार्ट-पुर्जा, लूटी गई पैड मोबाइल, एक देसी कट्टा, आठ एमएम की गोली, घटना में प्रयुक्त होंडा शाइन एसपी मोटरसाइकिल तथा पांच एंड्रॉयड फोन बरामद की गई।

जिले के प्रभारी मंत्री ने हरी झंडी दिखाकर बाल श्रम उन्मूलन जागरूकता रथ को किया रवाना

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

श्रम संसाधन विभाग के निर्देश पर बाल श्रम उन्मूलन दिवस (30 अप्रैल) से शुरू होकर विश्व बाल श्रम निषेध दिवस (12 जून) तक बाल श्रम के विरूद्ध आम जनमानस के बीच जागरूकता एवं समाज के प्रत्येक वर्ग को बाल श्रम के विरूद्ध सजगता के लिये जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके प्रचार-प्रसार की शुरूआत कलेक्ट्रेट परिसर में सोमवार को प्रभारी मंत्री समस्तीपुर सह ग्रामीण विकास विभाग मंत्री श्रवण कुमार एवं राज्यसभा सांसद रामनाथ ठाकुर, उपविकास आयुक्त अखिलेश कुमार सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी दीपक कुमार, श्रम अधीक्षक नेहा आर्य, सभी श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी तथा विभिन्न ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधि भी मौजूद थे। बताया गया कि प्रचार प्रसार के क्रम में सभी प्रखंड मुख्यालय एवं अनुमंडल मुख्यालय में बाल श्रम विमुक्ति हेतु सघन निरीक्षण कार्यक्रम धावादल के माध्यम से किया जायेगा एवं सभी नियोजकों से बाल श्रमिक को नियोजित नहीं करने संबंधी शपथ पत्र भरवाया जायेगा। साथ ही राज्य कार्य योजना 2017 के अन्तर्गत प्रावधानित जिला टास्क फोर्स, प्रखंड स्तरीय टास्क फोर्स एवं ग्राम पंचायत स्तरीय टास्क फोर्स की बैठकों के माध्यम से विभिन्न हितधारकों व जनप्रतिनिधियों को बाल श्रम उन्मूलन हेतु जागरूक किया जायेगा।

माइक्रो फाइनेंस कर्मी से हुई छिनतई की घटना का हुआ उद्भेदन, मोबाइल बरामद

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर एसपी विनय तिवारी के निर्देश पर गठित एसआईटी ने जिले के बिथान थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमा बेलबारी में बीते 21 मार्च को माइक्रो फाइनेंस कर्मी से हुई छिनतई की घटना का उद्भेदन कर दिया। सोमवार को रोसड़ा डीएसपी शिवम कुमार के द्वारा प्रेस वार्ता के माध्यम से इसकी जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि घटना के सफल उद्भेदन एवं इसमें संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर समस्तीपुर पुलिस अधीक्षक विनय तिवारी के निर्देश पर उनके नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया गया था। जिसके बाद से ही एसआईटी आसूचना संकलन और तकनीकी अनुसंधान के कार्य में जुटी हुई थी। उन्होंने बताया कि एसआईटी ने उसी आधार पर छापेमारी करते हुए एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से छिनतई की हुई मोबाइल को भी बरामद किया है। गिरफ्तार अपराधी की पहचान जिले के खानपुर थाना क्षेत्र के गुदारघाट निवासी दिलीप कुमार राम के पुत्र ओम प्रकाश के रूप में हुई है। पुलिस के द्वारा की गई विस्तृत पूछताछ में उसने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अपने अन्य सहयोगी अपराधियों के बारे में भी पुलिस को बताया है, जिसकी शिनाख्त पुलिस के द्वारा कर ली गई है। जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस के द्वारा छापेमारी की जा रही है और उन्हें भी जल्द ही पुलिस के द्वारा गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस के अनुसार ओमप्रकाश का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है और उसके ऊपर पूर्व से ही जिले के विभिन्न थानों में कई मामले दर्ज हैं। पुलिस की छापेमारी टीम में बिथान थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई घनश्याम पासवान, डीआईयू शाखा के एसआई अनिल कुमार, एएसआई कैलाश राम एवं डीआईयू शाखा के सिपाही अमर कुमार शामिल थे।

खेलो इंडिया के तहत एक्रीडिटेशन ऑफ एकेडमी केंद्र का पंजीकरण की तिथि बढ़ी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जब तक कोई खेल संस्थान आगे नहीं बढ़ेंगे तो कैसे खेलेगा समस्तीपुर तो बढ़ेगा समस्तीपुर का स्लोगन सही साबित होगा। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना खेलो इंडिया के अंतर्गत जिले में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने वाले उच्च स्तरीय प्रशिक्षण केंद्र के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के निमित जिले में संचालित खेल प्रशिक्षण केंद्रों को एक्रीडिटेशन ऑफ एकेडमी केंद्र की स्थापना की जानी है। लेकिन अब तक जिले भर से एक भी खेल प्रशिक्षण केंद्र के लिए कोई विहित प्रपत्र जिला खेल कार्यालय में जमा नहीं किए है। जिला खेल पदाधिकारी आकाश ने बताया कि सरकार खेल के विकास के लिए समय-समय पर बेहतर कदम उठाती रहती है इसी संदर्भ में भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना खेलो इंडिया के अंतर्गत जिले में खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देने के लिए प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना करनी है जिसके लिए समस्तीपुर खेल विभाग द्वारा गत वर्ष 26 नवंबर को एवं इसी वर्ष 17 अप्रैल को पंजीकरण हेतु तिथि निर्धारित की गई थी। उन्होंने बताया कि पुनः सोमवार को एक बार फिर तिथि निर्धारित की गई है अब 27 मई तक कोई भी मान्यता प्राप्त करने वाली संस्था आवेदन कर सकती है। अब यह अंतिम अवसर होगा इसके बाद कोई भी किसी का निर्धारण नहीं किया जाएगा और इसकी सूचना विभाग को दे दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण के लिए मान्यता प्राप्त संस्था को भारत सरकार द्वारा कई मापदंड निर्धारित किए गए जिसके अंतर्गत यह प्रशिक्षण केंद्र आवासीय अथवा गैर आवासीय हो। केंद्र सरकारी अथवा गैर सरकारी हो। प्रशिक्षण केंद्र में खिलाड़ियों को पिछले 5 वर्षों से नियमित रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा हो। एवं खिलाड़ियों के लिए शिक्षा की समुचित व्यवस्था हो तथा प्रशिक्षण केंद्र का निबंधन खेलो इंडिया के ऑफिशल वेबसाइट पर होना अनिवार्य है। इसके अलावा खिलाड़ियों के प्रशिक्षण हेतु बेहतर प्रशिक्षक एवं अन्य स्टाफ हो। प्रशिक्षण केंद्र में खेल विज्ञान सहायता से संबंधित सूचना संलग्न होनी चाहिए। तथा प्रशिक्षण केंद्र में खिलाड़ियों को दी जाने वाली सुविधा यथा चिकित्सा, जिम, स्विमिंग पूल इत्यादि की व्यवस्था हो। एवं प्रशिक्षण केंद्र में जूनियर एवं सीनियर खिलाड़ियों में राष्ट्रीय से लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक की कोई भी उपलब्धि होनी चाहिए आदि। सहित अन्य 10 मापदंडों को पूरा करता हो। ऐसे इच्छुक संस्थान भारत सरकार द्वारा जारी विहित प्रपत्र में तैयार कर 27 मई तक जिला खेल कार्यालय में जमा करेंगे विहित प्रपत्र प्रत्येक कार्य दिवस में जिला खेल कार्यालय पटेल मैदान से निशुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

बोलेरो और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में एक ही परिवार के 9 जख्मी

मोरवा, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के बंगरा थाना क्षेत्र के एनएच-28 रजवा गांव के पास सोमवार की अहले सुबह बोलेरो और ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में करीब आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। जिसमें चार की हालत गंभीर बताई जा रही थी। घटना के संबंध में बताया गया है कि सभी बोलेरो से वैशाली जिले से देवघर (बाबाधाम) जा रहे थे। ताजपुर के बंगरा थाना एनएच-28 रजवा गांव के पास बोलेरो और भूसा लदे ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। जिसमें नौ लोग घायल हो गए। वहीं बताया गया कि दो की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें पीएमसीएच पटना रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायलों की पहचान धर्मशिला देवी, शशिकांत तिवारी, राजीव ठाकुर, नाई संजीत ठाकुर और उपेंद्र तिवारी के रूप में बताई गई है। वहीं, पिंकी देवी, आशा देवी, बिंदु देवी और प्रेमशिला देवी को हल्की चोटें आई हैं। जिनका उपचार समस्तीपुर सदर अस्पताल में कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार वैशाली वार्ड संख्या 15 ब्राह्मण टोल निवासी शशिकांत तिवारी अपने बच्चे का मुंडन संस्कार के लिए परिवार के साथ बोलेरो से देवघर जा रहे थे। इसी दौरान सोमवार की सुबह रजवा लाइन होटल के पास ताजपुर की ओर से आ रही भूसा लदी हुई ट्रक से बोलरो की आमने -सामने की टक्कर हो गई।

पटोरी में उत्पाद विभाग की टीम पर हमला कर हिरासत में लिए गए लोगों को छुड़ाया

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के पटोरी थाना क्षेत्र के शिउरा रोड चंदन चौक के पास रविवार की रात शादी समारोह से कुछ लोगों को उठाने के विरोध में ग्रामीणों ने उत्पाद विभाग की टीम पर हमला बोल दिया और गिरफ्तार किए गए आरोपी को छुरा ले गए। इस दौरान वहां से गुजर रहे राहगीरों ने हमले का वीडियो भी बना लिया, जो कुछ देर बाद ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। घटना के संबंध में बताया गया कि पटोरी थाना क्षेत्र के शिउरा चंदन चौक के पास आयोजित शादी समारोह से उत्पाद विभाग की टीम के द्वारा शराब सेवन की शंका के आधार पर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर अपने साथ ले जाया जाने लगा। जिसके बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने उत्पाद विभाग की गाड़ी को घेरकर लाठी-डंडे और पत्थर से हमला बोल दिया। जिसमें उत्पाद विभाग की स्कॉर्पियो गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने उत्पाद विभाग के द्वारा हिरासत में लिए गए लोगों को जबरन छुड़ा लिया। इस बाबत उत्पाद अधीक्षक शैलेंद्र कुमार चौधरी ने बताया कि पटोरी क्षेत्र में उत्पाद विभाग की टीम छापेमारी करने पहुंची थी। उसने शराब पीने की शंका पर कुछ लोगों को हिरासत में लिया था। ग्रामीणों के द्वारा टीम पर हमला कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया और हिरासत में लिए गए लोगों को छुड़ा लिया गया।

साप्ताहिक बैठक में एजेंडावार समीक्षा कर उप विकास आयुक्त ने दिए कई निर्देश

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी उप विकास आयुक्त विशाल राज की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्तरीय सभी विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ विभिन्न कार्यालय गतिविधियों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त द्वारा जिला नीलाम पत्र शाखा, जिला सामान्य शाखा जिला लोक शिकायत निवारण कोषांग समाधान यात्रा में प्राप्त आवेदन सी पी ग्राम जानता के दरबार में जिलाधिकारी एवं जनता के दरबार में मुख्यमंत्री जिला प्रोग्राम शाखा आईसीडीएस जिला बैंकिंग कोषांग जिला आपदा प्रबंधन शाखा जिला विधि शाखा जिला स्थापना शाखा जिला लोक सूचना कोषांग से संबंधित मामलों की बारी बारी समीक्षा की गई। इस दौरान सभी शाखाओं की प्रमुख गतिविधियों के साथ साथ एमजेसी सीएमजेसी एलपीए मानवाधिकार सिपिग्राम आदि से संबंधित मामलों की व्यापक समीक्षा की गई। उक्त विषयों की समीक्षा करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि मामलों को लंबित बनाए रखना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कर्म पुस्तिका की नियमित जांच आवश्यक है। नीलाम पत्र वाद के समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने निष्पादन की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए ससमय निष्पादन का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि नीलाम पत्र से संबंधित वादों के निष्पादन में तेजी लाने के लिए सभी लंबित वादों को रोटेशन मे ले ताकि सभी वादों की सुनवाई प्रत्येक 15 दिनों में कम से कम एक बार अवश्य हो जाए। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी सप्ताह में कम से कम एक मामले का अनिवार्य रूप से निष्पादन करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी नीलाम पत्र पर अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जितने मामलों में बॉडी वारंट निर्गत किया जा चुका है उसकी सूचना प्रभारी पदाधिकारी जिला निलाम पत्र शाखा मधुबनी को अवश्य उपलब्ध कराएं ताकि इस पर अग्रेतर करवाई सुनिश्चित किया जा सके। सेवांत लाभ की समीक्षा के क्रम में उप विकास आयुक्त ने निर्देश दिया कि सभी नियंत्री अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सेवा निर्मित होने वाले कर्मियों से 6 माह पूर्व ही भुगतान संबंधी प्रपत्र अथवा प्रस्ताव स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकार को भेजना सुनिश्चित करेंगे ताकि सेवानिवृति के समय ही उन्हें देय भुगतान किया जा सके ।उन्होंने कहा कि सेवांत लाभ के मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। उप विकास आयुक्त ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए हर हाल में उसका समय निष्पादन करना सुनिश्चित करें।उक्त बैठक में अपर समाहर्ता, नरेश झा, नगर आयुक्त अनिल चौधरी,डीपीआरओ परिमल कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, अमेत विक्रम बैनामी, निदेशक डीआरडीए, किशोर कुमार, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, शैलेंद्र कुमार, प्रभारी पदाधिकारी, जिला विधि शाखा, मयंक सिंह, एडीएसएस, आशीष प्रकाश अमन, कार्यपालक अभियंता विद्युत, मो अरमान, अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, आर के सिंह, जिला योजना पदाधिकारी, विनोद कुमार सिंह, डीपीएम जीविका, वसीम अंसारी सहित सभी वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

अस्पताल में जन्मदिन मनाए जाने के कारण चिकित्सा कार्य रहा बाधित, मांगा गया स्पष्टीकरण

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक रंजीत कुमार प्रसाद द्वारा 10 अप्रैल 2023 को जन्मदिन पार्टी अस्पताल के ऊपरी तल्ले स्थित सभागार में मनाया गया। जिसमें स्वास्थ्य केंद्र के सभी कर्मी उपस्थित रहे। जन्मदिन पार्टी 3:00 बजे संध्या से लेकर लगभग 7:30 बजे तक चली। जिसके कारण चिकित्सा कार्य बाधित रहा। इस बीच स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती एवं उपचार के लिए आए नए मरीजों का उपचार नहीं हो पाया। मामले को लेकर सिविल सर्जन सह सदस्य सचिव जिला स्वास्थ्य समिति समस्तीपुर ने अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी गैर संचारी रोग एवं संचारी रोग समस्तीपुर को जांच दल के रूप में नामित करते हुए मामले की जांच कर दो दिनों के अंदर जांच प्रतिवेदन कार्यालय को समर्पित करने का निर्देश जारी किया है।

मिशन 24 के तहत भाजपा ने बूथ सशक्तिकरण कर बनाया पन्ना प्रमुख

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर। आगामी लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने हेतु चल रहे मिशन 24 के अंतर्गत बूथ सशक्तिकरण अभियान के सफलता हेतु समस्तीपुर विधानसभा अंतर्गत, समस्तीपुर ग्रामीण पूर्वी में मंडल अध्यक्ष अरविंद कुशवाहा के नेतृत्व में छतौना पंचायत के शक्ति केंद्र के बूथ संख्या 243 से 253 तक के बूथ कमेटी का सशक्तिकरण पन्ना प्रमुख बनाकर कर किया गया। इस अभियान में भाजपा जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह, अभय कुमार गुड्डू, वैधनाथ पांडे, अरविन्द ठाकुर, शिव कुमार पाण्डेय, संजय कुमार पाण्डेय सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। इस आशय की जानकारी भाजपा के जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह के द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से प्रेस को दी गई।

संगल यूज प्लास्टिक विकल्प पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड क्षेत्र के सिद्धि विनायक इंटरनेशनल स्कूल कल्याणपुर में पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता हेतु, अतुल्या सोशल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित सिंगल यूज प्लास्टिक के विकल्प पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। निबंध लेखन प्रतियोगिता के आयोजन पर विद्यालय निदेशक डॉ रमेश कुमार ठाकुर ने सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम और गलोबल वार्मिंग जैसे विकट समस्या के प्रति लोगों को जागरूक करने और सिंगल यूज पलास्टिक के पूर्ण रूप से बंद करने के लिए छात्रों को शपथ दिलाई। प्रतियोगिता एकेडमिक इंचार्ज स्वेत सौरव, परीक्षा निरीक्षक निधि प्रिया के साथ साथ सभी शिक्षकों की देखरेख में संचालित हुई।

मुखिया, वार्ड सदस्य व पंच के एक-एक पद पर हुआ नामांकन

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

विभूतिपुर, समस्तीपुर। पंचायत उप चुनाव को लेकर आज अलग-अलग तीन पदों पर एक-एक उमीदवारों ने नामांकन किया। पूर्व मुखिया दिवंगत सुरेन्द्र प्रसाद सिंह की पत्नी ममता देवी अपने पति का फोटो लेकर अपने पुत्र व काफी संख्या में समर्थकों के साथ नम आंखों से सोमवार को सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत से मुखिया पद पर नामांकन किया। ममता देवी ने सहायक निर्वाचन पदाधिकारी हिमांशु कुमार के समक्ष मुखिया पद का नामजदगी का पर्चा दाखिल किया। मौके पर भाजपा नेता अरविंद कुमार कुशवाहा सहित सैकड़ों की संख्या में समर्थक मौजूद थे। इसके बाद चकहबीब वार्ड 5 से दिवंगत वार्ड सदस्य कैलाश रजक के पुत्र राज कुमार रजक ने वार्ड सदस्य के रूप में नामांकन किया। वहीं सिंघया बुजुर्ग उतर ग्राम कचहरी के वार्ड 9 से पंच पद पर लक्ष्मी देवी ने सोमवार को सहायक निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन किया।

मनरेगा के माध्यम से की जाएगी जलनिकासी की व्यवस्था : प्रभारी मंत्री

जिला प्रभारी मंत्री सह ग्रामीण विकास मंत्री ने की बाढ़ व सुखाड़ से संबंधित समीक्षा बैठक

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

ग्रामीण विकास मंत्री सह जिला प्रभारी मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बाढ़ व सुखाड़ की स्थिति, तैयारी व विकासात्मक योजनाओं की समीक्षा की। विभागीय स्तर पर इसकी समीक्षा बाद प्रेसवार्ता करते हुए उन्होंने बताया कि जिला में बाढ़ व सुखाड़ से संबंधित चुनौति को लेकर जिला प्रशासन तैयारी में जुटा है। इसको लेकर विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए हैं। वहीं जिन सदस्यों ने सुझाव नहीं लाया है वे आगामी एक सप्ताह में अपने क्षेत्र से संबंधित सुझाव देंगे। जिसकी समीक्षा कर बाढ़ में जलजमाव व जलनिकासी की व्यवस्था को लेकर योजना बनाई जा सके। प्रभारी मंत्री ने बताया कि जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को तटबंध कमजोर होने व टूटने की संभावना वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर रिपोर्ट तैयार करें व उसे समय से पूर्व दुरूस्त कराएं। वहीं स्कूलों में चापाकल ठीक कराने, नलकूप को दुरूस्त कराने का निर्देश दिया गया। वहीं नगर क्षेत्र में जलजमाव के समस्या की समीक्षा की गई। बताया गया कि जिला प्रशासन इसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्रवाई करेगा। वहीं मनरेगा के माध्यम से जलनिकासी की व्यवस्था कराई जाएगी। प्रभारी मंत्री ने बताया कि इस दौरान परामर्शदात्री समिति की बैठक में सिंचाई व जलवायु आदि को लेकर चर्चा की गई। बताया गया कि आगामी मानसून में मनरेगा के माध्यम से छह लाख 93 हजार पौधरोपण का लक्ष्य है। वहीं इसके अलावा वन विभाग व जीविका दीदी के माध्यम से पौधरोपण किया जाएगा। जाति आधारित जणगणना के सवाल पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि आज पशु, पौधे, अल्पसंख्यक, आदिवासी आदी की गणना हो रही है। ऐसे में जाति आधारित गणना आवश्यक है। आज इसकी देशस्तर पर मांग की जा रही है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिका आम निर्वाचन 2023 को लेकर जारी हुआ दिशा निर्देश

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा प्रपत्र 11 में सूचना प्रकाशन की तिथि 9 मई 2023 निर्धारित की गई है। नामांकन प्राप्त करने की तिथि 9 मई 2023 से 17 मई 2023 तक निर्धारित की गई है। इसके लिए पूर्वाहन 11:00 बजे से अपराहन 3:00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। समीक्षा की तिथि 18 मई 2023 से 20 मई 2023 तक निर्धारित है। जबकि अभ्यर्थिता वापसी की अंतिम तिथि 21 मई 2023 से 23 मई 2023 तक निर्धारित की गई है। अभ्यर्थिता के पश्चात अंतिम रूप से अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन एवं प्रतीक आवंटन के लिए 24 मई 2023 का दिन निर्धारित किया गया है। मतदान 9 जून 2023 को आयोजित होंगे। मतदान पूर्वाहन 7:00 बजे से अपराहन 5:00 बजे तक किया जा सकेगा। इसके साथ ही मतगणना की तिथि 11 जून 2023 निर्धारित की गई है। मतगणना का कार्य 8:00 से आरंभ हो जाएगा। बताते चलें कि नगर पालिका निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत संबंधित वार्ड में राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गए हैं। जो मतगणना के पश्चात विधिवत रूप से परिणाम घोषणा तक लागू रहेंगे। जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रशांत शेखर ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशनिदेर्शों के आलोक में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित करना सभी अभ्यर्थियों की जिम्मेवारी है।

एक दिवसीय कबीर पंथ संत सम्मेलन आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

बरौनी, बेगूसराय। रविवार को खिदिरचक कबीर मठ के प्रांगण में एक दिवसीय कबीर पंथ संत सम्मेलन सह भंडारा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महंथ चन्द्र देव पासवान ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन विश्व कबीर दिव्य ज्योति संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य महंथ धर्म दास साहब ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि संस्थान के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डा. राजकुमार आजाद, मुख्य वक्ता अंतर्राष्ट्रीय प्रधान महासचिव डा सुधीर पासवान एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पूनम आजाद, विशिष्टअतिथि महंथ केदार दास, महंथ विनो दास, चन्द्र कला दासीन, महंथ सुखदेव चौरसिया, डा यूके सिंह आदि संतों महंथो ने अपने प्रवचन एवं

संक्षिप्त खबरें

बिना टिकट यात्रा कर रहे पकड़े गये 50 यात्री

गोपालगंज । पूर्वोत्तर रेलवे के थावे जंक्शन पर चलाए गए टिकट चेकिंग अभियान में 50 यात्रियों को बिना टिकट के यात्रा करते हुए पकडा गया। पकड़े गये यात्रियों से करीब 12500 रूपया जुमार्ना वसूला गया। टिकट चेकिंग अभियान से स्टेशन पर हडकंप मच गया। सोमवार को चीफ टीटीआई विनय कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में थावे जंक्शन पर सघन टिकट जांच अभियान चलाया गया। जांच में मुख्य रूप से आरपीएफ इंस्पेक्टर अब्दुस सलाम खां, टीटी अजय कुमार श्रीवास्तव, सुधाकर मिश्रा सहित अन्य जवान मौजूद थे।

13 मई को लगने वाले लोक अदालत के लिए 1285 के विरुद्ध नोटिस जारी

गोपालगंज। गोपालगंज व्यवहार न्यायालय परिसर में 13 मई को लगने वाले लोक अदालत में आपसी सुलह के आधार पर मामले के निपटारे के लिए थाना क्षेत्र के 1285 लोगों के विरुद्ध नोटिस जारी की गई है। जिसकी थाना क्षेत्र के चैकीदारों के माध्यम से संबंधित आरोपितों को नोटिस तमिला कराया जा रहा है। गोपालगंज बिहार न्यायालय परिसर में आगामी 13 मई को सुबह 10रू00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसमें सुलहनीय आपराधिक मामलों, दीवानी मामलों, दुर्घटना बीमा दावा, पारिवारिक वाद, श्रम वाद, भूअधिग्रहण, राजस्व एवं मनरेगा, बिजली एवं पानी, वाणिज्य कर, आयकर, वन अधिनियम के वाद, रेलवे दावा, माननीय उच्च न्यायालय में लंबित अपील आदि से संबंधित मामलों का सुलह समझौता के आधार पर निपटारा किया जाएगा। जिसके लिए थाना क्षेत्र के 1285 लोगों के विरुद्ध लोक अदालत में शामिल होकर अपने वाद की सुनवाई के लिए नोटिस जारी की गई है।

बारात करने आए युवक की बाइक चोरी

गोपालगंज ।जिले के भोरे थाना क्षेत्र के खुद ही दक्षिण टोला में बारात में शामिल होने आए एक युवक की बाइक चोरी हो गई। मामले में स्थानीय थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। बताया जाता है कि उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिले के सेवरही थाना क्षेत्र के तिवारी पट्टी गांव के मनीष शर्मा अपनी बाइक से भोरे थाना क्षेत्र के कई दक्षिण टोला में हरिहर सिंह के यहां बारात करने आए थे। उन्होंने अपनी बाइक उसी गांव के लाल बाबू के दरवाजे पर खड़ी कर दी थी। यहां से बाइक चोरी हो गई। मामले में पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर रही है।

मकान निर्माण करने से मना करने पर हुई मारपीट, तीन जख्मी

गोपालगंज। जिले के भोरे थाना क्षेत्र के हुस्सेपुर टोला लक्ष्मीपुर में मकान निर्माण करने से मना करने पर हुई मारपीट में 3 लोग जख्मी हो गए। सभी घायलों का इलाज स्थानीय रेफरल अस्पताल में कराया गया। बताया जाता है कि उसे हुस्सेपुर टोला लक्ष्मीपुर गांव निवासी स्व। रमेश भगत की जमीन पर उसी गांव के हरेंद्र भगत, किस्मती देवी, शिवम भगत आदि लोगों के द्वारा जबरन मकान का निर्माण कराया जा रहा था। जिसका विरोध शीला कुंवर द्वारा किया गया, तो उक्त लोगों द्वारा शीला कुंवर और उनके दो पुत्रों बृजेश भगत और दिलीप भगत को मारपीट कर जख्मी कर दिया गया।

आर्केस्ट्रा के गाना बजाने के विवाद में मारपीट, पांच गिरफ्तार

गोपालगंज । जिले के बरौली थाना क्षेत्र के सिसाई गांव में रविवार रात्री आई बारात में भोजपुरी गाना बजाने का विरोध करने पर दो गुटों में जमकर मारपीट हो गयी। सूचना पाकर पंहुचे थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार ने लोगो को समझा बुझाकर दोनो पक्षों को शांत कराने का प्रयास किया। लेकिन पुलिस की मौजूदगी में ही दोनो पक्ष आपस में भीड गए। जिसके बाद पुलिस ने पांच लोगो को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगो में आनंद कुमार गुप्ता, अनिल कुमार, ददन साह, जयप्रकाश साह व विशाल साह बताए गए है। थानाध्यक्ष ने बताया कि आर्केस्ट्रा ने गाना बजाने के विवाद को लेकर मारपीट हुई थी। पांच लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

थावे में मुखिया पद के लिए पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन

गोपालगंज ।जिले के थावे प्रखंड में पंचायत उपचुनाव को लेकर सोमवार को थावे में मुखिया पद के लिए पांच प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी मनीष कुमार सिंह ने बताया कि फुलुगनी पंचायत से मुखिया पद के लिए मफूज आलम उर्फ लुड्डु दिवाना और आकाश कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि धतीवना पंचायत से मुखिया पद के लिए ब्रह्मदेव मुसहर, अच्छयवर मांझी और निर्भय कुमार ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। बताया जाता है कि फुलुगनी पंचायत से मुखिया पद के लिए अब तक सात और धतीवना पंचायत से तीन प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किए है।

गरीबों के बच्चे शिक्षा से नहीं रहेंगे वंचित

गरीब बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की शुरू हुई पहल

गोपालगंज प्रात : किरण संवाददाता

बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का सरकार का सपना अब साकार होगा। इसके लिए मनरेगा मजदूर सतत विकास संगठन के माध्यम से विद्यालयों से बाहर के बच्चों को चिन्हित कर शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ा जाएगा। इसके लिए युद्ध स्तर पर पहल शुरू कर दी गई है।

उक्त बातें मनरेगा मजदूर सतत विकास संगठन के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास कुमार ने हथुआ प्रखंड के बढ़ेंया में शिक्षा केन्द्र का उद्घाटन करते हुए कहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने ग्रामीणों को संबोधित कर कहा कि इस संगठन का मुख्य उद्देश्य गरीबों के बच्चों को शिक्षित कर समाज के मुख्य धारा से जोड़ना है। इस शिक्षा केंद्र में मजदूर का बच्चा, झूंगी झोपड़ी में वास करने वाले मेहनत कस परिवार के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। जिसमें किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। वहीं महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए शिलाई, कटाई व बुनाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षित महिला को काम के अनुसार सामग्री भी मुहैया करवाई जाएगी। केंद्र के उद्धघाटन के बाद बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।

जिससे उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। वहीं केंद्र पर सिलाई, कढ़ाई व बुनाई का प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को सिलाई मशीन भी प्रदान किया गया। इस मौके पर संगठन के सचिव सचिन कुमार, संजीव कुमार, सत्येन्द्र कुमार मांझी, जिला निदेशिका नेहा कुमारी, हथुआ प्रखंड प्रभारी नितेश कुमार प्रसाद, प्रखंड सुपरवाइजर सीता देवी, शिक्षिका प्रियंका कुमारी, पंचायत प्रभारी दीपक कुमार श्रीवास्तव, वशिष्ठ लाल श्रीवास्तव, अमर साह, गुलाईची देवी, रोहित श्रीवास्तव, अमर साह, राकेश साह, वैद्यनाथ साह, विजय प्रसाद, रामनाथ पांडेय, सत्यनारायण गुप्ता सहित सभी ग्रामीण आदि थे।

मवेशियों के साथ सात पशु तस्कर गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र के मिश्रबतरहा में सोमवार की सुबह पुलिस ने पशु तस्करों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए जहां 3 पिकअप पर क्रूरता से लदे 28 मवेशी को बरामद किया है।

वहीं इसमें शामिल 7 पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। श्रीपुर ओपी परिसर में हथुआ एसडीपीओ अनुराग कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को बताया कि राजकीय बुनियादी मध्य विद्यालय मिश्र बतरहा के सामने मुख्य पथ पर मेरे नेतृत्व में श्रीपुर ओपी प्रभारी अशोक कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल राम सिपाही शशिकांत कुमार, सिपाही उज्जवल मींज कौशल कुमार के द्वारा शराब बरामदगी और पशु तस्करी की रोकथाम को लेकर सघन वाहन जांच किया जा रहा था। उसी क्रम में भोरे की तरफ से 3 पिकअप गाड़ी आते दिखा। जिसे दल बल के सहयोग से रोका गया। जिसमें कुल 7 व्यक्ति सवार थे तथा तीनों पिकअप के अंदर 28 मवेशी क्रूरता पूर्वक जिनके चारों हाथ पैर बंधे हुए थे। जिसके बाद पिकअप एवं मवेशी को जप्त करते हुए सातों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी गिरफ्तारी हुई है उनमें कलीम अंसारी का पुत्र इमरान अंसारी बली मियां का पुत्र बाबूदीन अंसारी निजामुद्दीन का पुत्र रियाजुद्दीन रजा अंसारी का पुत्र इरफान अंसारी सभी मीरगंज थाना के खैरटिया गांव के रहने वाले हैं। वही कटेया थाना के फुलवरिया निवासी बृजेश राय का पुत्र अभिषेक राय भागी पट्टी निवासी रामाशीष सिंह का पुत्र छोटू सिंह कुशीनगर जिला के तुरपट्टी थाना के बसडीला पांडे निवासी मोती लाल यादव का पुत्र मनु यादव है। उन्होंने बताया कि इनके पास से 6 मोबाइल भी बरामद किया गया है साथ ही सभी को पुलिस अभिरक्षा में न्यायिक हिरासत गोपालगंज भेज दिया गया है।

बिहार में खपाने के लिए लाई जा रही 60 लाख की शराब बरामद

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी चेकपोस्ट के समीप सोमवार की सुबह एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर पुलिस ने अभियान चलाकर हरियाणा से तस्करी कर बिहार में खपाने के लिए लाई जा रही 23421 बोतल शराब बरामद कर लिया। इस दौरान पुलिस ने एक धंधेबाज को भी गिरफ्तार कर लिया। बरामद की गई शराब की कीमत 60 लाख रुपये बताई जा रही है। शराब बरामदगी के बाद कुचायकोट थाने में प्रेस को संबोधित करते हुए सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया कि हरियाणा से बिहार में खपाने के लिए भारी मात्रा में शराब लाए जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना पर कुचायकोट थाने के पुलिस अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह के नेतृत्व में बलथरी चेक पोस्ट के समीप सोमवार की सुबह सघन जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान उत्तर प्रदेश की तरफ से आ रहे एक ट्रक को रोक कर तलाशी ली गई तो उसमें लकडी की भूसी के बीच छिपाकर रखी गई 752 कार्टन यानी 23421 बोतल शराब मिली। ट्रक सहित शराब को जब्त करते हुए चालक हरियाणा के पानीपत जिले के चांदनी नगर थाना क्षेत्र के हाउस नंबर 1634 एनएचबीसी सेक्टर 11 निवासी विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान इसने बताया कि शराब हरियाणा ये बिहार ले जाई जा रही थी। एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार चालक से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के दौरान कई अहम जानकारी मिली है। जिसके आधार पर पुलिस आगे की कारवाई करने में जुट गयी है। प्रेसवार्ता में सदर एसडीपीओ प्रांजल, प्रशिक्षु डीएसपी साक्षी राय, सदर इंस्पेक्टर हीरालाल प्रसाद सहित अन्य मौजूद थे। वही छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह, गृहरक्षक सुदामा यादव, विकास कुमार, संतोष कुमार शामिल थे।

फुलवरिया में मुखिया पद के लिए एक प्रत्याशी ने किया नामांकन

प्रात : किरण संवाददाता

गोपालगंज। जिले के फुलवरिया प्रखंड में पंचायत उपचुनाव को लेकर सोमवार को बनाए गए नामांकन काउंटर पर मुखिया पद के लिए एक प्रत्याशी ने अपना नामांकन दाखिल किया। इसकी जानकारी देते हुए बीडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी अजीत कुमार रोशन ने बताया कि कड़ी सुरक्षा के बीच प्रत्याशियों का नामांकन दाखिल किया जा रहा है। साथ ही उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत राज चुरामन चक के मुखिया पद के लिए पहले ही दो प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दाखिल किया है। तीसरा नामांकन उसी पंचायत से मुखिया पद के लिए ओमप्रकाश सिंह ने भी पर्चा दाखिल किया है। नामांकन कराने पहुंच रहे मुखिया पद के प्रत्याशियों के समर्थन में पंचायतों से हजारों-हजारों की संख्या में लोग भी प्रखंड मुख्यालय परिसर के समीप पहुंच कर अपना-अपना मौजूदगी अपने-अपने मुखिया के नजरों में दिखा रहे हैं। मुखिया पद से नामांकन कराने के बाद समर्थक जमकर नारेबाजी भी कर रहे हैं। सोमवार को प्रखंड मुख्यालय परिसर में लोगों की भारी भीड़ को देखते ही पुलिस पहले ही चैकन्ना हो गई थी। पुलिस मुख्यालय के बाहर ही बैरिकेडिंग लगाकर लोगों को बाहर ही रोक लिया। पुलिस लोगों को शांत रहने के लिए हिदायत भी दिया। बता दें कि ग्राम पंचायत राज चुरामन चक के वर्तमान मुखिया मोवसिर आलम उर्फ भरदुल मियां के आकस्मिक मौत के बाद पंचायत में मुखिया का पद रिक्त था। जिसको लेकर उपचुनाव शुरू हो गया है। उधर पंचायत उपचुनाव को लेकर पंचायतों में सरगर्मी बढ़ गई है।

लूट की योजना बनाते यूपी के दो अपराधियों सहित तीन गिरफ्तार

गोपालगंज। जिले के कुचायकोट थाने की पुलिस ने लूट की योजना बनाते तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों के पास से एक पिस्टल, दो जिंदा कारतुस, एक बाइक व तीन मोबाइल बरामद किया गया है। कुचायकोट थाना में हुयी प्रेस वार्ता के दौरान सदर एसडीपीओ प्रांजल ने बताया कि एलटीएफ के पुलिस अवर निरीक्षक विनोद कुमार को सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी जलालपुर ईट भट्ठा के समीप लूट की बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष किरण शंकर व वरीय पदाधिकारियों को इसकी जानकारी दी गयी। वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर गठित टीम ने त्वरित कारवाई करते हुए तीन अपराधियों को दबोच लिया। गिरफ्तार अपराधी कटेया थाना क्षेत्र के मोतीपुर गांव के शिवपुरणा राय, यूपी के कुशीनगर जिले के तरेया सुजान दनियारी गांव के अभिषेक मिश्रा और कोइन्हा गांव के बाला हुसैन बताए गए है। इनके पास से पुलिस ने एक बाइक, एक पिस्टल, 2 जिंदा कारतूस व तीन मोबाइल बरामद किया है।

बाइक की ठोकर से 10 वर्षीय बच्ची की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

गोपालगंज । जिले के भोरे थाना क्षेत्र के खजुरिया में दरवाजे पर खड़ी एक 10 वर्षीय बच्ची को बाइक सवार ने ठोकर मार दी। गंभीर रूप से जख्मी बच्ची को इलाज के लिए गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं मृत लड़की के दादा के बयान पर स्थानीय थाने में बाइक चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बताया जाता है खजुरिया पश्चिम टोला गांव निवासी रमेश तिवारी की 10 वर्षीय पुत्री अन्नू तिवारी अपने दरवाजे पर खड़ी थी।

जनता दरबार लगाकर सांसद ने सुनीं लोगो की समस्याएं

गोपालगंज प्रात : किरण ब्यूरो

शहर के थावे रोड स्थित सांसद के आवास पर सोमवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंड से पहुंचे लोगो की सांसद सह जदयू के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष डॉ। आलोक कुमार सुमन ने एक-एक कर समस्याएं सुनी। इस दौरान संबधित विभाग के पदाधिकारी से बात कर कई समस्याओं का ऑन द स्पॉट निष्पापदन किया गया। जनता दरबार में रोजगार, एम्स में इलाज कराने की व्यवस्था, आधार कार्ड, पैन कार्ड, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता से इलाज कराने की व्यवस्था, पुलिस के द्वारा करवाई नही करने एवं विदेश में फँसे लोगों को बुलाने, सड़क तथा नाला बनवाने, रेलवे से संबंधी समस्याओं को लेकर पंहुचे थे। सांसद डॉ। आलोक कुमार सुमन ने लोगो की समस्याएं सुनने तथा इन समस्याओं के निदान का प्रयास करने को लेकर अपने आवास पर जनता दरबार लगाने की पहल की है। इस पहल के तहत सोमवार को सांसद ने अपने आवास पर जनता दरबार लगाया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंड के दर्जनों लोग अपनी समस्याओं को लेकर पंहुचे थे।

भाजपा हटाओ देश बचाओ के लिए भाकपा कार्यकर्ताओं ने की पदयात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

मढ़ौरा । भाकपा मढ़ौरा अंचल परिषद के कार्यकताओं ने प्रखंड के बहुआरा पट्टी पंचायत में भाजपा हटाओ देश बचाओ के नारे के तहत पदयात्रा का आयोजन किया।पार्टी के पूर्व जिला सचिव एवं राज्य परिषद सदस्य रामबाबू सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस पदयात्रा में मुख्य रूप से रामबाबू सिंह, प्रोफेसर रजाक हुसैन, प्रेम सुंदर ,विजेंद्र सिंह ,राज देव, साबिर हुसैन , शमसुद्दीन ,डॉ ० नुसरत अली , साहिल नुरैन- के द्वारा मुख्य रूप से बहुआरा पट्टी ग्राम में राशन कार्ड, आवास निर्माण ,मजदूरों के निबंधन , अनुदान जैसी ज्वलंत मुद्दों के प्रति स्थानीय प्रशासन से यथाशीघ्र हल करने की मांग किया।

मौके पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी नेता रामबाबू सिंह ने कहा भाजपा कि भाजपा की सरकार में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है ।सांप्रदायिक सद्भावना लगातार बिगाड़ने का कार्य हो रहा है। किसानों, बेरोजगारों द्वारा आत्महत्याओं का सिलसिला तेज है। संविधान की धज्जियां उड़ाई जा रही है ।ऐसे समय में भाजपा सरकार को हटाना हमारा परम कर्तव्य एवं दायित्व हो गया है। जिसका निर्वाह करना आवश्यक है।

भारतीय वॉलीवाल टीम के प्रशिक्षण शिविर में चयनित हुए खिलाड़ी

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । सारण जिला के रिविलगंज प्रखण्ड के इनई गांव के श्रीकृष्णा सिंह के पुत्र राजीव रंजन सिंह का चयन भारतीय वॉलीवाल टीम अंडर 21 के प्रशिक्षण शिविर के लिये हुआ है। जैसे ही खबर गांव वालों को मिला राजीव के परिवार एवं गाँव सहित पूरे प्रखण्ड में खुशी की लहर दौड़ गया। खासकर खिलाड़ियो में काफी खुशी देखा जा रहा है। भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में रास्ट्रीय खिलाड़ी एवं खिलाड़ियो के साथ राजीव के घर जाकर उनके माता ,पिता,दादी ,चाचा एवं पूरे परिवार को मिठाई खिलाकर बधाई दिया गया। भाजपा नेता ने कहा कि हमारे गांव इनई में 1952 से वॉलीवाल खेल की शुरूआत राजपूत स्पोर्टिंग क्लब के तत्वधान में क्लब के प्रथम सचिव स्वर्गीय जीत नारायण सिंह के नेतृत्व में शुरू हुआ। जो आज भी यह क्लब से खेल होता है ,इनई वॉलीबॉल से सारण जिला ही नही बल्कि पूरा बिहार का नाम रौशन किया है। इस वालीबॉल खेल से इनई गांव के बिहार -झारखंड संयुक्त रास्ट्रीय खिलाड़ी रमेश सिंह हुए, इस गांव के 3 दर्जन से ज्यादा लोग सचिवालय उओ,बिहार पुलिस हो या जिला खेल पदाधिकारी के रूप में सभी समाज के लोग सामान्य ,अल्पसंख्यक,यादव, सभी वर्ग के लोग यहाँ इस वॉलीवाल से नौकरी प्राप्त किया है। पता दे कि इसी इनई में 5 ,5 वार के सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेकानंद, एवं अभिषेख कालू है ।

इस अवसर पर रास्ट्रीय खिलाड़ी कालू, मुखिया प्रतिनिधि राजन सिंह, कोच विवेक सिंह, अमित कुमार, , समाजसेवी अभिषेक शर्मा अशोक कुमार, शिव पुकार जी सहित दर्जनों लोग शामिल थे। राजीव कल ही भुनेश्वर के लिये रवाना हो गय है। सभी लोगो ने उनको उज्वल भविष्य के लिये कामना किया।

सामाजिक संस्था ने निशुल्क कैंप लगाया, दवा कराया गया उपलब्ध

छपरा। सोमवार को जलालपुर प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज माधोपुर के मिश्रवलिया में जोड़ा मन्दिर के समीप का है , अभी भी समाज में अग्रणी भूमिका निभा रहे विहंगम सेवा संस्थान ट्रस्ट के तत्वावधान में, मुम्बई के संस्था अमिरी केयर इंडिया फाउण्डेशन के माध्यम से पाँच डाक्टरों की टिम द्वारा निः शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लागाकर सैकड़ों रोगियों का जाँच कर के दवा का वितरण उपलब्ध कराया गया। इस शिविर में गाँव के सहयोगी मे मुख्य रूप से कृष्ण कुमार मिश्रा, पैक्स अध्यक्ष भीम बहार,अनिल मिश्र,श्रवण संदीप,गरीबन मिश्र,प्रवीण मिश्रा, शैलेन्द्र साधु,मो० नौशाद तथा मन्टू मिश्रा इत्यादि लोग थे।

वेतन निर्गत हो अन्यथा धरना एवं भूख हड़ताल के लिए तैयार : प्रो. महेंद्र सिंह

छपरा । जयप्रकाश विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के सचिव ने बताया कि विश्वविद्यालय में अगर मार्च और अप्रैल माह का वेतन अतिशीघ्र निर्गत नहीं किया गया तो शिक्षक संघ 12 मई को काली पट्टी बांधकर प्रतिरोध प्रदर्शन करेंगे। उसके बाद अगला चरण धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल का होगा। इस संबंध में सोमवार को शिक्षक संघ में कुलपति से मुलाकात कर अपना ज्ञापन दिया और साथ में चेतावनी दिया कि अगर धरना प्रदर्शन और हड़ताल की स्थिति बनती है तो इसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ही जिम्मेदार होगा। इस संदर्भ का ज्ञापन जय प्रकाश विश्वविद्यालय शिक्षक संघ की ओर से ज्ञापन देने के लिए शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो० सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी, महासचिव प्रो० महेंद्र सिंह उपाध्यक्ष प्रो० अजीत कुमार तिवारी एवं कार्यकारिणी के सदस्य डॉ अभय कुमार सिंह उपस्थित थे।

शराब बरामदगी मामले में तीन लोगों पर केस दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। मढ़ौरा के बाजीत भोरहा चंवर से एलटीएफ की टीम के द्वारा किए गए भारी मात्रा में शराब बरामदगी मामले में एक प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस मामले में तीन शराब कारोबारियों को अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस पदाधिकारी सुरेंद्र पासवान के बयान पर दर्ज की गई इस प्राथमिकी में कहा गया है कि गुप्त सूचना के आधार पर जब एलटीएफ की टीम ने वाजिद भोरहा में बनाए जा रहे अवैध शराब के अड्डे पर छापेमारी किया तो पुलिस को देख कर वहां से बाजीत भोरहा निवासी प्रकाश नट, काली नट और राजेश नट फरार हो गया। इस दौरान वहां से कारोबारियों की एक बाइक को पुलिस ने बरामद किया। इस दौरान प्लास्टिक के गैलन और ट्रक के ट्यूब में भरकर रखे गए करीब 400 लीटर अवैध देशी शराब को जप्त किया। इस दौरान एलटीएफ की टीम ने इस चवर में चलाए जा रहे शराब के 4 भट्ठियों को भी ध्वस्त कर दिया। इस मामले में जिन शराब कारोबारियों को अभियुक्त बनाया गया है। उसमें प्रकाश नट, काली नट और राजेश नट का नाम शामिल है। पुलिस इस मामले में अभियुक्तों के खिलाफ जरूरी करवाई शुरू कर दी है।

हिन्दी साहित्य सम्मेलन पटना द्वारा सम्मानित हुए डॉ यादव

छपरा । बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन पटना द्वारा रविवार को हिंदी और भोजपुरी के वरिष्ठ साहित्यकार विद्वान डॉ. सुदर्शन प्रसाद राय को हिन्दी भाषा एवं साहित्य की उन्नति में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राम गोपाल शर्मा रूद्र स्मृति सम्मान 2023 से विभूषित किया गया ।यह सम्मान अवध बिहारी चौधरी अध्यक्ष, बिहार विधान सभा के कर कमलों द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ. सी. पी.ठाकुर पूर्व केंद्रीय मंत्री भारत सरकार,विधान पार्षद डॉ.संजय पासवान पूर्व कुलपति डॉ.अमर नाथ सिन्हा,बिहार राज्य गीत के रचयिता कविवर सत्यनारायण हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ.अनिल सुलभ,सुकविः श्री मृत्युंजय मिश्रा करुणेश, साहित्य के दर्जनों सुधी साहित्यकारों और साहित्य प्रेमी आदि उपस्थित थे। ऐसे तो भोजपुरी साहित्य में अपनी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए डॉ.सुदर्शन प्रसाद राय को यह सम्मान के लिए चयनित होना सारण के लिए गौरव का विषय है ।रामगोपाल शर्मा "रूद्र स्मृति" सम्मान इनके लिए योग्यता के अनुकूल भी है ।अपने अध्यापन जीवन में डॉ. सुदर्शन प्रसाद राय भी पुरुषन के पुरुषार्थ (2011)और भोजपुरी काव्यधारा में हास्य-व्यंग्य (2021)पुस्तक की रचना द्वारा लोक प्रियता हासिल किया है ।इन्हे स्वर्ण पदक की उपाधि , एम. ए.भोजपुरी विषय में मिल चुका है। आकाशवाणी पटना के भोजपुरी आरती कार्यक्रम के वार्ता प्रसारक भी है। साहित्य की दुनिया में राम गोपाल शर्मा "रूद्र"भी एक अद्भुत नाम है। निराला जी ने रूद्र जी के बारे में अपना मत प्रकट किया था कि रुद्र जी हिन्दी के एक पाएदार शायर है,उनके शब्द जितने सटीक और व्यंजक है बिम्ब उतने ही भास्वर । यह राम गोपाल शर्मा रूद्र स्मृति सम्मान डॉ.सुदर्शन प्रसाद राय को प्रेरणा शक्ति प्रदान करेगा ।यह सम्मान हितकारी और सौभाग्य मूलक भी है ।इस व्यक्तित्व का मूल्यांकन कर बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन ने बेहतर काम किया है।

पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कलश शोभा यात्रा से शुरू

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा । मशरक के बहरौली गांव घोघारी नदी के समीप नव निर्मित राम जानकी हनुमान मंदिर में 8 मई से 12 मई तक चलने वाले 5 दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के पहले दिन सोमवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई । एक हजार से अधिक श्रद्धालु महिला पुरुष पूरे गांव का भ्रमण करते हुए दुमदुमा शिव मंदिर परिसर में पहुंच पूजा-अर्चना कर वापस गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप में पहुंचे। नव निर्मित मंदिर एवम आसपास के इलाके को पूजा समिति के सदस्यों द्वारा आकर्षक तरीके से सजाया गया है।। पूजा-अर्चना शुरू कराई गई। मुखिया अजीत सिंह की अध्यक्षता में निकाली गई कलशयात्रा में बीडीसी प्रतिनिधि चुनमुन बाबा, प्रखंड वार्ड संघ के उपाध्यक्ष मुकेश ओझा, बीटू बाबा,संतोष प्रसाद,सोनू कुमार, प्रिंस बाबा , रंजित कुमार,मनोज कुमार, निरंजन कुमार , कृष्णा प्रसाद सहित अन्य लोग व्यवस्था में शामिल हुए। मौके पर आचार्य कान्हा जी महाराज ने यजमान इंद्रासन प्रसाद की मौजूदगी में पूजा-अर्चना और कलशयात्रा का आयोजन कराया। कलशयात्रा में हाथी,घोड़ा,डीजे के साथ पीला वस्त्र धारण किए महिला और युवतियों ने भाग लिया। महायज्ञ आयोजन अध्यक्ष मुखिया अजीत सिंह ने बताया गया कि सोमवार को कलशयात्रा से शुरू हुए महायज्ञ कार्यक्रम के साथ 09 मई से अखंड अष्टयाम, 10 मई को अधिवास, 11 मई को प्राण प्रतिष्ठा तथा 12 मई को पूणार्हुति एवं विशाल भंडारा आयोजित है । वहीं मुख्य यजमान इंद्रासन प्रसाद और योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि इस महायज्ञ में काशी और विंध्याचल से प्रवचनकताओं के द्वारा तीन दिन संध्या 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक प्रवचन किया जाएगा।

स्नातक प्रतिष्ठा विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न, कुल 19 निष्कासन

छपरा। सोमवार को जय प्रकाश विश्वविद्यालय द्वारा संचालित टी डी सी पार्ट वन सत्र 2021-24 की परीक्षा शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुई। कुलपति ने बताया कि प्रथम और द्वितीय दिन की तुलना में आज चतुर्थ दिन बहुत सुधार हुआ है छपरा जनपद में कुल 9 महाविद्यालय से 9 निष्कासन हुआ। सीवान के तीन महाविद्यालय में परीक्षा चल रहीहै,जिसमें कुल 6 निष्कासन हुआ और गोपालगंज के तीन महाविद्यालय से कुल 5 निष्कासन हुआ। कुलपति प्रोफेसर फारूक अली ने कहा कि सभी विद्यार्थी और अभिभावक पूरा सहयोग देने लगे हैं। प्रतिकुलपति ड़ॉ लक्ष्मी नारायण सिंह ने आज दो महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। प्रतिकुलपति के साथ प्रोफेसर हरिश्चंद्र समायोजक महाविद्यालय विकास परिषद भी मौजूद थे।

सम्पादकीय

भारत की बुलंद आवाज से गिरेगी आतंकवाद पर गाज

आतंकवाद मानव सभ्यता के लिये सबसे बड़ा खतरा है जिसका इतिहास काफी पुराना है, जो समाज के स्वयंभू आचरण वाले असमाजिक गिरोहों द्वारा स्वहित में उठाया अमानवीय कुकृत्य कर्म है जिसका शिकार आज विश्व स्तर पर सभी कौम के लोग है। जिसकी शुरूआत आज से 2 हाजार पूर्व बताई जा रही है जब से सिकारी उग्रपंथियों ने रोमनों और उससे सहानुभति रखने वाले लोगों को उनके स्थान से भगाना चाहा। आज यह विश्व स्तर की घटना बन चुकी है, जहां कोई किसी के लिये माने नहीं रखता। इस तरह की अमानवीय विश्व स्तर पर आतंकवाद की कई घटनाएं घटित हुई जिसमें प्रमुख घटनाएं 1920 में वॉल स्ट्रीट पर बमबारी,1925 में संत नेदेल्या चर्च पर हमला, 1979 में मक्का पर कब्जा, 1993 में मुम्बई बम कांड, 1998 में अमेरीकी दूतावास पर बमबारी, 2001 में अमेरीका के न्यूयॉर्क शहर के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला ,2002 में बाली बम कांड, 2006 में मुम्बई के टेनों में बम बिस्फोट, 2007 में कराची पर बम हमला, बगदाद बमबारी, 2008 में मुंबई आतंकी हमला, 2014 में पेशावर आर्मी स्कूल पर हमला, 2015 में फ्रांस की राजधानी पेरिस में आतंकी हमला। इसके साथ कई एयर प्लेन अपहरण, मानव बम, टिफीन बम, अटैची बम आदि आतंकवादी हथियारों के अनेक निर्दोष मानव शिकार हुये है। इन आतंकवादियों का अपना ही समाज है जो मानवता के लिये सदैव अहितकारी रहे है जिन्हें पनपाने में आज भी विश्व स्तर पर फंडिग, हथियार देने का क्रम जारी है। इस आतंकवाद ने हमसे कई महान विभूतियों को छिन लिया है जिसकी भरपाई किसी भी कीमत पर कर पाना कतई संभव नहीं।

आतंकवाद अपने आप में अघोषित युद्ध हो गया है जिसका छद्म रूप युद्ध से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रहा है। आये दिन देश या विदेश का कौन सा प्रभाग इसके चंगुल का शिकार हो जाय, कह पाना मुश्किल है। देश के भीतरी भाग में घटित आतंकवादी घटनाएं, युद्ध से भी ज्यादा खतरनाक साबित हो रही है। इस तरह के विनाशकारी परिवेश से आज हम कहीं भी अछूते नहीं रह गये हैं। जब से शांति पहल एवं पड़ौसी देश पाक से बेहतर संबंध बनाने की दिशा में सदियों से बंद पड़े रास्ते खोल दिये गये तब से देश के भीतरी भाग में आतंकवादी गतिविधियां सर्वाधिक सक्रिय होती दिखाई देने लगी। देश की अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाली जाली नोटों का देश में बड़े पैमाने पर विस्तार होता गया। इस तरह के निर्णय देश के हित में अहितकारी ही साबित हुए। जब-जब यह द्वार खुला है आतंकवादी घुसपैठियों की जमात देश के भीतरी तह तक आसन जमाती गई हैं। दिल्ली, जयपुर, अहमदाबाद, मुम्बई जैसे अनेक चर्चित शहर इसके शिकार रहे हैं, देश की सर्वोच्च अस्मिता संसद भी इस तरह के परिवेश से अछूती नहीं रही। आतंकवाद का विरोध सदा से भारत करता आ रहा है और आज भी कर रहा है। जिसकी मिसाल बतौर गोवा में विश्व स्तर पर आयोजित एस सी ओ के तहत हो रही विदेश मंत्रियों की बैठक में भारत सरकार के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने उद्घाटन भाषण में आतंकवाद के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुये कहा कि आज आतंकवाद पूरी दुनियां के लिये खतरा बन चुका है जिसपर हर हालत में रोक लगना जरूरी है। आतंकवाद से लड़ाई हमारी प्राथमिकता है और इसे जड़ से मिटाने के लिये संकल्पित है। आतंकवाद के खिलाफ सभी को मिलकर लड़ना होगा। आतंकवाद को सही ठहराना एवं इसे समर्थन देना हर हालत में गलत है। इसे किसी भी तरह की हो रही फंडिंग पर रोक लगना जरूरी है। आतंकवाद को अभी हराया नहीं जा सका है, इसे जड़ से मिटाने के लिये सभी की सहभागिता जरूरी है। यह सभी का दुश्मन है जिसे हर हालत में मानवता के हित में मिटाना जरूरी है। आतंकवाद के खिलाफ भारत की इस बुलंद आवाज की गाज निश्चित तौर पर आतंकवादियों पर गिरेगी, जिससे उनका मनोबल गिरेगा एवं दुनियां को एक दिन इससे राहत मिलेगी।

सियासत के दामन पर गुनाहों के दाग

प्रताप सिंह पटियाल

देश के हजारों इंकलाबी चेहरों की लंबी जद्दोजहद के बाद बर्तानिया हुकूमत से हिंदोस्तान को आजादी नसीब हुई थी। आजादी के बाद लोकतांत्रिक व्यवस्था की बहाली के लिए देश के राजाओं ने अपनी सैंकड़ों रियासतों का भारत में स्वैच्छिक विलय करके राष्ट्रवाद की नजीर पेश की थी। ज्यादातर रियासतों पर राजपूत वर्चस्व था। राजाओं के त्याग के बाद ही मुल्क का निजाम लोकतांत्रिक हुआ था, मगर देश का तंत्र पूरे तौर पर लोक को आज भी समर्पित नहीं हो रहा है। लोकतंत्र में सियासतदान अपने जीवन की शुरूआत जनसेवक के रूप में करते हैं, मगर सत्ता की दहलीज पर पहुंचने के बाद सियासी हुक्मरान स्वयं को जम्हूरियत का गालिब मान बैठते हैं। देश के कई सियासतदानों के नाम के साथ माफिया, डॉन व बाहुबली जैसे शब्द जुडे से सियासत कुख्यात हो चुकी है। कई सियासतदानों के कैरियर का आगाज गुनाहों की गलियों से हो रहा है। 20 अप्रैल 2023 को पुंछ जिले में राष्ट्रीय राइफल्स के वाहन पर आतंकी हमले में सेना के पांच जवान शहीद हो गए। गत 26 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में पुलिस फोर्स के ग्यारह जवान नक्सली बर्बरता का शिकार हो गए, लेकिन हाल ही में उत्तर प्रदेश में माफियाओं की मौत तमाम न्यूज चैनलों पर बहस का मरकज बनी रही। देश की रक्षा में मुस्तैद जवानों के बलिदान की जगह माफियाओं की मौत को ही तवज्जो दी गई। उन माफियाओं की फुरकत में देश की सियासत से लेकर बैरूनी मुल्कों तक मातम मनाया जा रहा है। यह स्पष्ट है कि सियासी पनाह के बिना किसी माफिया या बाहुबली की पैदाईश नहीं होती। ऐसा कोई संगीन जुर्म नहीं जो सियासतदानों के दामन पर न लगा हो।

विडंबना है कि रंगदारी, अपहरण व कत्ल जैसी संगीन वारदातों में मुल्लविश जिन माफियाओं पर अदालतें फैसला सुनाने से बचती हों, पुलिस व प्रशासन कानूनी कार्रवाई करने से खौफजदा रहते हो, खुद को आईन से ऊपर समझने वाले जिन माफियाओं के अपराध को रोकने में सलाखें भी लाचार हैं, उन माफियाओं के रुखसत होने पर सियासत में भूचाल आ जाता है। सियासी वर्चस्व की जंग को अदावत में तब्दील करने वाले माफियाओं की मौत पर कई सियासतदान घडिाली अश्क बहाकर कानून की दुहाई दे रहे हैं। मौजूदा सियासत की यही खुसुसियत लोकतांत्रिक प्रणाली के भविष्य के लिए अशुभ संकेत साबित हो रही है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में सुरक्षा एजेंसियों से लेकर देश के हर इदारे पर हुक्मरानी सियासी रहनुमाओं की होती है। लोगों की काफी उम्मीदें चुने हुए प्रतिनिधियों पर टिकी होती हैं। मगर देश के करोड़ों लोगों की नुमाईदगी करने वाली लोकतंत्र की संस्थाओं में दागी व माफियाओं का संगम यदि जम्हूरियत की जीनत बन जाए तो लोगों का लोकतंत्र से भरोसा उठना तय है। हालात इस कदर बेकाबू हो रहे हैं कि समाज में शराफत भरे लोग माफियाओं से ज्यादा कानून व सुरक्षा एजेंसियों से डर रहे हैं। आम लोगों के हकूक की आवाज लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ सहाफत बुलंद कर रहा है। मजलूमों की आवाज समाज का दर्पण कहे जाने वाले सहाफी बन रहे हैं। देश के न्यायालय न्यायाधीशों की कमी से जूझ रहे हैं।

सुरक्षा एजेंसियों से लेकर देश के लगभग हर विभाग में अहलकारों के हजारों पद रिक्त पड़े हैं। उच्च शिक्षित युवावर्ग बेरोजगारी के बोहरान में फंसकर गर्दिश-ए-तकदीर को कोस रहे हैं। बेरोजगारी की शिद्दत युवावेग के दिशाहीन होने का कारण बन रही है। मौसम के बेरुखे मिजाज से कृषि अर्थतंत्र की बुनियाद किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें बढ़ रही हैं। मगर देश में सियासी जमातों की तादाद व सियासतदानों की सुख सुविधाओं में कोई कमी नहीं है। जिन सियासी रहनुमाओं की नीतियों पर देश के भविष्य की तस्वीर तय होगी, वे अपने सियासी साम्राज्य के मुस्तकबिल को बचाने वाली नीतियों में मशगूल हैं। अतीतकाल से अध्यात्म, राष्ट्रभक्ति व वसुधैव कुटुंबकम जैसी महान संस्कृति का वारिस रहा विश्व गुरु भारत यदि वर्तमान में सांप्रदायिक माहौल की दहलीज पर खड़ा है तो इसका श्रेय भी देश की सियासत व मजहब के रहनुमाओं को ही जाता है। कई सियासतदान संविधान का हवाला देकर अपनी तकरीरों में जहर उगल कर देश के आईन को ही आईना दिखाने में गुरेज नहीं करते। सियासी वजूद को बचाने के लिए जाति मजहब व मुतनाजा बयानबाजी का सहारा लिया जाता है। जनप्रतिनिधियों का यह आचरण सियासत में अस्थिरता का तनाजुर पैदा कर रहा है। अपना वर्चस्व कायम रखने के लिए सियासी कयादत यदि अपराधिक पृष्ठभूमि से जुड़े लोगों की मेजबानी इसी तरह करती रही तो लोकतांत्रिक ढांचे में अराजकता का मंजर पैदा होना स्वाभाविक है।

बारूद उगलती सियासी तकरीरों से आहत होकर भाषा की शालीनता, तहजीब, मयार्दा, नैतिकता, गरिमा व अदब जैसे शब्द अपना वजूद बचाने को मजबूर हो चुके हैं। हिकारत भरी भाषणबाजी से लोगों के जज्बात भी महफूज नहीं हैं। देश की सर्वोच्च अदालत ने सख्त रुख अख्तियार करके सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों को हेट स्पीच देने वालों पर बिना किसी शिकायत के मामला दर्ज करने का फरमान जारी किया है। दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत में विश्व की सबसे बड़ी आबादी की सदारत करने वाली लोकतांत्रिक व्यवस्था में बढ़ते अपराधिकरण का जिम्मेवार कौन है। सियासतदानों को अपने वोट की ताकत से जम्हूरियत का हाकिम बनाने वाली सर्वोच्च ताकत मतदाताओं को इस विषय पर तफसील से गौर फरमानी होगी। राजनीति में बढ़ते अपराधीकरण से सियासी रहनुमाओं में राष्ट्रवाद की भावना

द केरल स्टोरी : फिल्म बनी दुष्प्रचार का हथियार

हमें यह भी याद आता है कि राज्य में ईसाई धर्म का आगमन सन् 52 ईस्वी में संत सेबेस्टियन के जरिए हुआ और सातवीं सदी में इस्लाम यहां अरब व्यापारियों के माध्यम से आया। इस सबके विपरीत फिल्म ह्यद केरला स्टोरीह्न (टीकेएस) का टीजर और प्रोमो इसे एक ऐसे राज्य के रूप में दशार्ते हैं जहां लोगों को मुसलमान बनाया जा रहा है, हिन्दू लड़कियों व महिलाओं को जबरदस्ती इस्लामिक स्टेट में विभिन्न भूमिकाएं निभाने के लिए मजबूर किया जा रहा है और उन्हें सीरिया, लेबनान आदि भेजा जा रहा है। केरला स्टोरी, फिल्म द कश्मीर फाईल्स (केएफ) की तर्ज पर बनाई गई हैं, जिसमें अर्धसत्य दिखाए गए हैं और मुख्य मुद्दों को परे रखकर नफरत फैलाने और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। केएफ को गोवा में आयोजित 53वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह की जूरी के प्रमुख ने प्रचार फिल्म बताया था।

राम पुनियानी

अंग्रेजी से रूपांतरण अमरीश हरदेनिया।

केरल का नाम सुनते ही हमारे मन में उभरता है एक ऐसा राज्य जहां शांति और सद्भाव का राज है, जहां निरक्षरता का निर्मूलन हो चुका है, जहां शिक्षा एवं स्वास्थ्य सूचकांक बहुत अच्छे हैं, और जहां कोविड-19 महामारी का मुकाबला सर्वोत्तम तरीके से किया गया। हमें यह भी याद आता है कि राज्य में ईसाई धर्म का आगमन सन् 52 ईस्वी में संत सेबेस्टियन के जरिए हुआ और सातवीं सदी में इस्लाम यहां अरब व्यापारियों के माध्यम से आया। इस सबके विपरीत फिल्म ह्यद केरला स्टोरीह्न (टीकेएस) का टीजर और प्रोमो इसे एक ऐसे राज्य के रूप में दशार्ते हैं जहां लोगों को मुसलमान बनाया जा रहा है, हिन्दू लड़कियों व महिलाओं को जबरदस्ती इस्लामिक स्टेट में विभिन्न भूमिकाएं निभाने के लिए मजबूर किया जा रहा है और उन्हें सीरिया, लेबनान आदि भेजा जा रहा है।

केरला स्टोरी, फिल्म द कश्मीर फाईल्स (केएफ) की तर्ज पर बनाई गई हैं, जिसमें अर्धसत्य दिखाए गए हैं और मुख्य मुद्दों को परे रखकर नफरत फैलाने और विभाजनकारी राजनीति को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया है। केएफ को गोवा में आयोजित 53वें अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोह की जूरी के प्रमुख ने प्रचार फिल्म बताया था। जूरी के एक अन्य सदस्य ने इस फिल्म को अश्लील कहा था। टीकेएस 5 मई को रिलीज होगी। इसका टीजर पिछले साल 2 नवंबर को जारी हुआ था और इसका ट्रेलर 27 अप्रैल को सार्वजनिक किया गया। इन्हें देखकर इस बात का साफ संकेत मिलता है कि फिल्म में अर्धसत्य दिखाए गए हैं और बिना पर्याप्त शोध के धर्मपरिवर्तन, इस्लामिक स्टेट में लड़ाकों की भर्ती, ईराक पर अमेरिका के हमले के बाद उभरे आतंकी संगठनों और पश्चिम एशिया के तेल उत्पादक इलाकों में रूस को पैर न जमाने देने के लिए अमेरिका द्वारा कट्टरपंथी इस्लामिक समूहों को प्रोत्साहन दिए जाने आदि मुद्दों को उठाया गया है।

टीकेएस में दावा किया गया है कि आईएस द्वारा 32,000 हिन्दू लड़कियों का धर्मपरिवर्तन करवाया गया है। कम से कम इतना तो कहा ही जा सकता है कि इस आंकड़े का स्त्रोत संदिग्ध है। आदिल रशीद द्वारा इंस्टीट्यूट ऑफ डिफेन्स स्टडीज एंड एनालेसिस (आईडीएसए) के लिए तैयार किए गए एक शोधपत्र वाय फ्यूअर इंडियन्स हैव ज्वाइंड आईएसआईएस के अनुसार दुनिया भर से लगभग 40,000 लोग आईएसआईएस में शामिल हुए हैं। भारत से सौ से भी कम लोग आईएसआईएस के प्रभाव वाले सीरिया और अफगानिस्तान के इलाकों में गए और लगभग 155 को आईएसआईएस से उनके संबंधों के कारण गिरफ्तार किया गया। वर्ल्ड पाप्युलेशन रिव्यू के दुनिया भर से आईएसआईएस में हुई भर्ती संबंधी आकड़ों से पता चलता है कि जिन देशों से बड़ी संख्या में लोग आईएसआईएस में शामिल हुए वे हैं ईराक, अफगानिस्तान, रूस, ट्यूनिशिया, जार्डन, सउदी अरब, तुर्की एवं फ्रांस आदि। सबसे अधिक भर्तियां मध्यपूर्व से हुईं और उसके बाद यूरोप से। आईएसआईएस में शामिल हुए भारतीयों की संख्या बहुत कम है। केरल की धर्मांतरित महिलाओं के आईएसआईएस में शामिल होने संबंधी दावे कोरी बकवास हैं।

इस फिल्म के निमार्ता अपने आपको सत्यवादी सिद्ध करने पर इस कदर आमादा हैं कि उन्होंने यह दावा किया है कि फिल्म एक सच्ची कहानी पर आधारित है। वे एक लड़की की कहानी सुनाते हैं जिसे अहसास हो गया है कि उसे फंसा लिया गया है वह अब अफगानिस्तान की एक जेल में है। उस लड़की का दावा है कि कई और लड़कियां उसी की जैसी स्थिति में हैं। मात्र इस आधार पर फिल्मकार दावा करते हैं कि उनके पास कई लड़कियों के बयान हैं और इस आधार पर वे 32,000 की संख्या तक पहुंच गए।

केरल में धर्मांतरण की स्थिति पर कई अलग-अलग बातें कही गईं हैं। केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओम्मन चांडी ने राज्य विधानसभा में सन् 2006 से लेकर 2012 तक के धर्मांतरण संबंधी विस्तृत आंकड़े प्रस्तुत किए थे। उन्होंने बताया था कि सन् 2006 से लेकर 2012 तक कुल 7,713 व्यक्तियों ने धर्मपरिवर्तन कर इस्लाम ग्रहण किया जबकि 2,803 धर्म परिवर्तित कर हिन्दू बन गए। यह दिलचस्प है कि उन्होंने कहा कि ईसाई धर्म ग्रहण करने वालों के संबंध में कोई आंकड़े उपलब्ध नहीं हैं। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने 2009-12 के बीच इस्लाम अपनाया उनमें से 2,667 युवा महिलाएं थीं जिनमें से 2,195 हिन्दू और 492 ईसाई थीं। उन्होंने कहा कि किसी का भी जबरदस्ती धर्म परिवर्तन नहीं हुआ है।

लव जिहाद (हिन्दू लड़कियों को मुसलमान बनाना) के नाम पर जुनून पैदा करने का काम केरल से शुरू हुआ था। हम सब जानते हैं कि साम्प्रदायिक ताकतों को अपनी जड़ें जमाने के लिए विघटनकारी और भावनात्मक मुद्दों की सख्त जरूरत होती है। अब चूंकि केरल में राम मंदिर और पवित्र गाय जैसे मुद्दों पर लोगों को भड़काना संभव नहीं था इसलिए झूठ और अर्धसत्यों को अनेक तरीकों से समाज में फैलाने में माहिर तंत्र ने लव जिहाद की काल्पनिक कथा गढ़ ली। चांडी ने यह भी कहा था, हम जबरदस्ती धर्म परिवर्तन नहीं होने देंगे और ना ही हम लव जिहाद के नाम पर मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलाने के अभियान को चलने देंगे। राज्य के विभिन्न शहरों के पुलिस आयुक्तों द्वारा की गई जांच में यह सामने आया कि हिन्दू और ईसाई लड़कियों को बहला-फुसलाकर मुसलमान बनाने का कोई संगठित और सुनियोजित प्रयास नहीं हो रहा है। परंतु भाजपा ने इस मुद्दे को लपक लिया। लव जिहाद भले ही कहीं नहीं हो रहा हो परंतु 11 राज्यों में लव जिहाद के खिलाफ कानून बन चुके हैं! हाल में महाराष्ट्र में सकल हिन्दू समाज नामक संगठन ने इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन किया। लव जिहाद हिन्दू समुदाय के लिए खतरा है, इस झूठ को इतनी बार दुहराया गया है कि वह मुस्लिम अल्पसंख्यकों के खिलाफ नफरत भड़काने का हथियार बन गया है। लव जिहाद हो रहा है या लव जिहाद जैसी कोई चीज है इसका कोई प्रमाण उपलब्ध नहीं है। सूचना का अधिकार के तहत पूछे गए एक प्रश्न के 11 नवंबर 2020 को दिए गए उत्तर में राष्ट्रीय महिला आयोग ने कहा कि वह लव जिहाद के संबंध में कोई आंकड़े नहीं रखता। लव जिहाद से संबंधित शिकायतों की कोई अलग श्रेणी नहीं है और ऐसे कोई आंकड़े आयोग द्वारा संधारित नहीं किए जाते।

केरल की सत्ताधारी मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी एवं इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग इस फिल्म के प्रदर्शन के खिलाफ हैं क्योंकि उनका मानना है कि इससे मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैलेगी। राज्य के मुख्यमंत्री पिनयारी विजयन ने कहा कि रचनात्मक स्वतंत्रता का धार्मिक आधार पर समाज को बांटने के लिए दुरूपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इस फिल्म के प्रदर्शन के खतरनाक नतीजों को भांपते हुए केरल से कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने ट्वीट कर कहा है कि ऐसे व्यक्ति को एक करोड़ रुपए का इनाम दिया जाएगा जो यह साबित कर सके कि 32,000 लड़कियां काल्पनिक लव जिहाद की शिकार हुई हैं। उन्होंने यह भी कहा कि शुद्ध झूठ पर आधारित इस फिल्म के प्रदर्शन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। अभी कुछ ही समय पहले सर्वोच्च न्यायालय ने अपने सर्वश्रेष्ठ निर्णयों में से एक में कहा है कि नफरत फैलाने वाले भाषणों का राज्य सरकारों को स्वतः संज्ञान लेना चाहिए और यदि वे ऐसा नहीं करतीं तो इसे न्यायालय की अवमानना समझा जाएगा। न्यायालय को एक कदम और आगे बढ़कर यह भी स्पष्ट कर देना चाहिए कि कलात्मक स्वतंत्रता के नाम पर प्रचार फिल्मों पर रोक लगाई जानी चाहिए या कम से कम सेंसर बोर्ड को यह जांच करनी चाहिए कि फिल्म को जिन तथ्यों या आंकड़ों पर आधारित बताया जा रहा है वे कितने प्रामाणिक हैं।

टेक्सटाइल सेक्टर की नई अहमियत

यह बात महत्वपूर्ण है कि देश में टेक्सटाइल सेक्टर कृषि के बाद रोजगार देने वाला दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र भी है। इस समय टेक्सटाइल सेक्टर में करीब 4 .5 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष रूप से और करीब 6 करोड़ लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त है। जिस तरह इस समय टेक्सटाइल सेक्टर को रणनीतिक रूप से प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे टेक्सटाइल उद्योग में अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल और महिला श्रम शक्ति के साथ-साथ नए कम्प्यूटर एआई पेशेवरों के लिए भी रोजगार के और अधिक प्रचुर मौके निर्मित होंगे। टेक्सटाइल सेक्टर में सभी प्रकार के लोगों के लिए रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। युवा अपनी कुशलता के आधार पर विभिन्न रूपों में करियर बना सकेंगे।

डा. जयंती लाल भंडारी

लेखिक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं

इस समय देश ही नहीं दुनिया के टेक्सटाइल विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्र सरकार ने टेक्सटाइल उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश के सात राज्यों तमिलनाडु, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के लिए अगले पांच सालों में पूरा करने का लक्ष्य रखते हुए 4445 करोड़ रुपये आवंटन की जिस पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क योजना को मंजूरी दी है और एक अप्रैल 2023 से जिस अभूतपूर्व नई विदेश व्यापार नीति (एफटीपी) को लागू किया गया है, उससे टेक्सटाइल सेक्टर में उत्पादन, निर्यात और रोजगार के मौके छलांगे लगातार बढ़ते हुए दिखाई देंगे। यह बात महत्वपूर्ण है कि देश में टेक्सटाइल सेक्टर कृषि के बाद रोजगार देने वाला दूसरा सबसे बड़ा क्षेत्र भी है। इस समय टेक्सटाइल सेक्टर में करीब 4.5 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष रूप से और करीब 6 करोड़ लोगों को अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार प्राप्त है। जिस तरह इस समय टेक्सटाइल सेक्टर को रणनीतिक रूप से प्रोत्साहन दिया जा रहा है, उससे टेक्सटाइल उद्योग में अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल और महिला श्रम शक्ति के साथ-साथ नए कम्प्यूटर एआई पेशेवरों के लिए भी रोजगार के और अधिक प्रचुर मौके निर्मित होंगे। टेक्सटाइल सेक्टर में सभी प्रकार के लोगों के लिए रोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। युवा अपनी कुशलता के आधार पर विभिन्न रूपों में करियर बना सकेंगे। गौरतलब है कि प्रधामंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए के पांच एफ (फार्म टू फाइबर, फायबर टू फैक्ट्री, फैक्टरी टू फैशन तथा फैशन टू फॉरेन) विजन और प्लग एंड प्ले एकीकृत बुनियादी ढांचे की आधुनिक अवधारणा पेश की है। वस्तुतः पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क एक ही स्थल पर कताई, बुनाई, प्रसंस्करण, रंगाई व छपाई से लेकर टेक्सटाइल निर्माण तक एक एकीकृत वस्त्र मूल्य श्रृंखला का अवसर प्रदान करते हुए दिखाई दे रहा है। प्रत्येक मेगा टेक्सटाइल पार्क से करीब एक लाख प्रत्यक्ष और दो लाख अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे। ऐसे में पीएम मित्र पार्क दुनिया के लिए मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड की पहल के बेहतरीन उदाहरण बनेंगे और मेगा टेक्सटाइल पार्क के माध्यम से घरेलू निमार्ताओं को अंतर्राष्ट्रीय कपड़ा बाजार में समान मौके मिलेंगे। ऐसे में भारत का टेक्सटाइल निर्यात जो वर्ष 2021-22 में 44.4 अरब डॉलर रहा है, वह वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर के निर्यात लक्ष्य को पार करते हुए दिखाई देगा। उल्लेखनीय है कि भारत में टेक्सटाइल उद्योग शताब्दियों के समृद्ध इतिहास के साथ देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है। इस समय टेक्सटाइल सेक्टर देश के कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 2 प्रतिशत से अधिक और मूल्य के संदर्भ में देश के कुल औद्योगिक उत्पादन में करीब 7 प्रतिशत योगदान करता है। वर्तमान में भारत दुनिया में कपड़ों का छठा सबसे बड़ा निर्यातक है तथा वैश्विक रेडीमेड गारमेंट बाजार में अपना एकाधिपत्य जमाने को तैयार है। भारत से होने वाले कुल टेक्सटाइल और परिधान निर्यात सबसे अधिक करीब 27 प्रतिशत अमेरिका को किया जाता है। इसके बाद करीब 18 प्रतिशत यूरोपीय संघ को, करीब 12 फीसदी बांग्लादेश और करीब 6 फीसदी संयुक्त अरब अमीरात को निर्यात किया जाता है। निःसंदेह भारत के टेक्सटाइल सेक्टर को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन व निर्यात बढ़ाने के लिए सरकार ने एक के बाद एक विभिन्न नीतिगत पहलों और योजनाओं को लागू करके प्रभावी कदम उठाए हैं। सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के विजन की दिशा में अहम कदम आगे बढ़ाते हुए कपड़े और तकनीकी वस्त्रों के उत्पादन को बढ़ावा देने और के लिए 10683 करोड़ रुपये के स्वीकृत परिव्यय के साथ उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना शुरू की है। वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सरकार ने संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना, एकीकृत वस्त्र पार्कों के लिए योजना, कपड़ा क्षेत्र में क्षमता निर्माण की योजना लागू की हैं, जिनके अनुकूल परिणाम आ रहे हैं। सरकार के द्वारा शुल्क वापसी योजना के अंतर्गत 23 मार्च से हो रहे निर्यात पर विभिन्न लाभ दिए जा रहे हैं। साड़ी और लुंगी समेत कपड़ा क्षेत्र की 18 वस्तुओं के व्यापार को बढ़ाने के उद्देश्य से इनको भी निर्यात उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट के अंतर्गत लाभ दिए जा रहे हैं। इस समय देश में टेक्सटाइल के गुणवत्तापूर्ण उत्पादन, निर्यात बढ़ाने तथा एक कुशल और एकीकृत कपड़ा क्षेत्र सुनिश्चित करने के लिए टेक्सटाइल सेक्टर के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। बांग्लादेश और वियतनाम जैसे देशों के लिए तरजीही टैरिफ देने के कारण भारत से टेक्सटाइल निर्यात को नुकसान हुआ है। बांग्लादेश चीनी धागों का आयात करता है, उन्हें अपने सस्ते श्रम का इस्तेमाल करके कपड़े बनाता है और बिना किसी आयात शुल्क इस तरह के कपड़े भारत को निर्यात करता है। ऐसे में बांग्लादेश को दी गई शुल्क मुक्त बाजार की पहुंच भारत में चीनी वस्त्रों के अप्रत्यक्ष प्रवेश की सुविधा प्रदान कर रही है। देश में चीन और कुछ अन्य देशों से टेक्सटाइल के सस्ते आयात कुछ क्षेत्रों में घरेलू टेक्सटाइल उद्योग को नुकसान पहुंचा रहे हैं। निःसंदेह इस समय भारतीय टेक्सटाइल सेक्टर के लिए टेक्सटाइल के वैश्विक बाजार में आगे बढे तथा वैश्विक बाजार में प्रमुख आपूर्तिकर्ता बनने के शानदार अवसर उभरकर दिखाई दे रहे हैं। ऐसे अवसर को मुठ्ठी में करने के लिए टेक्सटाइल विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के साथ-साथ कई और बातों पर भी ध्यान देना होगा। अब टेक्निकल टेक्सटाइल में मशीनरी और उपकरणों के स्वदेशी विकास की विविध आवश्यकताओं की पूर्ति तथा डिजाइन, इंजीनियरिंग, फैब्रिकेशन तथा प्रोटोटाइपिंग में स्थानीय कौशल का दोहन किया जाना होगा। टेक्सटाइल से संबंधित विषय के प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में चयनित स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप व अनुदान से लाभान्वित करके टेक्निकल टेक्सटाइल के मैन्युफैक्चरिंग और एप्लिकेशन क्षेत्र दोनों के लिए उद्योग-प्रशिक्षित पेशेवरों तथा अत्यधिक कुशल श्रमिकों को तैयार किया जाना होगा। टेक्निकल टेक्सटाइल में निजी और सार्वजनिक शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम बनाने के लिए टेक्सटाइल के डिप्लोमा और डिग्री कार्यक्रमों को नए दौर की टेक्सटाइल से जुड़ी अध्ययन सामग्री से सुसज्जित करना होगा। हम उम्मीद करें कि एक अप्रैल को लागू की गई देश की नई विदेश व्यापार नीति में टेक्सटाइल सेक्टर को प्राथमिकता तथा पीएम मित्र मेगा टेक्सटाइल पार्क एवं टेक्सटाइल सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए लागू की गई प्रौद्योगिकी उन्नयन योजना, बुनियादी ढांचे के निर्माण और कौशल विकास से जुड़ी विभिन्न योजनाओं के कारगर क्रियान्वयन से भारत का टेक्सटाइल सेक्टर वर्ष 2030 तक 100 अरब डॉलर निर्यात का लक्ष्य प्राप्त करते हुए कुल 250 अरब डॉलर कारोबार की ऊंचाई को पार करते हुए देश के प्रमुख रोजगार प्रदाता उद्योग के रूप में रेखांकित होते हुए दिखाई देगा।

जांच एजेंसियों का जस का तस पुराना रवैया

विनीत नारायण

बीते शुक्रवार को किसी समय देश की सबसे बड़ी रही निजी एयरलाइन के यहाँ सीबीआई के छापे पड़े। ये छापे जेट एयरवेज पर 538 करोड़ रुपये के बैंक घोटाले के आरोप के चलते पड़े। पिछले कई महीनों से जेट एयरवेज के नए स्वामी जालान कालाँक समूह को लेकर काफी विवाद है। अब इन छापों से जेट एयरवेज के गड़े मुर्दे फिर से बाहर आने लगे हैं। इसके साथ ही से कार्यवाही करने वाली जाँच करने के लिए एजेंसियाँ भी सवालों के घेरे में आएँगी। ऐसा नहीं है कि निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी एयरलाइन जेट एयरवेज ने केवल बैंक घोटाला ही किया है। इस समूह ने देश के नागर विमानन क्षेत्र में अपनी दबंगई के चलते कई नियमों की खुलेआम धज्जियाँ उड़ाई। नागर विमानन मंत्रालय व अन्य मंत्रालयों ने आँखें बंद रखीं। 2014 से हमने जेट एयरवेज की तमाम गड़बड़ियों की सप्रमाण लिखित शिकायतें नागर मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, सीवीसी और सीबीआई को दी। परंतु जेट एयरवेज के मालिक नरेश गोयल की ताकत के चलते इन शिकायतों पर कछुए की चाल से कार्यवाही हुई। आखिरकार जब ये कंपनी दिवालिया हुई तो शिकायतें भी ठंडे बस्ते में चली गयीं। परंतु आज जब सीबीआई ने बैंक घोटाले की शिकायत पर कार्यवाही शुरू की तो सवाल उठा कि केवल बैंक घोटाले पर ही जाँच क्यों? जेट एयरवेज पर नागर विमानन कानून की धज्जियाँ कंपनी के खातों में गड़बड़ी, कंपनी की सुरक्षा जाँच को लेकर गड़बड़ी जैसे आरोपों पर भी जांच होनी चाहिए। गैर विदेशी नागरिक को अपनी कंपनी में उच्च पद पर रखना, बिना जरूरी इजाजत के गैर कानूनी ढंग

संक्षिप्त खबरें

पंचायत उपचुनाव मतदान 25 मई को

मुजफ्फरपुर। जिले में पंचायत उपचुनाव के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। मतदान 25 मई को कराया जाएगा। आज नामजदगी का आखिरी दिन है। नामांकन पत्रों की जांच 12 मई और नाम वापसी की तिथि 15 मई निर्धारित है। इसी दिन अभ्यर्थियों को चुनाव चिह्न आवंटित किया जाएगा। मतदान 25 मई को सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगा।मतों की गिनती 27 मई को होगी।

बढ़ने लगी गर्मी ,पारा हुआ 38 डिग्री पार

मुजफ्फरपुर।मौसम एक बार फिर अपना मेंबर बदलने लगा है। पिछले सप्ताह हल्की बारिश ने मौसम सुहाना बना दिया था।आज से तापमान का बढ़ना फिर शुरू हो गया है।जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केंद्र डॉ० राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा द्वारा आज के मौसम की जानकारी दी गई है।इसके अनुसार ,आज अधिकतम तापमान सामान्य से 2.5 डिग्री बढ़ कर 38.5 डिग्री सेल्सियस हो गया। वहीं आज का न्यूनतम तापमान 18.4 सेल्सियस रहा जो सामान्य से 4.4 डिग्री कम है। आज सुबह मे सापेक्ष आर्द्रता 63 प्रतिऐ और दोपहर बाद घट कर 19 प्रतिशत हो गई। पछिया हवा की गति 7.1 कि०मी० प्रति घंटा रही।

दो नाबालिग चचेरी बहनों के साथ दुष्कर्म, एक गिरफ्तार

बोचहा। थाना क्षेत्र के एक गांव में शनिवार के करीब तीन बजे घास काटने खेत में गई दो किशोरियों के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। परिवार के लोगों ने रातभर खोजबीन किया, लेकिन कोई अता पता नहीं चल रहा था। रविवार को अहले सुबह घर लौटी किशोरी ने आपबीती सुनाई तो ग्रामीणों के सहयोग से एक आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले किया है। प्रभारी थानाध्यक्ष रंजना वर्मा ने बताया कि परिवार के लोग रात्रि में भी थाने पर आए थे, उस समय से पुलिस सक्रिय है। फिलहाल पकड़े गए एक आरोपी युवक दीपक कुमार से पूछताछ की जा रही है। वही पीड़ित किशोरी से भी पूछताछ कर रही है। इधर, किशोरी की मां ने एक लिखित आवेदन देकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाया है। दिए गए आवेदन में पुलिस को बताया गया है कि शनिवार के करीब तीन बजे गांव के बाहर खेत में घास काटने गई थी। गांव के दो युवकों ने मिलकर घटना का अंजाम दिया है। रातभर दोनों किशोरि चीखते चिल्लाती रही, लेकिन आरोपी डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा। सुबह ग्रामीणों के सहयोग से किशोरी को घर लाया गया तो आपबीती सुन दंग रह गए। इस मामले में आरोपी दीपक कुमार को पकड़ा गया है।

जनता दरबार में एसपी ने सुनी फरियाद

बेगूसराय। एसपी योगेंद्र कुमार ने सोमवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार आयोजित कर 48 फरियादियों की पीड़ा को सुना। साथ ही संबंधित थानाध्यक्षों को गंभीरता से लेते हुए मामलों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। एसी ने बताया कि जनता दरबार में त्वरित कार्रवाई करने का आदेश दिया गया है। दूसरी तरफ लापरवाही बरतने वाले पुलिस पदाधिकारियों को चेतावनी दी गई है।

अनशन पर बैठे सामाजिक कार्यकर्ता

मधुबनी हरलाखी प्रखंड अंतर्गत बैंक ऑफ इंडिया विशौल ब्रांच परिसर में सामाजिक कार्यकर्ता मोहन राम के द्वारा अनिश्चित कालीन अनशन शुरू किया गया है। अनशनकारी मोहन राम ने बताया कि अफसरशाही मनमानी एवं बैंकिंग शोषण के खिलाफ यह अनशन शुरू किया गया है। उन्होंने बैंक के अधिकारियों के विरुद्ध आरोप लगाया है कि बैंक ऑफ इंडिया विशौल ब्रांच एक राजनीतिक अड्डा बन गया है। बैंक के अफसरों एवं कर्मियों के द्वारा ग्राहकों के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। पासबुक अपडेट के लिए महीनों चक्कर काटना परता है। बैंक में हमेशा पैसा का किल्लत रहती है जिससे आपातकालीन स्थिति में ग्राहकों को बाहर से कमीशन देकर पैसा निकालना परता है। इधर अनशनकारी ने बताया कि जबतक उपरोक्त सभी समस्याओं का निदान नहीं हो जाता तबतक अनशन जारी रहेगी।

मजदूरों का हक और मांगो को लेकर संघर्ष करने का आह्वान

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर बिहार प्रान्तीय खेतिहर मजदूर यूनियन अंचल के गोबराही ब्रांच में मई दिवस को लेकर कार्यकताओं के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यूनियन के अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद द्वारा संघर्ष के प्रतीक लाल का झंडारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई।

झंडारोहण के बाद उपस्थित यूनियन के कार्यकताओं समेत अन्य लोगों के द्वारा शहीद वेदी पर पुष्प माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उमाशंकर प्रसाद ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए किसान सभा के जिला अध्यक्ष रामजी यादव ने कहा कि आज दुनिया के अन्दर 01 मई को मजदूर दिवस मनाने के पीछे एक बड़ा संघर्ष का इतिहास हैं। पूंजीवादी व्यवस्था शोषण के विरुद्ध और मजदूरों के हक की मांग को लेकर मजदूर वर्ग के संगठनों ट्रेड यूनियन का जन्म हुआ जिसमें कई मजदूर नेताओं ने अपनी कुवार्नी दी हैं। एक समय था जब मजदूरों से बीस -बिस घन्टे तक काम लिया जाता था। आज जब कि पूंजीवादी देशों में भी मजदूर आंदोलन अपनी शक्ति के बल पर अनेक रियायतें हासिल कर चुका हैं। मजदूरों की इस सहुलियतों को कोविड के दौरान रातों रात श्रम संहिताओं में बदलाव कर भारत सरकार समाप्त करने का काम किया हैं। देश के अन्दर जहा जहा भाजपा शासित राज्य है वहा पर 12 घन्टे मजदूरी करने के लिए मजदूरों का मजबूर करने का लगातार प्रयास जारी हैं।

हमारे देश में मेहनतकश वर्ग की एकता तोड़ने और असल मुददों से भटकाने के लिए जाति, धर्म, पुलिस और कानून के जरिये विरोध को दबाने के लिये हर तरह के हथगंडे अपना कर तंग तबाह किया जा रहा हैं। ताकि पूंजीपतियों की खुलेआम लूट खसोट को कायम रखा जा सकें। हम सभी संकल्प लेते है कि मजदूरों के हक सुविधाओं और मांगो को लेकर संघर्ष जारी रखेंगे। हम सभी मजदूरों के हक मांगो के लिए लड़ाई लड़ने वाले और अपनी कुवार्नी देने वालों का कुवार्नी को नहीं भूलते हुए बेकार नहीं जाने देंगे ।हम सभी का मजदूरों के हक और मांग को लेकर संघर्ष जारी रहेगा और संघर्ष करने का आह्वान करते है । कार्यक्रम को जिला सचिव शशिभूषण प्रसाद, किसान सभा के नेता पवन कुमार यादव, खेत मजदूर यूनियन के अंचल अध्यक्ष उमाशंकर प्रसाद,दिनेश ठाकुर,मो. हासिम , शंकर यादव, राम जीवन यादव,स्तन मंडल, रामदेव मंडल, विशेश्वर यादव समेत कई कार्यकताओं ने सम्बोधित किया । मौके पर बड़ी संख्या में कार्यकताओं और किसानों एवं आम लोगों मजदूरों ने भाग लिया।

रहिका लूट कांड के आरोपी रैयाम थाना क्षेत्र से गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी रहिका थाना पुलिस ने दिनांक 05 मई को जगत से मुख्य मार्ग से जुड़ने वाली कच्ची सड़क कृष्णा पब्लिक कोचिंग सेंटर के पास भारत फाइनेंस मैनेजर से टैब मोबाइल व नगद 09 हजार रूपए लूट मामले में रहिका पुलिस ने कांड का उद्भेदन कर दरभंगा जिला के रैयाम थाना क्षेत्र के रजौरा रही टोल से नरेश चौधरी के पुत्र अनिल चौधरी को लुटा हुआ रुपए में से 1000 हजार व आधार कार्ड लूट में उपयोग बुल्लू कलर अपाची मोटर साइकिल के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। रहिका थाना अध्यक्ष राज किशोर कुमार ने बताया कि अपराधी के खिलाफ पूर्व में रैयाम थाना में भी मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अपराधी को न्यायिक हिरासत में लेने हेतु व्यवहार न्यायालय मधुबनी भेज दिया गया न्यायिक हिरासत में लेते हुए14 दिनों के लिए कारा मंडल रामपट्टी भेज दिया गया।

अखंड महा विष्णुयज्ञ प्रारम्भ 1151कन्याओं की निकली शोभायात्रा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। कुढ़नी प्रखंड अंतर्गत किशुनपुर मधुबन पंचायत के बछुमन गांव में बालक दास उर्फ नागा बाबा के नेतृत्व में आयोजित ग्यारह दिवसीय श्री सीताराम नाम जप अखंड महाविष्णुयज्ञ का शुभारंभ सोमवार को हाथी -घोडे बैंड बाजा के साथ 1151 कन्याओं द्वारा कलश शोभायात्रा निकाल कर की गई । जहां यज्ञ स्थल से झीकटी कदाने नदी पुल से जलबोझी कर भिन्न-भिन्न गांवों का परिक्रमा करते हुए विभिन्न देवी-देवताओं की जयकारा लगाते हुए यज्ञ स्थल पहुंचे जहां बालक दास उर्फ नागा बाबा द्वारा सभी कलश यात्री को फलाहार कराते हुए प्रसाद ग्रहण कराया गया। वही कलश शोभायात्रा में जिप अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद पासवान , शंकर कुशवाहा , प्रेमचन्द सहनी , पूर्व मुखिया उमाशंकर सहनी , दिनेश झा, रामदयाल सहनी , चन्देश्वर सिंह, लाला सहनी , सुरेश सहनी ,जवाहर सहनी , नवल सहनी ,अवधेश सहनी ,मंजीत सहनी , विक्की , सुनील , सुयानंद , जयप्रकाश सहनी , ज्ञानू , भोला , विश्वजीत ,रामजनम सिंह , विनय झा, सुरेन्द्र सहनी आदि ने अपना सहयोग दिया। वही यज्ञ के नेतृत्वकर्ता नागा बाबा ने बताया कि यह यज्ञ सूबे के लिए अद्वितीय होगा । मंगलवार को रात्रि नौ बजे बाबा के नाभि से अग्नि प्रवेश कराया जाएगा। साथ ही अगले दिन बुधवार से सभी दिन 11 नागों के साथ यज्ञशाला का परिक्रमा कराया जाएगा । वही यज्ञ स्थल पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है । वही तमाम श्रद्धालुओं को यज्ञ को सफलता एवं तन-मन-धन से सहयोग करते हुए श्री बालक दास उर्फ नागा बाबा ने नागा बाबा ने कहा कि श्री सीताराम नाम जप अखंड महाविष्णुयज्ञ में शामिल होने से जीव दैहिक, दैविक, और भौतिक तापों से मुक्त हो जाता है.साथ ही जीव को चतुष्टय सिद्धि अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष की प्राप्ति होती है।

रवीन्द्रनाथ और जानकीवल्लभ शास्त्री के साम्य पर विमर्श

ब्रह्मानन्द ठाकुर,
प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। भारतीय संस्कृति के महान चिंतक तथा विश्व मानवतावाद के समर्थ दार्शनिक कवि रवींद्रनाथ टैगोर और गीत पुरुष आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री अपनी शब्द साधना एवं भाव संपदा के कारण कालजयी रचनाकार हैं। दोनों ने साहित्य की लगभग सारी विधाओं में श्रेष्ठ लेखन किया है। प्रकृति और प्रेम के यथार्थ क आत्मसात करके जिस ढंग से व्यक्त किया है, वह अनुपम और अतुलनीय है।

ये बातें बेला पत्रिका की ओर से आयोजित निराला निकेतन के महावाणी स्मरण में जानकीवल्लभ शास्त्री और रवींद्र नाथ ठाकुर पर विस्तार से बोलते हुए बेला के संपादक कवि गीतकार डॉ संजय पंकज ने कही। डॉ पंकज ने आगे कहा कि सात सर्गो के महाकाव्य राधा में शास्त्री जी ने प्रेम, अध्यात्म, और भक्ति को राधा-कृष्ण के तात्विक संदर्भ में व्यक्त किया है। रवींद्र नाथ ने शांतिनिकेतन तो जानकीवल्लभ शास्त्री ने निराला निकेतन को व्यापक साधना-स्थल के रूप में प्रस्तुत किया। रवीन्द्र नाथ टैगोर और जानकीवल्लभ शास्त्री आध्यात्मिक चेतना तथा मानवीय मूल्यों के भारत के श्रेष्ठतम सांस्कृतिक रचनाकार हैं।

ऋषि प्रज्ञा और दार्शनिक मनीषा के दोनों बड़े शब्द साधक हैं। इनके गीतों के भाव और सौंदर्य का दर्शन कराते हैं। दोनों ही आलोक के साधक, गायक और संधानी हैं। अंतश्चेतना में उड़ान भरने वाले आलोक पुरुष हैं । संजय पंकज ने विषय केंद्रित विचार के बाद अपने गीत - जर्जर कश्ती आंधी पानी, टूटी है पतवार/ जाना है किस और कहां पर, भूला खेवनहार, कौन उतारे पार - सुनाकर श्रोताओं मर्म को झकझोर दिया। अपने अध्यक्षीय उद्गार में शुभ नारायण शुभंकर ने कहा कि विश्वकवि रवींद्रनाथ और मनीषी कवि जानकीवल्लभ शास्त्री दोनों ही भारत के रागात्मक प्राण हैं। शुभंकर जी ने - इसलिए मिली नहीं स्वतंत्रता कि बेलगाम हो चले जुबान देश में - गीत सुनाकर आजादी का सच्चा अर्थ बताया। विजय शंकर मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि जानकीवल्लभ शास्त्री और रवींद्र नाथ दोनों विश्व मानवतावाद के रचनाकार थे जिनकी रचनाओं में प्रेम, करुणा, सहानुभूति, जड़ और चेतन सबके प्रति सद्भाव तथा संवेदना है। विजय शंकर मिश्र ने गीत - पग पग ठोकर पग पग बाधा, पग पग उलझन भटकन है, नाम इसीका जीवन है - सुनाकर सब में ऊर्जा का संचार किया। नरेंद्र मिश्र ने - परशुराम का परशु सजग है, बच न सकोगे खरद्विबाहु, सत्येन्द्र कुमार सत्येन ने भोजपुरी गीत सुनाया तो रामवृक्ष चकपुरी ने - इंसान को सिखाए सुंदर वसूल पर चलना - नज्म सुनाकर जीवन संदेश दिया, देवेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, शशिरंजन वर्मा ने राजनीतिक परिदृश्य पर तो प्रवीण कुमार मिश्र ने शिक्षक को केंद्र में रखकर कविता का पाठ किया। अरुण कुमार तुलसी की गजल का शेर - दरिया को है क्या समंदर से वास्ता, मिलने के जुनून में खोज ही लेता रास्ता - प्रेरक रहा। शास्त्री जी की सुपुत्री शैलबाला मिश्र ने आचार्य जी की प्रिय रचना - गुलशन न रहा गुलचीं न रहा, रह गई कहानी फूलों की - सस्वर सुनाकर महावाणी को अनुभूत कराया। संचालन विजय शंकर मिश्र तथा धन्यवाद ज्ञापन मोहन प्रसाद ने किया।

बरौनी रिफाइनरी ने जिला प्रशासन को सौंपा 25 एयर कंडीशनर

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। इंडियन ऑयल के नीतिपरक मूल्यों, संरक्षण को चरितार्थ करते हुए बरौनी रिफाइनरी देश की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ बेगूसराय निवासियों के आर्थिक एवं सामाजिक विकास में निरंतर कार्यरत रहती है। सोमवार को बरौनी रिफाइनरी ने अपने सहयोग की कड़ी को आगे बढाते हुए बेगूसराय के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपयोग करने के लिए 25 एसी (एयर कंडीशनर) का योगदान दिया। रोशन कुशवाहा, जिला पदाधिकारी, बेगूसराय को एसी के स्वामित्व प्रमाण पत्र आर के झा, कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख, बरौनी रिफाइनरी द्वारा सुशांत कुमार, डीडीसी, राजेश कुमार सिंह, एडीएम, सत्य प्रकाश, कार्यपालक निदेशक (तकनीकी) और प्रमोद कुमार सिंह, सिविल सर्जन, बेगूसराय की उपस्थिति में सौपा गया। इसके पश्चात एसी से लदे दो गाड़ियों को रवाना किया गया। इस अवसर पर रिफाइनरी के कार्यों की सराहना करते हुए डीएम श्री कुशवाहा ने कहा, बरौनी रिफाइनरी अपने कॉपोरेट सामाजिक दायित्व और कॉपोरेट पर्यावरण दायित्व के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं के माध्यम से बेहतरीन कार्य कर रहती है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी बरौनी रिफाइनरी ने कई कार्य किए हैं। जिसमें दो पीएसए आधारित ऑक्सिजन प्लांट की स्थापना, ऑक्सिजन सिलिन्डर का योगदान, सदर अस्पताल में 50 बेड के चिकित्सा वर्ड की स्थापना, सदर अस्पताल को एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम से सुसज्जित तीन एम्ब्युलेन्स का योगदान इत्यादि शामिल हैं। हमने बेगूसराय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बेहतर वातावरण प्रदान करने के उद्देश्य से रिफाइनरी से एसी के योगदान का सुझाव रखा था। मुझे प्रसन्नता है कि हमेशा की तरह रिफाइनरी ने झा जी के नेतृत्व में हमारा साथ दिया है।ह्व इस अवसर पर आर के झा ने कहा, ह्वबरौनी रिफाइनरी स्वास्थ्य और पर्यावरण के क्षेत्रों में कार्य करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम अपनी मौजूदा क्षमता के अनुसार बेगूसराय निवासियों के बेहतरी के लिए कई कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। अभी हमने 25 स्पिलट एसी मशीन अपने सीईआर पहल के अंतर्गत लगभग 10 लाख की लागत से जिला प्रशासन को प्रदान किया है। हमें आशा है इससे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्य करने वाले कर्मचारियों और साथ ही वहाँ इलाज कराने वाली आम जनता को गर्मी से राहत मिलेगी। इस अवसर पर डॉ प्रशांत राऊत, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), एस जी वेंकटेश, मुख्य महाप्रबंधक (टीएस एवं एचएसई), डॉ पी के नाथ, महाप्रबंधक (ईएमएस, एमएस, एलएंडडी), अन्य महाप्रबंधकगण, पीयूष कुमार राय, सीईसी, आईओओए, श्री रजनीश रंजन, डीजीएस, बीटीएमयू, जिला प्रशासन और रिफाइनरी के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

नेपाल आंखा अस्पताल में सैकड़ों ग्रामीणों का हुआ निःशुल्क आंख जांच

प्रात : किरण संवाददाता

रक्सौल। अंतरराष्ट्रीय स्वंयसेवी संस्था लायंस क्लब इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 322ई की इकाई संस्था लायंस क्लब ऑफ रक्सौल एवं नेपाल आंखा अस्पताल, रक्सौल के सौजन्य से ग्राम पंचायत राज पनटोका के भरतमही ग्राम मे लायंस क्लब ऑफ रक्सौल के अध्यक्ष लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया, सचिव लायन पवन किशोर कुशवाहा तथा कोषाध्यक्ष सह नेपाल आंखा अस्पताल के डायरेक्टर लायन मोहम्मद निजामुद्दीन के नेतृत्व एवं मुखिया सुमन चौरसिया पति विशाल चौरसिया, समाजसेवी उमेश प्रसाद चौरसिया, दिनेश चौरसिया, प्रदीप दास, मुकेश दास, अच्छेलाल सहनी आदि गणमान्य लोगों की उपस्थिति मे नेत्र विशेषज्ञ डॉ.रश्मि ठाकुर, डॉ. मुस्तफा आलम, शाहिद अहमद, दीप रंजन कुमार, देवलाल के कुशल देखरेख मे सैंकडों ग्रामीणों का मुफ्त आंख जांच करते हुए आवश्यकतानुसार फ्री में दवा उपलब्ध कराया गया। साथ ही अग्रतर उचित मशविरा देते हुए मोतियाबिंद से ग्रसित मरीजों को नेपाल आंखा अस्पताल, लक्ष्मीपुर रक्सौल जाकर मुफ्त ऑपरेशन तथा दवा का समुचित सलाह एवं मार्गदर्शन किया गया। वहीं आंख जांच शिविर मे भरतमही ग्राम के जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवी लोगों का भरपूर सहयोग एवं योगदान मिला। जिसकी जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष लायन शम्भु प्रसाद चौरसिया ने बताया कि लायंस क्लब एक समाजसेवी संस्थाओं में विश्व की अग्रणी स्वंयसेवी संस्थाओं में से एक है, जिसकी समाजिक कार्यों में सदैव तत्परता एवं सकारात्मक भाव से कार्य करने में एक अलग प्रतिष्ठा एवं पहचान प्राप्त है। लायंस क्लब ऑफ रक्सौल की स्थापना वर्ष 2002 में हुई तब से निरंतर समाजिक कार्यों बढ़चढ़ अपनी महत्ती भूमिका का निर्वहन करती आ रही है। इसी जनसेवा कार्य के तहत लोगों के समुचित स्वास्थ की चिंतन करते हुए लायंस क्लब ऑफ रक्सौल समय समय पर निरंतर स्वास्थ सेवा मुहैया कराने के लिए कृत संकल्पित है।

सक्षम महोत्सव पर बरौनी रिफाइनरी में निकाली गई साइकिल रैली

प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय। 24 अप्रैल से 8 मई तक चलने वाले पेट्रोलियम उत्पादों और ऊर्जा संरक्षण पर केन्द्रित, सक्षम महोत्सव 2023 के अंतर्गत 7 मई को बरौनी रिफाइनरी में ऊर्जा संरक्षण का संदेश देते हुए साइकिल रैली का आयोजन किया गया। आर के झा, कार्यपालक निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख ने रिफाइनरी टाउनशिप स्टेडियम से झंडी दिखाकर इस साइकिल रैली का उद्घाटन किया और उसका नेतृत्व भी किया। इस अवसर पर जी आर के मूर्ति, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजना), एस जी वेंकटेश, मुख्य महाप्रबंधक (टीएस एवं एचएसई), महाप्रबंधकगण, उपमहाप्रबंधकगण, पीयूष कुमार राय, सीईसी, आईओओए, रजनीश रंजन, डीजीएस, बीटीएमयू तथा अन्य अधिकारिगण उपस्थित थे। इस वर्ष सक्षम का विषय ऊर्जा संरक्षण-नेट जीरो की ओर है। टाउनशिप निवासियों, महिलाओं और बच्चों ने भी इस साइकिल रैली में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इससे पूर्व 30 अप्रैल को बरौनी रिफाइनरी ने बीआरडीएवी और केंद्रीय विद्यालय, आईओसी के स्कूली बच्चों के लिए ऑफिसर्स क्लब तरंग में एक सामूहिक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। कक्षा 1 से 12 के 1200 से अधिक छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और ऊर्जा संरक्षण से नेटजीरो की ओर पर अपने विचार प्रदर्शित किए। कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों के 50 से अधिक शिक्षकों ने भी भाग लिया। दिन के दौरान टाउनशिप के निवासियों के लिए एक पीयूसी शिविर भी आयोजित की गई। जिसमें 100 से अधिक वाहन मालिक शिविर से लाभान्वित हुए। 28 अप्रैल को टीम बीआर ने केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 6 से 12 तक के स्कूली बच्चों के लिए उनके दैनिक जीवन में ऊर्जा संरक्षण के लिए विभिन्न कदमों पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया था। गृहिणियों को ऊर्जा संरक्षण अभियान से जोड़ने के उद्देश्य से उनके लिए 01 मई, 2023 को ऑफिसर्स क्लब में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम सह क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें 100 से अधिक पति-पत्नी ने भाग लिया।

स्मृति शेष बोढ़न सिंह की पुण्यतिथि पर सम्मान समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

मंसूरचक, बेगूसराय। प्रखंड क्षेत्र के मंसूरचक बाजार स्थित स्व. बोढ़न सिंह स्मृति सभागार में महान व्यक्तिव, शिक्षाविद, एन. एन. सिन्हा+2 स्कूल के संस्थापक प्रधानाध्यापक, बहुश्रुत विद्वान स्मृतिशेष बोढ़न सिंह की सातवीं पुण्यतिथि सह मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता बिहार पेंशनर समाज के वरिष्ठ सदस्य श्यामानंद चौधरी ने की। संचालन रामसेवक महतो ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत पेंशनर समाज के सदस्य रामसेवक महतो ने सरस्वती वंदना के साथ किया। साथ ही सौम्या श्री ने स्वागतगान से अतिथियों का स्वागत किया। तत्पश्चात उपस्थित गणमान्यों ने स्व. बोढ़न सिंह के तैल्यचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। समारोह में मुख्य अथिति के रूप में प्रख्यात कवि डा. शैलेंद्र शर्मा त्यागी, विशिष्ठ अतिथि सुधाकर राय (शिक्षक नेता) एवं संजय कुमार (प्रभारी प्रधानाध्यापक एन. एन. सिन्हा+2 विद्यालय मंसूरचक) की उपस्थिति रहीं। जिन्होंने स्व. बोढ़न बाबू के शिक्षा, समाज के विकास में कृतित्व को याद किया। कहा बोढ़न बाबू अमर है, उनका कृतित्व अमर है, वे स्वयं एक इतिहास हैं। इस पावन अवसर पर अतिथियों को चादर एवं माला से सम्मानित किया गया। साथ ही क्षेत्र के कई विद्यालयों एवं महाविद्यालयों (एन. एन. सिन्हा+2 विद्यालय, डी. बी. एम. कॉलेज, परियोजना बालिका विद्यालय, टी. पी. सी. उच्च विद्यालय, उच्च माध्यमिक विद्यालय नैपुर, भीषमचक, गोविंदपुर, खम्हार एवं छबीलापुर) के दसवीं एवं बारहवीं टॉपर्स को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। जिसमें नाजिया तलत रहमानी (471), युवराज कुमार (471), सत्यप्रकाश राय (470), शुभम कुमार (465), आदित्य राज(463), सचिन कुमार (462), मो. गालिब (450), शाक्य प्रवीण (449), राजू कुमार (439), आशीष कुमार (433) एवं कंचन कुमारी (419)। मौके पर बिहार पेंशनर समाज मंसूरचक के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार सिंह, सचिव रामबहादुर महतो, सदस्य प्रेमकुमार ईश्वर, पत्रकार आशीष भूषण आदि उपस्थित थे।

एसपी एवं सदर एसडीओ के द्वारा माल्यार्पण कर मनाया गया रेडक्रॉस दिवस

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी नगर स्थित रेडक्रॉस भवन में माल्यार्पण रेडक्रॉस दिवस कर मनाया गया !कार्यक्रम की शुरूआत रेडक्रॉस के सचिव डॉक्टर गिरीश पाण्डेय द्वारा रेडक्रॉस की महत्ता बता कर की गई।जिसके बाद उन्होंने पूर्व में रेडक्रास द्वारा किए गए कार्यो और उपस्थित आजीवन सदस्यों से मुख्य अतिथि एसपी सुशील कुमार और विशिष्ट अतिथि सदर एसडीओ अश्वनी कुमार से परिचय कराया।जिसके बाद मधुबनी रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष सह मुख्य अतिथि एसपी सुशील कुमार और विशिष्ट अतिथि सदर एसडीओ अश्वनी कुमार ने जिन हेनरी डूऑनट के मूर्ति पर मल्यापर्ण किया।मुख्य अतिथि और रेडक्रॉस के उपाध्यक्ष एसपी सुशील कुमार ने कहा की रेडक्रॉस एक मानवीय संस्था है,पूरे विश्व में इसकी एक अलग अंतरराष्ट्रीय पहचान है।ये मानव आपदा और राहत में सदैव तत्पर रहने वाला संस्था है।देश के सुदूर इलाके और अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक पड़ने वाले मधुबनी जिले में इसने हमेशा ही आगे बढ़कर काम किया है।मौके पर विशिष्ट अतिथि सदर एसडीओ अश्वनी कुमार ने कहा की रेडक्रॉस का कार्य सराहनीय रहा है और आशा है की आगे भी रेडक्रॉस आमजन के लिए ऐसे ही कार्य करता रहेगा। रेडक्रॉस जिले भर में और काम करे इसके लिए प्रशासन से उन्हें हरसंभव मदद मिलती रहेगी जिसके लिए हम शुभकामना देते हैं। मौके पर बोलते हुए रेडक्रॉस के सचिव डॉक्टर गिरीश पाण्डेय ने कहा की 8 मई 1828 को जिन हेनरी डूऑनट जन्म हुआ था, इन्हे हेनरी ड्यूनेन्ट के नाम से भी जाना जाता। स्विस व्यापारी और सामाजिक कार्यकर्ता, रेड क्रॉस के संस्थापक थे और नोबल शांति पुरस्कार के पहले प्राप्तकर्ता भी थे। उनके जन्मदिवस को हम रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाते हैं।1859 में एक व्यापार यात्रा के दौरान, ड्यूनेन्ट आधुनिक इटली में सॉलफेरिन की लड़ाई के गवाह थे। यात्रा के क्रम में उन्होंने युद्ध में कई घायको को देखा और उनका सेवा किया। जिसका बाद उन्हें इस तरह की संस्था की पूर्णकालिक रूप से चलने की आवश्यकता महसूस हुई। उन्होंने अपनी यादें और अनुभवों को एक मेमोरी ऑफ सॉलफिरोनो में दर्ज किया जो 1863 में रेड क्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति (आईसीआरसी) के निर्माण से प्रेरित था।1864 का जेनेवा कन्वेंशन रेडक्रॉस का विचार रेडक्रॉस के गठन का आधार बना।1910 में उन्हें फ्रेडरिक पासी के साथ मिलकर हेनरी ड्यूनेन्ट को पहली स्विस नोबल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया।1919 ई० में प्रथम विश्वयुद्ध के बाद जेनेवा कन्वेंशन में उन्होंने रेडक्रॉस की स्थापना की। भारत में रेडक्रॉस सोसायटी ऑफ इंडिया की स्थापना 1920 में हुई। राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रपति इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष होते हैं, उसी तरह राज्य में राज्यपाल और जिला के जिलाधिकारी इसके जिलाध्यक्ष होते हैं। रेडक्रॉस कोई एनजीओ नही है, इसका अपना एक्ट है, जिसके अनुसार से ये चलता है। भूकंप,बाढ़ और अन्य सभी तरह के आपदा के समय रेडक्रॉस हमेशा से कार्य करता रहा है। कोरोना में गिलेशन बाजार में इंद्र भूषण रमण, सप्पू बैरोलिया, अजय धारी सिंह और अमित महासेठ ने सफलतापूर्वक जनताके लिए सेंटर चलाया।बाद में ऐसे और भी 4 सेंटर खोल कर चलाए गए।प्रो० नरेंद्र नारायण सिंह निराला ने कहा कि पूरे विश्व में यूएनओ और रेडक्रॉस दो ही संस्था सर्वमान्य है।इसलिए सभी अपने जैसे स्वयंसेवक सदस्य को जोड़ने का प्रण लें। आपदा के समय सेवा में रेडक्रॉस हमेशा से सबसे आगे रहा है जिसमें हमलोग हमेशा से सहयोग करते आ रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। मौके पर प्रबंध कार्यकारणी के सदस्य जहीर परसौनवी, प्रो० इस्तियाक अहमद, प्रह्लाद पूर्वे, ज्योति रमण झा, एस० एन० लाल, दीपक कुमार श्रीवास्तव, अजीत पासवान, राजा ठाकुर, डॉक्टर अमिताभ परमेश्वर ठाकुर, हिमांशु रंजन, सुनील कुमार दास, राजकुमार झा, अजय शंकर मिश्रा, टुनटुन राम आदि ने जिन हेनरी डूऑनट के मूर्ति पर पुष्प अर्पित किए। कार्यक्रम की समाप्ति सुरेंद्र ठाकुर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

देवधा पुलिस ने एक शराब तस्कर को किया गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर देवधा थाना पुलिस के द्वारा शराब मामले में करवाई करते हुए एक शराब तस्कर को शराब समेत शराब तस्करी में प्रयुक्त एक साइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। शराब मामले में की गई कर

संक्षिप्त खबरें

मोटरसाइकिल सवार जख्मी

असरगंज। असरगंज थाना अंतर्गत चांपा गांव के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिससे मोटरसाइकिल सवार छोटी कोरियन निवासी मनोज यादव व उसका पुत्र जख्मी हो गया। घटना की सूचना मिलते ही असरगंज थाना के एस आई अशोक सिंह ने जांच शुरू कर दिया।घायल को इलाज हेतु असरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

ट्रेक्टर मोटरसाइकिल में भिड़ंत

असरगंज। असरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत मासुमगंज तमन्ना पोखर के पास मोटरसाइकिल एवं ट्रेक्टर के बीच भिड़ंत हो गई।इस घटना में ट्रेक्टर चालक फरार हो गया।ग्रामीणों के द्वारा घायल को इलाज के लिए असरगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया।

सभी बैंकों के सुरक्षा हेतु किया गया निरीक्षण

असरगंज। एसपी के निर्देश पर असरगंज थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार के द्वारा असरगंज थाना अंतर्गत संचालित सभी बैंक शाखाओं का सुरक्षा के दृष्टीकोण जांच किया गया। जांच के क्रम में सभी शाखा प्रबंधक को सीसीटीवी कैमरे को चालू रखने को कहा गया।बैंक में ग्राहकों से भी पूछताछ किया गया। दो लोगों को पूछताछ के लिए थाना गया।असरगंज थाना अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार ने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक को किसी भी प्रकार का दिक्कत की स्थिति पर थाना को सुचित करें।बैंक में कार्यरत सुरक्षा गार्ड की भी जांच की गई।

राज्यपाल मनोज सिन्हा के आगमन पर जिला प्रशासन अलर्ट

भागलपुर।जम्मू कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा अपने पारिवारिक कार्यक्रम में शम्मलित होने के लिए देवघर से पूजा करने के बाद भागलपुर पहुंचे। उनका काफिला देवघर से भागलपुर सड़क मार्ग होते हुए अतिथि कक्ष पहुंचा, जहां उन्हें जिला पुलिस के जवानों द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। राज्यपाल के दो दिवसीय दौरे को लेकर जिले में हाई अलर्ट किया गया है।महामहिम के आगमन को लेकर शहर के चप्पे-चप्पे पर प्रशासन के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे।गौरतलब हो कि महामहिम का भागलपुर में पहुंचे दो दिवसीय दौरे के तहत कई कार्यों में शिरकत करेंगे है।

अग्नि सुरक्षा के तहत चलाया जन जागरूकता अभियान

भागलपुर।जीवन जागृति सोसायटी के द्वारा आम लोगों के बीच पहुंच जागरूकता अभियान चला रही है। अग्नि सुरक्षा जगरुकता रथ को सोसायटी के अध्यक्ष के द्वारा हरि झड़ी दिखा कर रवाना किया गया, जो सूबे के कई हिस्से में घूम घूम कर लोगों को अग्नि सुरक्षा के तहत आग से बचाव के लिए जागरुक करने का काम कर रही है।वही सोसायटी के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि गर्मी बढ़ने के साथ ही अगलगी की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिलती है। इसी बाबत हमारी संस्था ने एक पहल करते हुए लोगों को आग लगने से बचाव एवं उसके बुझाने के तरीके की जानकारी देंगें हैं, जिससे लोग जल्द आग पर काबू पाकर अपने आसपास के होने वाले नुकसान को बचाव कर सके। गौरतलब हो कि इस अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक, एलईडी बोर्ड और बैनर पोस्टर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।इस दौरान लोगों को गैस सिलेंडर में आग लगने पर बचाव, फुस के घरों में मिट्टी का लेप लगाने और दोपहर के समय में भोजन ना पकाने जैसे उपाय बताए गए, ताकि अगलगी की घटना से बचाव किया जा सके।

भागवत कथा का श्रवण से होता है जीवन सफल : जगतगुरु श्रीधराचार्य

औरंगाबाद। भागवत कथा का के श्रवण से जीवन सफल होता है। अपने माता-पिता की सेवा करनी चाहिए।जिस घर में भागवत कथा व पूजा होती है।उस घर में लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा सदैव बनी रहती है।जीवन की बंधन से मुक्ति का एक मार्ग श्रीमद् भागवत कथा श्रवण ही है।इससे भक्तों की परेशानी दूर हो जाती है।उक्त बातें शहर के क्षत्रिय नगर स्थित गीता कुंज में अशर्फी भवन अयोध्या से पधारें जगतगुरु श्रीधराचार्य जी महाराज ने कही। जगतगुरु श्रीधराचार्य जी महाराज ने 9 मई 2023 से 15 मई 2023 तक आयोजित श्रीमद्भागवत कथा यज्ञ की शामिल होने पधारे है।जगतगुरु श्रीधराचार्य जी महाराज ने कहा कि भगवान हमेशा अपने भक्तों की रक्षा के लिए तैयार रहते हैं।बस जरूरत है उन्हें सच्चे मन से याद करने की।जगतगुरु श्रीधराचार्य जी महाराज ने आगे कहा कि हम सभी जीव प्रभु के अंश हैं और भगवान ही हमारे अंशी हैं। प्रभु सत्ता के बिना हम सभी जीव अधूरे हैं। यज्ञ समिति से जुड़े सूरज पाण्डेय ने बताया कि 9 मई 2023 को सुबह 6 बजे से जल यात्रा निकलेगी जो देव सूर्य कुंड से शुरू होकर क्षत्रिय नगर पहुचेगी।

राजद द्वारा आयोजित किया गया स्वागत सम्मान समारोह

प्रात : किरण संवादाता

सदर,मुंगेर। कांग्रेस के कद्दावर नेता जमालपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी रहे अधिवक्ता सुप्रीम कोर्ट संजय सिंह यादव का हाजिसुजान स्थित संत-महंत सत्संग आश्रम के प्रांगण में राजद मुंगेर द्वारा उनके पार्टी में शामिल होने पर भव्य स्वागत व अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला राजद मुंगेर के पूर्व अध्यक्ष देवकीनंदन सिंह ने की। इस अवसर पर उन्हें आज राजद कार्यकताओं द्वारा अंग वस्त्र एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया तदोपरांत बिहार प्रदेश राजद के नव मनोनीत सचिव देवकीनंदन सिंह, जमालपुर राजद प्रखंड के नवनिर्वाचित अध्यक्ष मो. कौसर फैयाज, मुखिया प्रतिनिधि विकास यादव, नवनिर्वाचित वार्ड पार्षद मो. तनवीर, वार्ड पार्षद धनंजय कुमार उर्फ डीके को भी माला पहना कर स्वागत किया गया। अपने स्वागत भाषण में राजद नेता संजय सिंह यादव ने कहा कि मैं कुछ दिन पूर्व कांग्रेस से राजद में जरूर आया हूं पर मेरी आस्था वर्षों से राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव, बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं वन पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव एवं राजद के प्रति रहा है। उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव एवं वन एवं पर्यावरण मंत्री तेज प्रताप यादव ने जो मेरे ऊपर विश्वास किया है। उस पर खरा उतरते हुए मैं पूरे बिहार ही नहीं बल्कि देश की राजधानी दिल्ली में भी राजद को मजबूत करूंगा। राजेश पायलट और सचिन पायलट के काफी करीबी रहे पूर्व कांग्रेसी नेता संजय सिंह यादव ने इस मौके पर मीडिया को दिए अपने बयान में कहा कि तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरे राज्य का दौरा कर समाज के सभी वर्गों को तेजस्वी यादव के साथ जोड़ेंगे। लालू प्रसाद यादव के समाजिक न्याय की धारा को मजबूत करेंगे।बिहार को विकसित राज्य बनाने के लिए और औद्योगिक विकास के लिए देश के बड़े उद्योगपतियों से मिलकर राज्य में पूंजीनिवेश के लिए आग्रह करेंगे ताकि राज्य में रोजगार के अवसर पैदा हो सके। इस अवसर पर राजद नेता नरेश सिंह यादव, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव प्रो. विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में राजद कार्यकर्ता एवं नेता उपस्थित थे।

खाना मांगने में विवाद पर पत्नी को मारी गोली

प्रात : किरण संवादाता

तारापुर (मुंगेर)। तारापुर थाना क्षेत्र के अफजल नगर खुदिया गांव निवासी वार्ड संख्या 2 के स्वर्गीय फौजदारी यादव के पुत्र मल्लिक यादव ने अपनी पत्नी प्रियंका देवी को अपने घर में ही गोली मारकर बुरी तरह से जख्मी कर देने का मामला सामने आया है ।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार के दोपहर में मल्लिक यादव ने अपनी पत्नी प्रियंका से खाना मांगा ,जहां पत्नी ने गुस्से में अपने पति को कमाने की बात जैसे ही बोला कि पति आवेश में आकर घर में रखे अवैध हथियार से पत्नी के ऊपर जान मारने की नियत से गोली चला दिया। जिसमें पत्नी प्रियंका गोली लगते ही गंभीर रूप से जख्मी होकर घर में ही गिर पड़ी । गोली की आवाज सुनकर आसपास के लोग जुट गए । जहां घटना की जानकारी लोगों ने तारापुर पुलिस को दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को सबसे पहले इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल तारापुर लाया जहां महिला के पेट में गोली का छडड़ा फंसे रहने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए भागलपुर रेफर किया गया। गांव के कई ग्रामीणों ने तारापुर थाना अध्यक्ष राजेश कुमार रंजन को अस्पताल पहुंचकर बताया कि मलिक यादव हमेशा नशा करता रहता है । बेवजह अपनी पत्नी को हर रोज प्रताड़ित करता है। लोगों ने आगे बताया कि घायल महिला 15 दिन पूर्व अपने मायके तारापुर थाना क्षेत्र के मुश्कीपुर गांव से अफजलनगर ससुराल आई थी । इतना ही नहीं मायके के लोगों ने बताया कि साल भर पहले भी मलिक यादव अपने ससुराल मुश्कीपुर में भी बिना किसी बात को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों पर अवैध लोडेड हथियार तान दिया था । घायल महिला ने अस्पताल में पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान अपने पति को नामजद अभियुक्त बनाया है । इधर पुलिस मामले की पूरी गहराई से जांच पड़ताल कर रही है । पुलिस एवं गांव वाले के डर से मलिक यादव घर छोड़कर फरार है ।

प्रलोभन देकर वोट पाना चाहते हैं मुंगेर के सांसद : शैलेंद्र चौधरी

मुंगेर, प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर में सांसद के द्वारा दिए जा रहे हैं मांस के भोज पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता शैलेंद्र चौधरी ने कहा मुंगेर सांसद ने कभी अपने क्षेत्र में कार्य नहीं किया ना ही वो जनता के बीच में रहे मुंगेर को एक टापू बनाने का कार्य उन्होंने किया था ।आज जब चुनाव का समय आया तो लोगों को प्रलोभन देकर वोट पाना चाहते हैं। वह मुंगेर का विकास नहीं चाहते। जिस तरह से जंगलराज में जनता को निरीह प्राणी समझ कर मारा जा रहा है उसी को ये बताना चाहते है की मुझसे नही डरे तो निरीह प्राणियों की तरह उनको भी मारकर उसका मांस का भोज करेंगे। मुंगेर सांसद ललन सिंह बता रहे हैं की वह तुष्टीकरण के साथ-साथ वोट के लालच में किसी को भी हानि पहुंचा सकते हैं।

अगर मुंगेर सांसद ने काम किया होता तो इस तरह भोज देने की जरूरत नहीं पड़ती जिससे निरीह प्राणियों की जान भी बच जाती। ऐसे सांसद महोदय उस पार्टी के हैं जिनके नेता गजनी बन गए हैं और इन लोगों को लगता है कि कि मांस के भोज देने से जनता इनको वोट दे देगी ।इन्होंने जनता को जो लाठी मारा है नौकरी के नाम पर जनता उसको कभी नहीं भूलेगी इनके मुख्यमंत्री भूल सकते हैं क्योंकि आजकल वो गजनी बने हैं लेकिन जनता किसी चीज को भूलती नहीं है, जनता इतनी बेवकूफ नहीं है।आज की जनता पढ़ी लिखी है वह नोट के लिए वोट नहीं देती तो मांस खाने के लिए क्यों इनको वोट कैसे दे देगी। ऐसे भी मांस का भोज देने वाले दुष्ट और दानव प्रवृत्ति के लोग होते हैं मुंगेर की जनता जानती है कि मुंगेर के सांसद किस प्रवृत्ति के हैं और किस तरह मुंगेर को बर्बाद करने पर लगे हुए इस बार जनता उन्हें बुरी तरह से चुनाव में हराकर के मुंगेर से विदाई देगी।

शादी की नियत से बहला फुसलाकर भगाने के आरोपित पर नहीं ले रही पुलिस संज्ञान

प्रात : किरण संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। थाना क्षेत्र के रायकड गांव की नाबालिग लड़की को पांच दिन पूर्व शादी की नियत से बहला फुसला कर घर से भगाकर ले जाने का मामला उजागर हुआ है। इस संदर्भ में नाबालिग लड़की के पिता सुशील दास ने थाना में आवेदन देकर नाबालिग पुत्री को बरामद करने की गुहार लगाई है।

थाना में दिए आवेदन में सुशील दास ने रायकड गांव के नीतीश कुमार व विकास दास को नाबालिग पुत्री काल्पनिक नाम रिया कुमारी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोपी बनाया है। बावजूद संग्रामपुर थाना पुलिस मामले को संज्ञान में नहीं ले रही है और न ही आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए कोई सख्त कदम उठा रही है। जो पुलिस की निष्क्रियता को दशार्ता है। सुशील दास ने बताया कि नीतीश कुमार व विकास दास मित्र है। उसी दोनों ने मिलकर मेरी पुत्री को भगा ले गया है। मुझे आशंका है कि कहीं विकास दास मेरी पुत्री को बिक्री तो नहीं कर दिया। क्योंकि विकास दास आपराधिक प्रवृत्ति का है। दो तीन लडकियों को प्रेमजाल में फंसाकर बिक्री किया गया है। विकास मेरी नाबालिग पुत्री से चोरी छिपे मोबाइल से बातचीत किया करता था। जो मोबाइल काल डिटेल से पता चला है। काल डिटेल से यह प्रतीत होता है कि विकास व नीतीश ही मेरी बेटी को भगा ले गया है। बावजूद पुलिस किसी तरह की कार्रवाई नहीं कर रही है। थाना का चक्कर लगाकर थक सा गया हूं व पुलिस मेरी फरियाद को अनसूना कर देती है। पुलिस का यह रवैया हमारी समझ से परे है। हम अपनी पुत्री की बरामदगी चाहते हैं।वहीं थानाध्यक्ष रजन कुमार ने कहा कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है।

चांदपुरा की टीम ने भागलपुर टीम को छह विकेट से हराकर खिताब पर जमाया कब्जा

प्रात : किरण संवादाता

संग्रामपुर (मुंगेर)।प्रखंड के दुगार्पुर में आयोजित पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल मुकाबले में शनिवार को चांदपुरा की टीम ने भागलपुर जिले के गोसाइंदासपुर की टीम को छह विकेट से हराकर खिताब पर कब्जा कर लिया। टॉस के लिए फाइनल मैच में चांदी का सिक्का उछाला गया। चांदपुर की टीम के कप्तान बंटी झा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। निर्धारित 15 ओवर के मैच में टॉस गवा कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी गोसाई दासपुर की टीम शुरूआती लड़खड़ा हट के बावजूद गोविंदा के 20 गेंद में 7 छक्के की मदद से खेली गई 56 रन की तूफानी पारी के बदौलत 141 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। टीम की तरफ से बिट्टू ने भी 32 गेंद पर 39 रन की पारी खेली। 142 रन का लक्ष्य का पीछा करने उतरी चांदपुरा की टीम ने शुरूआती धमाकेदार अंदाज पर की। खासकर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रवि झा ने 22 गेंद में 9 छक्के एवं पांच चौके की मदद से 80 रन की तूफानी पारी खेल मैच को एकतरफा कर दिया। चांदपुरा की टीम 11वें ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। रवि झा कोष के बेहतरीन प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच तथा टूनार्मेंट का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज घोषित किया गया। मैच की समाप्ति के बाद जदयू प्रखंड अध्यक्ष कमलनयन सिंह ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की। विजेता और उपविजेता टीम को क्रमशः 11000 और 6000 का नगद इनाम भी दिया गया। मैच की अंपायरिंग अंकित और दिवाकर ने की तथा कॉमेंट्री में रवि प्रकाश और विराट ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

तारापुर के डीएसपी ने की समीक्षा बैठक

प्रात : किरण संवादाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। तारापुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पंकज कुमार ने संग्रामपुर थाना प्रभारियों के साथ थाना क्षेत्र में अपराधों की समीक्षा को लेकर बैठक की गई।डीएसपी श्री कुमार ने अपराध संबंधित कागजातों, लंबित केशों हत्या, संगीन अपराध आदि संबंधित मामलों में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों से थाना क्षेत्रों में स्वयं रात्रि-गश्ती करने का निर्देश दिया। साथ ही डीएसपी ने शराब मामले पर कहा कि हर हाल में शराब तस्करों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। इस दौरान डीएसपी ने अपराध और अनुसंधान से जुड़े हर मामले की समीक्षा की। उन्होंने क्राइम कंट्रोल पर अधिकारियों को विशेष दिशा निर्देश दिया। बैठक में थानाध्यक्ष रंजन कुमार, एसआई ब्यूटी कुमारी,स्वीटी कुमारी,बी के यादव ,मुन्सी मनीष कुमार सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद थे।

कहोलग्राम में हुआ विधिक जागरूकता का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। अनुमंडल विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय कहलगांव के तीर्थनगरी कहोलग्राम तत्वाधान में अवर न्यायाधीश अमित कुमार शर्मा व मुंसिफ शिल्पा प्रशांत मिश्रा के निर्देशन में पैनल अधिवक्ता रेशमा कुमारी व पीएलवी काजल कुमारी ने नगर पंचायत के वार्ड नंबर 17 के आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के लिए मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं विषय पर जनउपयोगी बालहित में जानकारी दी। मामले को लेकर अधिवक्ता रेशमा कुमारी ने बताया कि नालसा कार्य योजना किशोर न्याय अधिनियम की धारा 121(सी) के तहत प्रत्येक बालक जिस पर कोई मुकदमा दायर या प्रतिरक्षा करना हो वह निःशुल्क विधिक सेवाओं का हकदार है। यौन शोषण व यौन अपराध से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2005 के अंतर्गत, विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत बच्चे के परिवार अथवा अभिभावक को अधिवक्ता प्रदान करेंगे, ऐसी स्थिति में यदि वे विधिक सलाहकार वहन करने में असमर्थ चल रहे हैं। वही उन्होंने बताया कि आगामी 13 मई को न्यायालय परिसर में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में आप बैंक, बिजली, पानी से जुडे मामले का निपटारा करवा सकते हैं। वही कार्यक्रम के प्रारंभ में पैनल अधिवक्ता द्वारा बालकों से सम्बन्धित मैत्रीपुण विधिक सेवाएं के संबध में उपस्थित लोगों से जुड़ी शंका का निदान होगा, साथ ही उनके मौलिक अधिकार एवम कर्तव्यों का पाठ भी पढ़ाया जायेगा।

इस मौके पर प्राधिकार के मनीष पांडे ने बताया की अनुमंडल विधिक सेवा समिति, व्यवहार न्यायालय कहोलग्राम कहलगांव की ओर से इस प्रकार के कार्यक्रम संपन्न किया जा रहा है। इस विधिक जागरूकता कार्यक्रम में सैकड़ों बच्चे माता बहने ग्रामीण एवं कई गणमान्य व्यक्ति भी साथ - साथ अन्य लोग मौजूद थे। उपस्थित लोगों ने उपरोक्त कार्यक्रम की काफी सराहना की और कहा कि ऐसा कानूनी विधिक कार्यक्रम हमेशा आयोजित होते रहने चाहिये।

दो दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ आयोजन

शाहकुंड (भागलपुर)। सुल्तानगंज नगर परिषद स्थित मुरारका महाविद्यालय के मैदान मे सद्भावना सीजन थ्री के तहत दो दिवसीय क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस मैच विधिवत उद्घाटन पूर्व विधायक प्रत्याशी रवि सुमन कुमार उर्फ अरुण मंडल, डॉ. पुरुषोत्तम कुमार, अरुण स्पोर्ट्स क्लब के सदस्य कृष्णा जयसवाल, दरबारी सिंह के शिक्षक डब्ल्यू कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। क्रिकेट मैच में चार क्रिकेट टीम के प्रतिभागियों ने भाग लिया। जिसमें तक्षशिला कोचिंग सेंटर, इलेवन स्टार, सुपर किंग इलेवन व माही इलेवन के क्रिकेट टीम सामिल थे।

सलाना उर्स मौके पर नेताओं ने की चादर पोशी

प्रात : किरण ब्यूरो

शाहकुंड (भागलपुर)। सुलतानगंज नगर परिषद वार्ड 16 के कुम्हार टोली गली स्थित हजरत लाल पीर बाबा दरगाह के मजार पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सलाना उर्स के मौके पर चादर पोशी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर स्थानीय विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल, राजद नगर अध्यक्ष अफरोज आलम सहित महागठबंधन के कई नेताओं के अलावा मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हजरत लाल पीर दरगाह पहुचकर चादर पोशी की। वही सभी नेताओं ने देश में सुख शांति एंव अमन चैन भाईचारा का संदेश देते हुए दुआ मांगी। इस दौरान विधायक प्रो. ललित नारायण मंडल, राजद नगर अध्यक्ष अफरोज आलम एंव दरगाह के खादीम मो. मुस्तफा ने कहा कि सलाना उर्स को लेकर भव्य कार्यक्रम किया जाता रहा है, जो पुरे शहर में मस्जिद के सेकेट्री सोलमान मंसुर, मो नईम, मो. अकलम, के नेतर्त्व में चादर लेकर परिभ्रमण करते हुए आपसी भाईचारा के संदेश देते हुए चादर पोशी हजरत लाल पीर दरगाह के मजार पहुंच कर किया, साथ ही रात्री में हजरत सैयद फिरौज साह, जनाब मौईन उद्दिन, मौलाना मोजफर और कई मस्जिद के ओलमा सरीक होकर तकरिर किया जाएगा, और इसके लिए पुरे शहर के बुद्धि जीवी, एंव गरीबों को भी दावत पर बुलाकर सभी को प्रसाद ग्रहण कराया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर स्थानीय थाना के थानाध्यक्ष प्रिय रंजन के द्वारा हजरत लाल पीर दरगाह पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम किये गये थे।

अज्ञात हाईवा के चपेट में आ कर मजदूर की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

शाहकुंड (भागलपुर) ।सुलतानगंज थाना क्षेत्र के शिवम चौधरी ईट भट्टा के समिप देर रात अज्ञात हाईवा चालक ने पैदल चल रहे एक मजदूर को कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वही घटना को लेकर कमरगंज पंचायत के वार्ड 9 के सदस्य मो. चांदन व मृतक के चाचा ने बताया कि विगत देर रात शिवम चौधरी ईट भट्टा व अंगद यादव ईट भट्टा के बीच मुख्य सड़क मार्ग पर अज्ञात हाईवा चालक के द्वारा स्थानीय गाँव के एक मजदूर अंकित कुमार को कुचल कर हाइवा चालक ट्रक लेकर मौके से फरार हो गया है। घटना के तुरंत बाद देर रात ग्रामीणों के सहयोग से गम्भीर हालात में घायल मजदूर को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लेजाया गया। जहां पर मौजूद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। वही ग्रामीणों द्वारा घटना की सुचना स्थानीय थाना पुलिस को दी। वही घटना की सूचना मिलते ही घटना स्थल पर सुल्तानगंज थानाध्यक्ष प्रिय रंजन अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुचकर घटना की छानबीन में जुट गई। वही पुलिस ने मृतक मजदूर के शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानुनी कार्यवाही करते हुए मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मायागंज अस्पताल भेजा दिया गया है। वही दूसरी तरफ घटना से आहत हुए परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

नीट यूजी की परीक्षा, शांतिपूर्ण से हुई सम्पन्न

भागलपुर। मेडिकल में प्रवेश हेतु नीट यूजी 2023 की परीक्षा जिले के चिन्हित 8 केंद्रों पर आयोजित की गई। जिले में परीक्षा की समन्वयक डॉ. अरुणिमा चक्रवर्ती ने बताया कि भागलपुर में डीपीएस, डीएवी, आनंदराम ढाँढ़ानिया सरस्वती विद्या मंदिर, राम कृष्ण विद्या मंदिर, नवगछिया में बाल भारती विद्यालय, कहलगांव में डीएवी एनटीपीसी, संत जोसेफ, केंद्रीय विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम थे, सभी केंद्रों पर नीट के छात्र सुबह से ही परीक्षा केंद्र पहुंच रहे थे, परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने का समय 11 बजे दोपहर से 1:30 बजे तक था। वही दूसरी पाली परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से प्रारंभ हुई इस दौरान परीक्षार्थियों को सख्त हिदायत दी गई थी, कि परीक्षा केंद्र पर सिर्फ अपना प्रवेश पत्र व हॉल में खींची हुई फोटो लेकर ही आना है। गौरतलब हो कि इस बार नीट यूजी की परीक्षा 13 भाषा में आयोजित की गई थी, सबसे अधिक मात्रा में स्टूडेंट्स ने अंग्रेजी भाषा में परीक्षा प्रश्नों का जबाब सुनिश्चित किया है। परीक्षा केंद्रों से जैसे ही बच्चे निकल रहे थे,इस दौरान सभी के चेहरे खिले हुए थे। परीक्षार्थियों ने कहा परीक्षा अच्छी गई है, उम्मीद है रिजल्ट भी अच्छा होगा।

फाइनेंस कर्मी हत्या कांड का 24 घंटे के अंदर पुलिस ने किया सफल उद्भेदन

भागलपुर। नवगछिया पुलिस जिला स्थित गरैया गांव के समीप 14 नंबर सड़क पर लूट का विरोध करने पर अपराधियों ने पूर्णिया टीकापट्टी के फाइनेंसकर्मी नकुल कुमार पासवान की हत्या दी थी। मामले पर लेकर पुलिस ने गम्भीरता के साथ कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर मामले का उद्भेदन करते हुए 5 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अपराध कर्मियों में रंगरा चापर के अखिलेश कुमार उर्फ अकला मंडल, इस्माइलपुर छोटी परबत्ता के दीपक कुमार, सिन्टु कुमार, अभिषेक कुमार व डुलो कुमार शामिल है। वही पुलिस ने अपराधियों के पास से लूट के 34 हजार 9 सौ रुपये, दो देशी कट्टा, दो खोखा और दो मोटरसाइकिल के अलावे कई सामान बरामद किये हैं।

ट्रैक्टर के इंजन से दबकर 14 वर्षीय किशोर की हुई मौत

प्रात : किरण संवाददाता

नाथनगर (भागलपुर)। जिले भर में सड़क दुर्घटना का दौर जारी है, लेकिन स्थानीय जिला पुलिस प्रशासन का इस ओर कोई ध्यान नहीं है, जिले की सड़कों पर मौत को दावत दे हवा की तरह वाहनों की गति जारी है। वही एक और बेगुनाह की जान बेलगाम ट्रैक्टर के चपेट में आने से होने का मामला सामने आया है।

वही घटना को लेकर बताया जा रहा है कि नाथनगर थाना क्षेत्र के गोसाइदासपुर गांव के समीप दियारा इलाके में ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से एक किशोर की मौत हो गई। वही मृतक बच्चे की पहचान गोसाइदासपुर गांव के मनोज यादव के 14 वर्षिय पुत्र अरुण कुमार के रूप में बतायी जा रही है। वही घटना के बाद से मृतक किशोर अरुण के परिवार वालों के बीच कोहराम मचा हुआ है। वही घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय थाना पुलिस मृतक किशोर अरुण के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नवलखा भेज दिया है। वही घटना को लेकर परिजनों ने बताया कि गांव के ही ट्रैक्टर से मिट्टी लाने के लिए दियारा जा रहा था। तभी ट्रैक्टर चालक गाड़ी को किनारे में खड़ी कर पानी पीने के लिए पास में ही नलकूप पर चला गया था। इसी बीच ट्रैक्टर पर सवार किशोर ने गाड़ी की स्टार्टर चाभी घुमा दी, जिसके बाद अचानक ट्रैक्टर पलट गई और 14 वर्षिय किशोर की उक्त ट्रैक्टर की इंजन में दबकर मौके पर ही मौत हो गई।

जमीन बेचने का विरोध करने पर नशेड़ी ने पत्नी को मारी गोली

प्रात : किरण ब्यूरो

भागलपुर। जिले भर में जमीनी विवाद को लेकर आए दिन खून खराबा होने का मामला सामने आती रही है, कभी बेटे अपने पिता के साथ किस मुकदमा में दिखते हैं तो कभी चाचा भतीजे की लड़ाई होने के मामले सामने आते हैं, लेकिन विवाद का एक अलग ही मामला सामने आया है।

जमीन बेचने को लेकर पत्नी के मना करने पर पति ने ही गोली मारकर अपनी पत्नी को घायल कर दिया। ताजा मामला मुंगेर जिला के तारापुर इलाके का सामने आया है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मुंगेर जिला के तारापुर के लोना खुदिया गांव कि प्रियंका देवी को उसके पति मलिक यादव के द्वारा गोलीमार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया है। जिसके बाद घायल महिला को गंभीर हालत में बेहतर इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू चिकित्सा महाविद्यालय सह अस्पताल के सर्जरी विभाग में भर्ती कराया गया है।

जहां घायल महिला प्रियंका देवी की बहन का कहना है कि उसके पति के द्वारा जमीन बेचने की बात कही जा रही थी। जिसका पत्नी प्रियंका विरोध कर रही थी और इसी को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ और पति मलिक यादव के द्वारा गोली मारी गई है। वही इनका यह भी कहना है कि आरोपी पति अक्सर शराब के नशे में रहता है, और इसी कारण से उसने पत्नी को गोली मारी है। वही मामले को लेकर तारापुर थाना पुलिस घायल महिला का बयान दर्ज कर आरोपी पति मलिक यादव की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने में जुट गई है।

विवादित जमीन को लेकर दो पक्षों के बीच हुई हिंसक झड़प

प्रात : किरण ब्यूरो

पूर्णिया/ केनगर । थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत के धमदाहा एसएच 57 के समीप एक विवादित जमीन को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गयी। प्रथम पक्ष के मनीष कुमार गोस्वामी पिता स्व उमाशंकर गोस्वामी साकिन परोरा ने बताया कि जमीन पर मेरे पिता द्वारा लगभग पचास वर्षों से कब्जा है और मुझे बटाईदारी कानून के तहत डीसीएलआर के द्वारा प्राप्त है। जिसका दाखिल खारिज कराते हुए रजिस्टर टू में जमाबंदी भी संधारित है और मेरे पिता एवं मेरे द्वारा इस जमीन का सरकार को लगान भी जमा किया जा रहा है। जबकि तीन महीना पूर्व मृत्युंजय कुमार उर्फ मोलू चौधरी द्वारा लगभग एक सौ अज्ञात लोगों के साथ रात्रि मेरे जमीन पर आ धमके और मेरे जमीन को ट्रैक्टर से जोत कर जमीन को चारो तरफ से पीलर और तार से घेर कर एक छोटा सा टीना का घर बना दिया।

जब हमलोग को मालूम हुआ तो रोकने गये तो मोलू चौधरी लगभग एक सौ लोगों को लेकर हमलोगों पर हमला बोल दिया और मुझे और मेरी मां को जमकर मारा और हथियार सटाकर बोला भाग जा नहीं तो तुम दोनों को गोली मार देंगे। किसी तरह से जान बचाकर हम लोग वहां से भाग थाना गये। और एक लिखित आवेदन भी थाना को दिया परन्तु थाना द्वारा मोलू चौधरी से मोटी रकम ले लिया है और हमलोगों को उल्टे थाने पर से भगा दिया। तब जाकर हमलोग इस मामले की लिखित सूचना एसपी, कमिश्नर, आईजी एंव जिलाधिकारी को दिये। इस मामले को हमारे परिवार द्वारा एक पंचायत गांव वालो के साथ रखा गया। गांव वाले ने हमलोगों की बात सुनकर फैसला दिया कि म

संक्षिप्त खबरें

अधिकारियों एवं जिम्मेदार नागरिकों के पहल से सड़क दुर्घटना कंट्रोल होगा:कनौजिया

अरवल। अरवल में सड़क दुर्घटना रोकने को लेकर एवं पशुपालन अस्पताल में घोर अनियमितता के संबंध में राष्ट्रीय जनता दल पंचायती राज प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रविंद्र कनौजिया ने पुलिस अधीक्षक एवं जिला पदाधिकारी को संयुक्त रूप से मांग पत्र सौंपते हुए शांति समिति के तर्जपरपरिवहन विभाग केपदाधिकारियों एवं एनएच से जुड़े अधिकारियों, बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ सर्वदलीय बैठक बुलाकर सड़क दुर्घटना कैसे कम किया जाए इस पर गंभीर पहल करने का अनुरोध किया है। रविंद्र कनौजिया ने कहा कि सरकार एवं पदाधिकारियों के साथ-साथ जिम्मेदार नागरिको के पहल पर निश्चित तौर पर सड़क दुर्घटना पर कंट्रोल किया जा सकता है जनहित से जुड़े इस तरह के गंभीर मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट कराने पर दोनों पदाधिकारियों ने सराहना किया।

दो बाइक की सीधी भिड़ंत में युवक जख्मी

आरा। आरा-सासाराम स्टेट हाईवे पर जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के समीप सोमवार की दोपहर दो बाइक की सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक चरपोखरी थाना क्षेत्र के गड़हनी गांव निवासी मो.बसीरुद्दीन अंसारी का 25 वर्षीय पुत्र मो.सोनू है। इधर मो. सोनू ने बताया कि सोमवार के दोपहर वह अपने गांव से बाइक पर सवार होकर आरा शहर स्थित निजी अस्पताल में अपने भाई का इलाज करवाने के लिए आ रहा था। उसी दौरान तेतरिया मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रहे दूसरे बाइक सवार से सीधी भिड़ंत हो गई। जिससे वह बाइक से गिर पड़ा और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसके बाद 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज कराया जा रहा है। इसके बाद 112 नंबर पुलिस वाहन द्वारा इस घटना की सूचना जख्मी युवक के परिजनों को दी गई। जिसके बाद सूचना पाकर जख्मी युवक के परिजन आरा सदर पहुंचे।

फल्गु नदी मे डूबकर मरे आश्रित को अनुदान राशि दी गई

गया। गया मे कल हुई फल्गु नदी में डूबकर मरे आश्रित को आज आपदा अनुग्रह अनुदान के तहत चार- चार लाख रुपया दिया गया है। इस प्रकार कुल 12 लाख रुपया पीड़ित परिवार के परिजन को जिला भू अर्जन पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी मानपुर द्वारा राशि चेक के माध्यम से दिया गया है।

जदयू नेता ने किया भाजपा का सदस्यता ग्रहण

औरंगाबाद। औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर नबीनगर प्रखंड के ग्राम पंचायत मुंगिया के निवासी जनता दल यूनाइटेड के पूर्व महासचिव अरबिन्द पासवान ने जदयु छोड़कर सांसद के नेतृत्व में भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया। सांसद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने पार्टी में शामिल होने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार चौतरफा विकास की ओर लगातार बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतिकूल परिस्थितियों वाली आपदा को भी अवसर में बदलने का कार्य किया है एवं उद्योग जगत में तेजी लाने के लिए प्रोत्साहन आधारित योजनाओं को बढ़ावा दिया गया है। जदयु के पूर्व महासचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने निजी महत्वकांक्षा के लिए राजद में चले गए है। इनको अब विकास की चिंता नही है बस चिंता इस बात की है कि मेरा कुर्सी किसी तरह बचा रहे।

विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर अजीत हुए सम्मानित

औरंगाबाद। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर जम्होर निवासी अजीत कुमार सिंह राज्य शाखा पटना में सम्मानित हुए। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बिहार स्टेट शाखा के द्वारा गाँधी मैदान स्थित कार्यालय भवन के सभागार में विश्व रेडक्रॉस दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी दुनांत के जन्म दिवस पर आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता बिहार राज्य शाखा के चेयरमैन डॉ बी बी सिन्हा जी ने किया। सर्वप्रथम चेयरमैन के द्वारा रेडक्रॉस का झंडोतोलन किया गया. तत्पश्चात तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया।

नगर निगम क्षेत्र में सफाई पर्वेक्षक का एक दिन का वैतन काटने का निर्देश

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया में बरसात के पहले पानी जाम की समस्या नही हो इसको ध्यान में रखते हुए सोमवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाषा शर्मा नगर आयुक्त, गया नगर निगम द्वारा सुबह में गया नगर निगम क्षेत्र के सफाई व्यवस्था बड़े नालो की उगाही एवं वार्डवार हो रहे, छोटे झ छोटे नालियों की सफाई का निरीक्षण किया गया है ।निरीक्षण के समय उप नोडल पदाधिकारी सफाई, एवं अन्य कर्मी उपस्थित थे। मिजार्गालिब कॉलेज, गाँधी मैदान, रायकाशीनाथ मोड़, सिविल लाइन्स रोड, जी0बी0 रोड अनुग्रह रोड, पंचयती अखाड़ा रोड, रामशिला रोड इत्यादि पथों के सफाई व्यवस्था का निरीक्षण के क्रम में सड़क पर झाडु लगाते हुए एवं कूड़े के लिए बनाये गये प्वाईट से उठाव करते हुए पाया गया है। वार्ड के सफाई कर्मियों की उपस्थिति पंजी के जाँच के दौरान जिस वार्ड में सफाई कर्मी अनुपस्थित पाये गये उनका हाजिरी काटते हुए संबधित सफाई पर्यवेक्षक को निर्देश दिया गया की जो सफाई कर्मी उपस्थित नही हो रहे है उनके संबंध में लिखित प्रतिवेदन दें ताकि जिससे उनके विरुद्ध कार्यवाई की जा सकेगी। यह भी निर्देश दिया गया कि सफाई कर्मियों से निर्धारित अवधि तक कार्य लेना सुनिश्चित करे अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी

वार्ड के छोटे झ छोटे नालियों की सफाई के निरीक्षण के क्रम में पाया गया की कुछ वार्डों में नालियों की सफाई प्रारम्भ किया गया है नगर आयुक्त ने निर्देश दिया गया कि जिन वार्ड के नालियों में संबंधित सफाई पर्यवेक्षक द्वारा आज सफाई कार्य नही लगाया गया है उनसे स्पष्टीकरण पूछे एवं यदि दिनांक 09.05.2023 तक नाला एवं नालियों की सफाई प्रारम्भ नही करते है। वेतन अगले आदेश तक स्थगित करें नाला एवं नालियों की सफाई में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नही की जाएगी एवं संबंधित कनीय अभियंता, वार्ड निरीक्षक एवं सफाई पर्यवेक्षक के विरुद्ध कठोर अनुशासनिक कार्यवाई की जाएगी`

पुनः नाला एवं नालियों की ऊडाही सफाई कार्य का निरिक्षण किया जायेगा एवं सफाई नही पाये जाने की स्थिति मे वेतन अवरुद्ध करते हुए विभागीय कार्यवाही प्रारम्भ की जाएगी।

विश्व थैलेसीमिया दिवस पर रक्तदान देकर दो बहन की जान बचाई

प्रात : किरण संवाददाता

गया। गया में सोमवार को शहीद भगत सिंह यूथ बिग्रेड ने थैलेसीमिया से आज जान बचाई है पहला प्रीति कुमार घर हरली बोधगया, दूसरा संजू देवी घर विष्णुपद दोनो की हालत बहुत नाजुक होते जा रही थी तभी इन दोनो के परिवार को शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड की जानकारी मिली और देर न करते हुए दोनो को निशुल्क रक्तदान करके शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड ने जान बचा ली है ।शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनी कुमार वर्मा ने बताया कि आज का दिन से बहुत कुछ सीखने की जरूरत है क्युकी आज पूरा दुनिया थैलेसीमिया जैसे खतरनाक बीमारी से जूझ रही है खून के लिए क्युकी थैलेसीमिया वाले बच्चे को बचपन से ही उनके शरीर में खून नही बनती है और बो आप और हम जैसे रक्तदाता पर अपना जीवन सौप देते है अगर लोग उनके लिए रक्तदान नही करेंगे तो उनका मौत हो जाएगा ,उनका जीवन रक्तदाता पर टिकी होती है इस लिए शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड का (मिशन हर घर रक्तदाता) से लोग जुड़कर हर 3 महीने में रक्तदान करते है तभी थैलेसीमिया वाले बच्चे की जान बचती है ।थैलिसीमिया बीमारी नही हो इसके लिए शादी से पहले मां बाप को एक दूसरे को पॉजिटिव और निगेटिव की जांच जरूरी करानी चाहिए ।तभी इस बीमारी से बचा जा सकता है ।हम सभी को नियमित रक्तदाता बनकर लोगो को जागरूक करने की जरूरत है ।शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड 2010 से लगातार निशुल्क रक्तदान से लोगो की जान बचाते आई है ये सेवा आगे भी निशुल्क जारी रहे इसके लिए 24*7 हेल्पलाइन नंबर जारी किया है ।9431283818* इस नंबर से सभी लोग सेवा ले सकते है ।यह शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड पूरा बिहार का एक विश्वसनीय संस्था है जिनके पास हर ब्लड ग्रुप के रक्तदाता सेवा के लिए उपलब्ध है इस सेवा से ये संस्था पूरा बिहार का नंबर1 संस्था है। रक्तदान में बार उपमुखमंत्री, बार स्वास्थमंत्री भी है ।इस सम्मानित कर चुके है यूथ ब्रिगेड को।

भोजपुर में विवाहिता की गला घोटकर हत्या, सनसनी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिले के तरारी थाना क्षेत्र के धनगावां गांव में शनिवार की रात एक विवाहिता की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। घटना को लेकर गांव एवं आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। जानकारी के अनुसार मृतका तरारी थाना क्षेत्र के धनगावां गांव निवासी राजू साह की 24 वर्षीया पत्नी रेखा देवी है। इधर मृतका का भाई पवन कुमार ने बताया कि रोहतास जिला के बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के बिक्रमगंज गांव निवासी व उसके पिता रामचंद्र प्रसाद गुप्ता ने उसकी बहन रेखा देवी की शादी तरारी थाना क्षेत्र के धनगावां गांव निवासी जयराम साह के पुत्र राजू साह से 15 अप्रैल वर्ष 2017 में लेनदेन एवं पूरे हिंदू रीति रिवाज के साथ की थी। उस समय लड़का बाहर रहकर काम करता था और पर उसके परिवार वालों द्वारा बताया गया था कि लड़का सुपरवाइजर के पद पर प्राइवेट कंपनी में कार्यरत है।

शादी के कुछ दिन बाद से ही उसके पति एवं ससुराल वालों द्वारा उसके साथ मारपीट किया जाने लगा और उसका पति भी बाहर से काम छोड़ कर घर पर ही रहने लगा। यही नहीं उसके पति एवं ससुराल वालों द्वारा एक लाख रुपए उसके पति को कामकाज शुरू करने के लिए मांग किया जाने लगा। जिसको लेकर उनके द्वारा कहा गया था कि जब इंतजाम होगा तो दे दिया जाएगा। इसके बाद दिसंबर माह में उसकी बहन रेखा देवी अपने मायके बिक्रमगंज अपनी छोटी बहन राधा देवी के शादी में शामिल होने के लिए आई थी और उस समय से वह मायके में ही रह रही थी। एक सप्ताह पूर्व उसका पति उसके घर आया और उसे वापस अपने ससुराल ले गया। उसे ले जाने के बाद दो दिन पूर्व उसने उसके साथ मारपीट की और पैसे की मांग की थी। इस बात की जानकारी उसने अपने परिजनों को फोन पर भी दी थी। इसी बीच शनिवार की रात स्थानीय थाना द्वारा सूचना दी गई के उसकी बहन की मौत हो गई है। सूचना पाकर वे सभी उसके ससुराल धनगावां पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वह पलंग पर मृत अवस्था में पड़ी है। वहीं दूसरी ओर मृतका के भाई पवन कुमार ने उसके पति एवं ससुराल वालों पर मांग किये गए एक लाख रुपए नहीं देने के कारण अपनी बहन का गला घोटकर हत्या करने का आरोप लगाया है। उधर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति राजू साह ,ससुर जय राम साह एवं सास को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि मृतका अपने तीन बहन व एक भाई ने दूसरे स्थान पर थी। मृतका को एक 4 वर्षीया पुत्री प्रिया कुमारी एवं एक 2 वर्षीय पुत्र लक्की कुमार है। घटना के बाद उनके घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतका की मां एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बिहार हिन्दी साहित्य के 42 वें अधिवेशन में अरविन्द व नागेन्द्र किए गए सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। राजधानी पटना में आयोजित बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के 42 वें अधिवेशन के समापन सह सम्मान समारोह में औरंगाबाद जिला के तीन हिन्दी प्रेमियों अरविन्द अकेला, नागेन्द्र दुबे केसरी एवं रामनाथ सिंह को बिहार बिधान के अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी एवं बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉड्ड अनिल सुलभ द्वारा सम्मानित किया गया।

ज्ञात हो कि हिन्दी साहित्य के वरीय साहित्यकार ,स्वतंत्र पत्राकार एवं साहित्य ,कला व संस्कृति की संवाहक संस्था ह्लसाहित्यकुंजह्व के महासचिव अरविन्द अकेला पिछले 35 साल से हिन्दी एवं हिन्दी साहित्य की सेवा कर रहे हैं जबकि युवा कवि नागेन्द्र दुबे केसरी पिछले 15 साल एवं अवकाश प्राप्त शिक्षक रामनाथ सिंह पिछले 50 साल से हिन्दी एवं हिन्दी साहित्य की सेवा कर रहे हैं। उपरोक्त तीनों हिन्दी एवं साहित्य प्रेमियों को सम्मानित होने पर औरंगाबाद जिले के हिन्दी एवं साहित्य प्रेमियों में काफी हर्ष है। साहित्यकुंज के कार्यकारी अध्यक्ष एवं वरीय कवि श्री राम राय, महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी, समकालीन जबाबदेही के प्रधान संपादक सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, औरंगाबाद जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष प्रोफेसर सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, महामंत्री धनंजय जयपुरी, उपाध्यक्ष जनार्दन मिश्र जलज, युवा कवि हिमांशु चक्रपाणि सहित दो दर्जन साहित्यकारों एवं पत्रकारों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि औरंगाबाद जिला साहित्य के क्षेत्र में काफी अच्छा कर रहा है।

ज्ञात हो कि बिहार हिन्दी साहित्य के 42 वें अधिवेशन में कुल 48 साहित्यकारों एवं हिन्दी प्रेमियों को सम्मानित किया गया।

सड़क हादसे में कार सवार की मौत, तीन जख्मी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। बिहिया-बिहटा स्टेट हाईवे पर जिले के पिरो थाना क्षेत्र के लमारी टोला मोड़ के समीप सोमवार की दोपहर सड़क हादसे में कार सवार कोचिंग संचालक सह मुखिया के भतीजे की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। जबकि कार पर सवार तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद जख्मियों को इलाज के लिए आरा शहर में स्थित निजी अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है।

घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जानकारी के अनुसार मृतक पीरो थाना क्षेत्र के चतुभुर्जी बरांव गांव निवासी रघुवर सिंह के 23 वर्षीय पुत्र सह बरांव पंचायत के मुखिया श्रीराम सिंह का भतीजा है। वह पेशे से कोचिंग संचालक था एवं नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति में अपना प्राइवेट कोचिंग चलाता था। जबकि जख्मियों में उसी गांव के निवासी रामचंद्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र मनोज सिंह, राजेंद्र सिंह का 20 वर्षीय पुत्र गोल्डन सिंह एवं धनजी यादव का 18 वर्षीय पुत्र दीपू कुमार शामिल है। इधर मृतक के चाचा बृज राज सिंह ने बताया कि वह आरा शहर के बाजार समिति में अपना प्राइवेट कोचिंग चलाता है। प्रतिदिन की भांति सोमवार की सुबह भी वह अपने गांव से कार से बाजार समिति कोचिंग पढ़ाने आया था। कोचिंग पढ़ाने के बाद सोमवार की दोपहर जब आपने तीन साथियों के साथ कार से वापस अपने गांव लौट रहा था। उसी दौरान लमारी टोला मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन से सीधी भिड़ंत हो गई। हादसे में सभी लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद वहां के मुखिया द्वारा उन्हें इस घटना की सूचना मिली। सूचना पाकर वह घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके बाद परिजन द्वारा चंदन सिंह को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने देखूं ने मृत घोषित कर दिया। जिसके पश्चात परिजनों ने इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही टाउन थाना पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम करवाया वही कार पर सवार मनोज सिंह, गोल्डन सिंह एवं दीपू कुमार का इलाज आरा शहर में स्थित एक निजी अस्पताल में कराया जा रहा है। बताया जाता है कि मृतक अपने दो भाई में बड़ा था। मृतक के परिवार में मां कौशल्या देवी एवं छोटा भाई कुंदन सिंह है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां कौशल्या देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर कार्यक्रम का आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा : विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर भोजपुर जिला इकाई के द्वारा 2 सत्र में कार्यक्रम का आयोजन किया गया ,प्रथम सत्र प्रातः 7 बजे से भोजपुर जिला इकाई एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामपाली उदवंतनगर प्रखंड में संयुक्त रूप से विश्व रेडक्रॉस दिवस समारोह का आयोजन किया गया ।जिला इकाई के प्रांगण में चेयरमैन डॉ बीएन यादव की अध्यक्षता में सारे कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें सर्वप्रथम स्थानीय आरा शहर के स्कूल के बच्चे बच्चियों ने साइकिल रैली निकाली एवं पूरे शहर का भ्रमण करते हुए रेड क्रॉस के संस्थापक सर हेनरी डयु नाट के क्रियाकलापों को दशार्या। तत्पश्चात रेड क्रॉस जिला इकाई के प्रांगण में रेड क्रॉस के झंडे को फहराया गया एवं सर हेनरी डयु नाट के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि भी अर्पित की गई।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस वर्ष की थीम "ए५ी१८ ढँल्लॅ ६ी ङ्क्ष्ङ्कीर,#ऋ्रङ्क्ष्ङ्क ङ्कॅ ल्लीं१३"पर एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। पूर्व एमएलसी माननीय श्री लालदास राय, आईएमए के प्रेसिडेंट डॉक्टर कुमार जितेंद्र, रेड क्रॉस सोसाइटी भोजपुर के वाइस प्रेसिडेंट डॉक्टर राजेश कुमार सिंह, उप संरक्षक डॉ अर्चना सिंह, संरक्षक डॉ टी पी सिंह, एवं उप संरक्षक श्री नंदकिशोर सिंह ने अपने अपने विचारों को व्यक्त किया, एवं युवा पीढ़ी को प्रेरित किया कि वह अपने अंदर के स्वयंसेवक को जगाएं और जो भी करें दिल से करें अपनी अंतरात्मा से सेवा की भावना से करें। इस अवसर पर उप संरक्षक श्री नंदकिशोर सिंह ने रेडक्रास की स्थापना से लेकर उसकी संपूर्ण गतिविधियों पर एक लोक गीत भी प्रस्तुत किया।

स्थानीय स्तर पर संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन पूर्व सचिव डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा एवं कार्यकारिणी के सदस्य तथा प्रभारी अधिकारी श्री विजय मेहता की देखरेख में संपन्न हुआ। आज के कार्यक्रम में कार्यकारिणी सदस्य श्री राम कुमार सिंह श्री ए के पांडे कांग्रेस जिला अध्यक्ष सह निदेशक सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक के श्री त्रिवेणी प्रसाद सिंह, संरक्षक सरदार गुरुचरण सिंह, डॉक्टर मदन मोहन द्विवेदी, राकेश कुमार तिवारी, डी राजन, कृष्ण माधव अग्रवाल आदित्य स्थिति एवं सहयोग सराहनीय रहा। आज के कार्यक्रम में मंडी टू माल ग्रॉसरी एजेंसी के द्वारा बच्चों के लिए फ्रूटी तथा सुधा डेयरी की तरफ से मीठी लस्सी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर एचडीएफसी बैंक एवं बैंक ऑफ इंडिया ने बच्चों के लिए पांच सौ की संख्या में टोपी प्रायोजित किया।

इसी संदर्भ में आज उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मिल्की अनु.जाति टोला, अंचल उदवंतनगर में आज 8 मई 2023 को संयुक्त रूप से विश्व रेड क्रॉस दिवस मनाया गया। इस अवसर विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बामपाली गांव में प्रभातफेरी का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया ।साथ हीं बामपाली पंचायत के मुखिया मालती देवी की अध्यक्षता में स्थानीय सामुदायिक भवन में एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ.मनोज कुमार गुप्ता ने विश्व रेड क्रॉस दिवस की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह दिवस प्रत्येक वर्ष नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति के संस्थापक हेनरी दुनांट की जयंती के सम्मान में मनाया जाता है।

उन्होंने आगे बताया कि भोजपुर जिले के मुख्यालय आरा के रेड क्रॉस भवन में ब्लड बैंक संचालित होता है जहां पर कोई भी स्वस्थ व्यक्ति जाकर किसी भी दिन स्वैच्छिक रक्तदान कर सकते हैं ।रक्त दान करने से किसी प्रकार का नुकसान नहीं होता है।

इस कार्यक्रम को आयोजित करने हेतु रेड क्रॉस भोजपुर की सचिव विभा कुमारी जी ने सक्रिय रूप से प्रेरित और सहयोग दिया।

द्वितीय सत्र में डॉक्टर प्रतिक कोषाध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी भोजपुर जिला इकाई की अध्यक्षता में उत्कर्ष बैंक के शाखा प्रबंधक श्री राजीव कुमार के नेतृत्व में बैंक के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन कर रक्तदान किया।

संपूर्ण कार्यक्रम के संचालन में डॉ दिनेश प्रसाद सिन्हा पूर्व सचिव, श्री विजय कुमार मेहता कार्यकारिणी सदस्य सह कार्यक्रम प्रभारी, प्रभात कुमार मिश्रा, अमोद कुमार आदि की भूमिका बहुत ही सराहनीय रही।

विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर अजीत हुए सम्मानित

औरंगाबाद। विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर जम्होर निवासी अजीत कुमार सिंह राज्य शाखा पटना में सम्मानित हुए। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी बिहार स्टेट शाखा के द्वारा गाँधी मैदान स्थित कार्यालय भवन के सभागार में विश्व रेडक्रॉस दिवस के शुभ अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रेडक्रॉस के संस्थापक हेनरी दुनांत के जन्म दिवस पर आयोजित इस समारोह की अध्यक्षता बिहार राज्य शाखा के चेयरमैन डॉ बी बी सिन्हा जी ने किया ।सर्वप्रथम चेयरमैन के द्वारा रेडक्रॉस का झंडोतोलन किया गया.तत्पश्चात तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। रेडक्रॉस के सभागार में इस वर्ष के थीम पे विचारगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता तारा हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ रविंद्र नारायण सिंह, मेडिक्लेम हॉस्पिटल के संस्थापक विनीत जी, प्रबंध समिति सदस्य अजीत कुमार सिंह, धनंजय शर्मा, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार जैसवाल रामभजन सिंह आदि ने अपने विचार ब्यक्त करते हुए रेडक्रॉस के मूल सिद्धांत , उद्देश्य एवं सेवाओं पे विस्तार पूर्वक चर्चा किया। साथ ही रेडक्रॉस की सेवाओं को पंचायतों तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया ।इस अवसर पर औरंगाबाद जिला रेडक्रॉस के पूर्व वाईस चेयरमैन, रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट बत्तीस पचास के जोन पंद्रह के असिस्टेंट गवर्नर अजीत कुमार सिंह को रेडक्रॉस एवं समाज सेवा में दिए विशिष्ट योगदान के लिए अंग वस्त्र, मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।

सत्ता और घमंड में चूर भाजपा पहलवानों पर चलवा रही लाठी

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। जिला मुख्यालय के सड़कों पर राज्यव्यापी दिवस मार्च के अवसर पर इंकलाबी नौजवान सभा के बैनर तले महिला पहलवानों के समर्थन में यौन शोषण के आरोपी भाजपा संसद बृजभूषण शरण सिंह को त्वरित गिरफ्तार कर जेल भेजें, कुश्ती महासंघ के चेयरमैन पद से बर्खास्त करो, दिल्ली पुलिस ने जंतर मंतर पर धरना दे रहे ओलंपिक महिला पहलवानों के साथ गाली गलौज बर्बरता बदतमीजी तानाशाही के खिलाफ भाकपा माले जिला मुख्यालय में भगत सिंह चौक होते हुए ब्लॉक प्रांगण तक राजव्यापी विरोध मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन भाकपा माले नेता शोएब आलम के नेतृत्व में किया गया और भाजपा संसद को बचाने वाली केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। इस दौरान भाकपा माले जिला सचिव कॉ जितेंद्र यादव इंकलाबी नौजवान सभा के जिला सचिव रामाकांत कुमार उर्फ टुन्ना शर्मा इंकलाबी नौजवान सभा के केंद्रीय कमेटी सदस्य सह जिला परिषद सदस्य कॉमरेड असरफुल होदा ऊर्फ शाह साद नीतीश कुमार कॉमरेड दीपक कुमार अरविंद पासवान अनुज कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल रहे।

नेहरू यूवा के एक दिवसीय कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

गया ।युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार नेहरू युवा केंद्र गया एवं यूनिसेफ परियोजना अंतर्गत जलवायु परिवर्तन विषय पर जिला स्तरीय एकदिवसीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन महाबोधि स्कूल के प्रांगण में जिला युवा अधिकारी श्री सुशील करौंदिया जी के अध्यक्षता में किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भूगोल विभाग के प्रध्यापक डॉ लखभद्र सिंह नरुला जिला युवा अधिकारी सुशील करौंदिया ,शिक्षाविद डॉ. सचितानंद प्रेमी लेखा सहायक सुरेंद्र कुमार तिवारी एवं दिनेश कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया है। एवं जलवायु परिवर्तन पर विचार विमर्श किया गया पर मुख्य अतिथि डॉ. लखभद्र सिंह नरुका ने युवाओं को बताया कि जलवायु परिवर्तन आज का एक ज्वलंत विषय है जिसमें मानव गतिविधियों द्वारा प्रकृति संसाधनों का अत्याधिक दोहन प्रमुख कारक है जिसके फलस्वरूप जल जीवन एवं मानव सहित अन्य जीवो पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है जलवायु परिवर्तन संकट से निपटने के लिए विश्व सरकार समाज एवं मानव को स्वयं की विगत जिम्मेदारी लेनी होगी आज हम अपने दैनिक जीवन में जीवन शैली में परिवर्तन करके हम लोग योगदान कर सकते हैं। वही मौके पर श्री करोलिया ने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि युवा वृक्षारोपण के प्रति भी दृढ़ संकल्पित हो युवा एवं युवा अपने हर खुशी के दिवस पर कम से कम एक वृक्ष लगाने का कार्य करें एवं उस वृक्ष को बड़ा होने तक अपनी सेवा प्रदान करें ताकि वृक्ष बड़ा हो जाय यह भी जलवायु परिवर्तन रोकने का एक अहम कारक रहेगा कार्यशाला में सम्मलित सभी युवा को प्रशस्ति पत्र प्रदान की गई। मंच संचालन प्रभाकर नमन पाठक एवं धन्यवाद ज्ञापन पवन मिश्रा के द्वारा किया गया कार्यशाला में पूर्व स्वयंसेवक जितेंद्र देव गुप्ता नगर स्वयंसेवक पवन मिश्रा बोधगया के स्वयंसेवक अमित यादव ,शशांक मिश्रा इंडियन यूथ क्लब के सचिव विशाल कुमार शिवनंदन दास स्वयंसेवक अशोक कुमार, चुन्नू कुमार , अभिजीत कुमार ,मैक्स कुमार रोहन कुमार ,अनिल कुमार के साथ साथ युवा मंडल एवं युवती मंडल के सदस्य एव युवा सम्मिलित हुए।

रेल संघर्ष समिति के द्वारा चलाया गया हस्ताक्षर अभियान

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। रेलवे संघर्ष समिति के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव के नेतृत्व में प्रसादी ईगलीश बाजार बारा कोरिया छपरा में एवं अन्य गाँव में के विभिन्न जगहों पर लगातार अरवल मांगे रेल अरवल जिला को रेलवे जनसंपर्क से जोड़ने हेतु भारत सरकार के प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री के नाम से हस्ताक्षर अभियान एवं पोस्टकार्ड भेजो अभियान चलाते हुए विशेष हस्ताक्षर अभियान 1 माह तक चलेगी अरवल जिले में रेलवे लाइन यातायात के लिए लगातार 9 वर्षों से संघर्ष जारी है केंद्र सरकार से एवं राज्य सरकार से प्रकलन के अनुसार राशि हेतु जनता के हस्ताक्षर अभियान करवा कर रेलवे बोर्ड नई दिल्ली को जनता के अनुरोध पत्र जमा किया जाएगा। ताकि सर्वे फाइनल होते होते राशि मुहैया हो जाए ताकि अति शीघ्र कार्य लग सके प्रमुख रूप से मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव मंटू यादव प्रोफेसर शिव कुमार चंद्रवंशी अखिलेश दास राजनीश यादव दिलीप दास अशोक शर्मा तरुण विजय साहू रामप्रवेश यादव अरविंद राज आर्यन राज शामिल थे।

जदयू नेता ने किया भाजपा का सदस्यता ग्रहण

औरंगाबाद। औरंगाबाद सांसद सुशील कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय सिंह कोठी पर नबीनगर प्रखंड के ग्राम पंचायत मुंगिया के निवासी जनता दल यूनाइटेड के पूर्व महासचिव अरबिन्द पासवान ने जदयु छोड़कर सांसद के नेतृत्व में भाजपा का सदस्यता ग्रहण किया। सांसद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा ने पार्टी में शामिल होने पर हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन किया है ।सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश लगातार चौतरफा विकास की ओर लगातार बढ़ रहा है ।

चौथी तिमाही में नरम पड़ी कंपनियों की कमाई, शुद्ध मुनाफा महज 2.3 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। वित्त वर्ष 2023 की जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनियों के शुरुआती नतीजे शानदार दिख रहे थे लेकिन बाद में और कंपनियों के नतीजे आने के बाद थोड़ी नरमी दिख रही है। चौथी तिमाही के लिए अभी तक 390 कंपनियों ने नतीजे जारी किए हैं, जिनका एकीकृत शुद्ध मुनाफा पिछले साल जनवरी-मार्च से महज 2.3 फीसदी बढ़ा है, जो वित्त वर्ष 2021 की पहली तिमाही के बाद सबसे कम मुनाफा वृद्धि है। वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में इन कंपनियों का कुल शुद्ध मुनाफा 47.6 फीसदी और वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में 3.4 फीसदी बढ़ा था। आय वृद्धि की रफ्तार कम होने और ऊंची ब्याज दरों के कारण ब्याज लागत बढ़ने से इन कंपनियों के मुनाफे पर असर पड़ा है।

कंपनियों की कुल शुद्ध बिक्री वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में साल भर पहले के मुकाबले 13.8 फीसदी बढ़ी, जो पिछली 9 तिमाही में सबसे कम वृद्धि है। इसकी तुलना में वित्त वर्ष 2022 की चौथी तिमाही में इन कंपनियों की शुद्ध बिक्री 22.4 फीसदी और वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में 18.7 फीसदी बढ़ी थी।

कंपनियों की कमाई पर सबसे ज्यादा चोट ऊंची ब्याज लागत से पड़ी है। कंपनियों का ब्याज पर कुल खर्च वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में जनवरी-मार्च 2022 के मुकाबले 37.7 फीसदी बढ़ गया, जो पिछली 17 तिमाही में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी है।

जिंसों की कम लागत से कंपनियों को जितना फायदा मिला था, वह ब्याज की ऊंची लागत के कारण साफ हो गया। कंपनियों की

कच्चे माल की लागत पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में महज 0.8 फीसदी बढ़ी, जिससे अधिकतर विनिर्माण कंपनियों के सकल मार्जिन में सुधार हुआ है। बैंकों और वाहन कंपनियों के बेहतर प्रदर्शन के बावजूद कुल मिलाकर कंपनियों की कमाई कमजोर रही।

मोतीलाल ओसवाल सिक्योरिटीज के गौतम दुग्गड़ और देवेन मिस्त्री ने कहा, 'बीएफएसआई और वाहन कंपनियों की अगुआई में समेकित आधार पर मजबूत प्रदर्शन दिख रहा था लेकिन धातु और खनन कंपनियों का प्रदर्शन उम्मीद से कमजोर रहने के कारण व्यापक स्तर पर इसका लाभ नहीं मिल पाया।'

कंपनियों की कमाई में बैंक, वित्तीय और बीमा क्षेत्र वृद्धि का इंजन बना रहा, लेकिन इसकी रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ी। नमूने में शामिल 'बीएफएसआई कंपनियों का समेकित शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 13.6 फीसदी बढ़ा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 71.6 फीसदी और वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में 37.3 फीसदी बढ़ा था। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनियों की कुल कमाई में बीएफएसआई कंपनियों की हिस्सेदारी 39.2 फीसदी रही, जो किसी अन्य क्षेत्र की तुलना में अधिक है।

'बीएफएसआई कंपनियों को ऊंची उधारी दर और ऋण की मांग बढ़ने से फायदा मिला है लेकिन बैंक जमा और थोक उधारी में ब्याज दरें बढ़ने से उनके मुनाफे पर थोड़ा असर पड़ा है। 'बीएफएसआई कंपनियों की कुल सकल ब्याज आय वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 28.2 फीसदी बढ़ी, जो पिछले चार साल में सर्वाधिक है लेकिन ब्याज खर्च इस दौरान 36.8 फीसदी बढ़ा है। 'बीएफएसआई कंपनियों को निकाल दें तो नमूने में शामिल कंपनियों का कुल शुद्ध मुनाफा वित्त वर्ष 2023 की चौथी तिमाही में 3.8 फीसदी घटा है। इन कंपनियों की शुद्ध आय 8.5 फीसदी बढ़ी है।

सोना ऑल टाइम हाई से फिसला, चांदी के भी गिरे भाव

शादियों के सीजन के बीच सोने-चांदी के भाव में आज राहत है। आज सर्राफा बाजारों में सोना 388 रुपये सस्ता होकर 61108 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला, जबकि चांदी में 1049 रुपये की बड़ी गिरावट देखी जा रही है। 6 मई को सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोने का हाजिर भाव ऑल टाइम हाई 61739 रुपये पर पहुंच गया था। शुक्रवार के बंद भाव 77280 रुपये प्रति किलो के मुकाबले चांदी आज 76231 रुपये पर खुली। आईबीजेए पर आज 22 कैरेट सोना शुक्रवार के बंद भाव 556330 रुपये प्रति 10 ग्राम से 356 रुपये सस्ता होकर 55974 रुपये के रेट से खुला। इसके अलावा आज 18 कैरेट सोना 291 रुपये गिरकर 45831 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। सोने-चांदी के इस रेट पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है।

एमएक्स प्लेयर पर देखें बेजोड़ इंटरनेशनल ड्रामा

मुंबई, एजेंसी। द लाइट इन योर आइज़ 10 मई -द लाइट इन योर आइज़ एक मनोरम कोरियाई नाटक है जो लोगों के जीवन पर समय के शक्तिशाली प्रभाव की पड़ताल करता है। भयानक तिकड़ी हान जी-मिन, किम हाय-जा, नाम जू-ह्युक और सोन हो-जून अभिनीत, 12- एपिसोड की श्रृंखला किम हे जा के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक जादुई घड़ी की खोज करती है जो उसे समय में हेरफेर करने की अनुमति देती है। अपने पिता को एक घातक कार दुर्घटना से बचाने के लिए बेताब, वह घड़ी को पीछे घुमाती है, लेकिन समय बदलने की कीमत बहुत अधिक है। दूसरी ओर, ली जून हा, एक युवक ने अपने सपनों को छोड़ दिया है और खुद को एक सांसारिक अस्तित्व से इस्तीफा दे दिया है। वह एक बुजुर्ग देखभाल केंद्र में एक स्कैमर के रूप में काम करता है, जहां उसकी मुलाकात हाय जा से होती है, जो अब एक बूढ़ी महिला है। दोनों एक दोस्ती की शुरुआत करते हैं जो नई चुनौतियों का सामना करती है क्योंकि वे दोनों महत्वपूर्ण जीवन परिवर्तनों को नेविगेट करते हैं। जैसे-जैसे कहानी आगे बढ़ती है, दर्शक एक ऐसी दुनिया में खींचे चले आते हैं जहाँ समय एक शक्तिशाली शक्ति है जो आशीर्वाद और अभिशाप दोनों दे सकता है।

केनरा बैंक का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 90 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,175 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र के केनरा बैंक ने सोमवार को बताया कि बीते वित्त वर्ष की मार्च तिमाही में उसका एकल शुद्ध लाभ लगभग दोगुना होकर 3,174.74 करोड़ रुपये रहा। बैंक ने बताया कि मुख्य रूप से उच्च ब्याज आय के कारण उसका मुनाफा बढ़ा। बैंक ने 2021-22 की जनवरी-मार्च तिमाही में 1,666.22 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया था। केनरा बैंक ने शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2022-23 में उसका कर पश्चात एकल शुद्ध लाभ 90.63 प्रतिशत बढ़कर 3,174.74 करोड़ रुपये हो गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 1,666.22 करोड़ रुपये था। मार्च 2023 तिमाही में शुद्ध ब्याज आय 23.01 प्रतिशत बढ़ी। बैंक ने बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में एकीकृत आधार पर उसकी शुद्ध आय बढ़कर 3,232.84 करोड रुपये हो गई। यह आंकड़ा जनवरी-मार्च 2022 में 1,969.04 करोड़ रुपये था।

गोदरेज प्रॉपर्टीज का 2023-24 में 14,000 करोड़ रुपये की संपत्तियों की बिक्री का लक्ष्य

नयी दिल्ली, एजेंसी। गोदरेज प्रॉपर्टीज घरों की भारी मांग को देखते हुए चालू वित्त वर्ष में बिक्री बुकिंग में 14 प्रतिशत वृद्धि के साथ 14,000 करोड़ रुपये की संपत्तियां बेचने का लक्ष्य लेकर चल रही है। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। गोदरेज के कार्यकारी चेयरमैन पिरोजशा गोदरेज ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि बिक्री बुकिंग, ग्राहकों से नकदी संग्रह, परियोजनाओं को पूरा करना और भविष्य की परियोजनाओं के लिए नए भूखंड जोड़ने जैसे विभिन्न मानकों पर कंपनी का 2022-23 में प्रदर्शन बहुत मजबूत रहा। उन्होंने कहा कि बिक्री बुकिंग 2022-23 में 56 प्रतिशत वृद्धि के साथ रिकॉर्ड 12,232 करोड़ रुपये रही। इनमें लगभग सभी आवासीय संपत्तियां थीं। उन्होंने बताया कि इस दौरान नकदी संग्रह 41 प्रतिशत वृद्धि के साथ 8,991 करोड़ रुपये रहा, जबकि परियोजनाओं की आपूर्ति रिकॉर्ड एक करोड़ वर्गफुट के आंकड़े पर पहुंच गई। चालू वित्त वर्ष (2023-24) के लक्ष्यों के बारे में पिरोजशा ने कहा, ÷हमने फिलहाल 14,000 करोड़ रुपये की बिक्री बुकिंग का लक्ष्य तय किया है। उम्मीद है कि हम अपने वार्षिक लक्ष्य से बेहतर करेंगे। चालू वर्ष के लिए नकदी संग्रह का लक्ष्य 10,000 करोड़ रुपये रखा है, जबकि घर सौंपने का लक्ष्य 1.25 करोड़ वर्गफुट रखा है।÷ पिरोजशा ने कहा कि कंपनी की आवासीय परियोजनाओं की कीमत पिछले वित्त वर्ष औसतन 10 प्रतिशत बढ़ गई और इस चालू वर्ष में इसमें और बढ़ोतरी की संभावना है।

एफएमसीजी कंपनियां शेयर बाजार में आज काट रही हैं गदर, 52 वीक हाई पर ये 3 शेयर

नई दिल्ली, एजेंसी। शेयर बाजार में एफएमसीजी कंपनियां शानदार प्रदर्शन कर रही हैं। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन को कंपनी ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, नेस्ले इंडिया और आईटीसी के शेयर नए 52वीक हाई पर पहुंच गए हैं। बता दें, शुक्रवार को ब्रिटानिया ने तिमाही नतीजे घोषित किए थे। जिसमें कंपनी ने बताया था कि नेट प्रॉफिट में साल दर साल के हिसाब से 47 प्रतिशत का इजाफा देखने को मिला है।

1- ब्रिटानिया के शेयर : ब्रिटानिया के शेयर आज बीएसई में 4654.95 रुपये के लेवल पर ओपन हुए थे। देखते ही देखते कंपनी के शेयर 4700.35 रुपये के इंट्रा-डे हाई पर पहुंच गए। यही कंपनी का नया 52 वीक हाई भी है। बीते एक महीने के दौरान ब्रिटानिया के शेयरों की कीमतों में 8 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। कंपनी का 52 वीक लो 3156.10 रुपये है।

ज्यादा आकर्षक है खुदरा रीट आईपीओ

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में रीट अभी एक विकासशील चरण में है। यह एक ऐसा उद्योग है जो बहुत तेजी से विकसित हो रहा है। किसी भी साधन में निवेश उस समय अच्छा होता है, जब वह विकासशील चरण में हो, क्योंकि तब निवेश करने पर आपको लंबा समय मिलता है और साथ ही कम भाव पर आप निवेश कर सकते हैं। भारत में रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रीट) को भी एक आईपीओ के तौर पर शेयर बाजार में सूचीबद्ध किया जा सकता है। हालांकि, 2019 में आए पहले रीट आईपीओ की तुलना में अब इसमें काफी बदलाव हुआ है। खासकर खुदरा निवेशकों को आकर्षित करने के लिए सेबी ने समय-समय पर बदलाव किए हैं।

औसत रिटर्न के लिए करें निवेश

इस समय खुदरा रीट में टैक्स फ्री एफडी और 10 साल की सरकारी प्रतिभूतियों के मुकाबले 2-3 फीसदी अधिक रिटर्न मिल सकता है। विशेषज्ञ कहते हैं कि खुदरा रीट से सालाना 7.5 फीसदी का लाभांश ब्याज मिल सकता है। इसका 70 फीसदी लाभांश टैक्स फ्री होता है।

आपके आयकर स्लैब के आधार पर 6.6 फीसदी से 7.3 फीसदी तक का करमुक्त लाभ आपको मिल सकता है। शेयर बाजार में जहां लंबे समय से उतार-चढ़ाव है और डेट म्यूचुअल फंड में

लंबी अवधि के टैक्स पर बजट में बदलाव किया गया है, ऐसे में खुदरा रीट एक आकर्षक निवेश का साधन बन सकता है।

खुदरा निवेशकों के लिए रीट की शुरुआत

ब्लैकस्टोन की समर्थित कंपनी नेक्सस सिलेक्ट ट्रस्ट की यूनिट्स को आप 11 मई तक खरीद सकते हैं। इसका मूल्य 95 से लेकर 100 रुपये प्रति यूनिट है। यानी आपको कम से कम 150 यूनिट खरीदना होगा। यह यूनिट्स स्टॉक एक्सचेंज पर सूचीबद्ध होंगी। यह भारत का पहला खुदरा रीट आईपीओ है। इससे पहले तीन रीट आईपीओ आए थे। इसमें एंबेसी, माइंडस्पेस और ब्रुकफील्ड थे। यह तीनों ऑफिस मैनेजमेंट वाले रीट थे। यानी इसमें खुदरा निवेशक को भी कम से कम 50,000 रुपये से निवेश की शुरुआत करनी होती थी।

पहले के रीट काफी महंगे भाव पर

अब तक जो तीन रीट सूचीबद्ध हुए हैं, वे काफी महंगे भाव पर आए थे। इनका भाव 275 से 300 रुपये के बीच था। हालांकि, बावजूद इनके इन सभी ने निवेशकों को फायदा ही दिया है। रीट में आपको यह भी फायदा होता है कि यह विभिन्न तरीके से आपको आय देता है। जैसे लाभांश, ब्याज और निवेश पर रिटर्न। आने वाले समय में और ज्यादा खुदरा रीट बाजार में आ सकते हैं। जिस तरह म्यूचुअल फंड की कोई स्कीम कई निवेशकों से पैसा जुटाकर शेयरों या बॉन्ड में निवेश करती है, उसी तरह रीट निवेशकों से पैसा जुटाकर रिटल एस्टेट में निवेश करता है। इससे रीट को नियमित आय होती है। जिस प्रॉपर्टी में उसने निवेश किया है, उसकी कीमत बढ़ती है। इससे भी उसे फायदा होता है। रीट कमर्शियल प्रॉपर्टी में निवेश करता है। इसमें मॉल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, बिजनेस पार्क आदि हो सकते हैं। इस निवेश से किराये के रूप में नियमित आय होती है। सेबी ने रीट के लिए 2015 में नियम बनाए थे। रीट को अपने फंड का 80 फीसदी पूरी तरह से तैयार और किराया देने वाली प्रॉपर्टी में निवेश करना पड़ता है।

टाटा स्टील के सीईओ ने कहा, अगले दो साल में ब्रिटेन में परिचालन पर फैसला करना होगा

नयी दिल्ली, एजेंसी। टाटा स्टील को अगले एक या दो साल में ब्रिटेन में अपने परिचालन के भविष्य पर फैसला करना होगा, क्योंकि वहां उसकी परिसंपत्तियों का 'जीवनकाल' समाप्त हो रहा है और यथास्थिति जारी नहीं रह सकती है। कंपनी के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक टी वी नरेंद्रन ने यह बात कही है। टाटा स्टील ने ब्रिटेन सरकार से दो ब्लास्ट फर्नेस को बदलने के लिए वित्तीय पैकेज मांगा है। इन ब्लास्ट फर्नेस की मियाद 12 से 24 माह में समाप्त हो जाएगी। इसके अलावा कंपनी साउथ वेल्स के अपने पोर्ट टालबोट कारखाने में कॉर्बन उत्सर्जन में कमी के लिए भी वित्तीय पैकेज चाहती है। नरेंद्रन ने कहा कि कंपनी को या तो वहां अपना परिचालन बंद करना होगा या ब्रिटेन सरकार के वित्तीय पैकेज की मदद से कॉर्बन उत्सर्जन को समाप्त करने की योजनाओं का क्रियान्वयन करना होगा। नरेंद्रन ने पीटीआई-भाषा से कहा कि कंपनी ब्रिटेन सरकार से पैकेज के लिए बात कर रही है क्योंकि वहां उसकी संपत्तियों की मियाद समाप्त होने को है। ''यथास्थिति जारी नहीं रह सकती। उन संपत्तियों को या तो बंद करना होगा या हमें एक नए प्रक्रिया मार्ग की ओर बदलाव करना होगा। ऐसे में अगले साल या दो साल में हमें ब्रिटेन के बारे में फैसला करना होगा।'' यह पूछे जाने पर कि क्या ब्रिटेन सरकार से मौद्रिक सहायता के अभाव में कंपनी वहां से बाहर निकल जाएगी, उन्होंने कहा, ''ब्रिटेन में यह सरकार के साथ चर्चा का अधिक मामला है। सरकार हमारे साथ बातचीत कर रही है। यह देखना होगा कि वे हमें क्या समर्थन दे सकते हैं या क्या नहीं दे सकते। सरकार के साथ बातचीत के आधार पर हमें यह आकलन करना होगा।'' टाटा स्टील ने खुद को कॉर्बन मुक्त कंपनी बनाने के लिए ब्रिटेन सरकार से 1.5 अरब पाउंड की मांग की थी।

डॉलर के मुकाबले रुपया मजबूत, आठ पैसे बढ़कर 81.70 पर पहुंचा

मुंबई, एजेंसी। विदेशी बाजार में अमेरिकी मुद्रा की कमजोरी के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे बढ़कर 81.70 पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी कोषों की आवक बढ़ने और कच्चे तेल के 75 डॉलर प्रति बैरल से नीचे आने से भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 81.76 पर मजबूती के साथ खुला और फिर बढ़त दर्ज करते हुए अपने पिछले बंद भाव से आठ पैसे की तेजी के साथ 81.70 पर पहुंच गया। रुपया बृहस्पतिवार को अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 81.78 पर बंद हुआ था। शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा के कारण विदेशी मुद्रा बाजार बंद था। इसबीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 प्रतिशत गिरकर 101.14 पर आ गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.07 प्रतिशत बढ़कर 75.35 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को शुद्ध रूप से 777.68 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।

भारत, कनाडा के व्यापार मंत्री मुक्त व्यापार समझौते पर जारी बातचीत की समीक्षा करेंगे

नयी दिल्ली, एजेंसी। भारत और कनाडा के व्यापार मंत्री दोनों देशों के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जारी बातचीत की प्रगति की समीक्षा करेंगे। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को कहा गया कि इस दौरान दोनों नेता आर्थिक संबंधों को मजबूत बनाने पर भी चर्चा करेंगे। बयान के मुताबिक वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कनाडा की उनकी समकक्ष मैरी एनजी सोमवार को ओटावा में छठी भारत-कनाडा मंत्रिस्तरीय वार्ता (एमडीटीआई) के लिए चर्चा की सह-अध्यक्षता करेंगी। एमडीटीआई एक द्विपक्षीय तंत्र है, जो व्यापार और निवेश संबंधी मुद्दों और सहयोग के क्षेत्रों पर चर्चा के लिए संस्थागत व्यवस्था मुहैया कराता है। बयान के मुताबिक चर्चा द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, निवेश को बढ़ावा देने, हरित रूपांतरण सहित विभिन्न विषयों पर केंद्रित होगी। इस दौरान दोनों नेता भारत-कनाडा सीईपीए (व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता) पर जारी वार्ता की समीक्षा भी करेंगे।

1150 तक जाएगा का पेटीएम के शेयरों का भाव! 720 रुपये के पार पहुंचा दाम

नई दिल्ली, एजेंसी। दिग्गज फिनटेक कंपनी पेटीएम के शेयरों में सोमवार सुबह 5.5 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। जिसके बाद कंपनी के शेयर 726 रुपये के लेवल पर पहुंच गया था। पेटीएम के शेयरों में आई इस तेजी की बड़ी वजह मार्च तिमाही के रिजल्ट को माना जा रहा है। वित्त वर्ष 2023 की अंतिम तिमाही में पेटीएम का घाटा घटकर 168 करोड़ रुपये रहा था। जबकि एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी को 763 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। आइए जानते हैं एक्सपर्ट ओपिनियन

पेटीएम तिमाही परिणाम : पेटीएम के शेयर दोपहर 11.35 मिनट के आस-पास बीएसई में 4.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 720.85 रुपये के लेवल पर ट्रेड कर रहे थे। नवंबर 2022 को पेटीएम के शेयर की कीमत 480 रुपये थी। तब से अबतक कंपनी के शेयरों की कीमतों में 50 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। जबकि इस दौरान बेंचमार्क इंडेक्स में 3 प्रतिशत की गिरावट आई है।

पिछले वित्त वर्ष की चौथी तिमाही के दौरान पेटीएम के रेवन्यू में 51 प्रतिशत की ग्रोथ देखने को मिली। कंपनी की कंसॉलिडेटड रेवन्यू मार्च तिमाही के दौरान 2334 करोड़ रुपये का था। जबकि ऑपरेशनल रेवन्यू 1540 करोड़ रुपये का रहा। बता दें, पेटीएम को दिसंबर तिमाही के दौरान 393 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। उस हिसाब से भी देखें तो कंपनी के प्रदर्शन में सुधार देखने को मिला है।

ट्रैक्टर उद्योग की वृद्धि दर में नरमी के आसार

नई दिल्ली, एजेंसी। ट्रैक्टर उद्योग का वॉल्यूम अच्छा रहने के आसार हैं, हालांकि अल नीनो की घटना से मॉनसून की बारिश पर असर पड़ सकता है और कृषि की धारणा कमजोर हो सकती है। अलबत्ता वर्ष 2022-23 (वित्त वर्ष 23) में 9,45,000 इकाइयों के सर्वकालिक शीर्ष स्तर तक पहुंचने के बाद उद्योग की वृद्धि दर में नरमी आने की आशंका है। वित्त वर्ष 23 में उद्योग के वॉल्यूम में सालाना आधार पर 12 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने अप्रैल की अपनी रिपोर्ट में कहा है कि उद्योग का थोक बिक्री वॉल्यूम अच्छे स्तर पर बना हुआ है। इक्रा ने कहा कि सितंबर-नवंबर के दौरान थोक बिक्री वॉल्यूम ने अच्छी वृद्धि का प्रदर्शन किया है।

मूल उपकरण विनिर्माताओं ने त्योहारी सीजन के दौरान मजबूत मांग की पूर्ति के लिए डीलरों का स्टॉक तैयार किया है। त्योहारों की अवधि के दौरान खुदरा बिक्री लगातार अच्छी बनी रहने और कृषि नकदी प्रवाह स्थिर रहने से वित्त वर्ष 2023 की

चौथी तिमाही में थोक वॉल्यूम अच्छा बना रहा। मार्च 2023 में वॉल्यूम पिछले वित्त वर्ष की तुलना में वृद्धि (सालाना आधार पर14 प्रतिशत) का प्रतिनिधित्व करता है।

अलबत्ता अप्रैल में मंदी के कुछ संकेत मिले हैं। महिंद्रा ऐंड महिंद्रा (रूरू) के अध्यक्ष (कृषि उपकरण क्षेत्र) और ट्रैक्टर ऐंड मेकनाइजेशन एसोसिएशन के अध्यक्ष हेमंत सिक्का कहते हैं कि वित्त वर्ष 23 ट्रैक्टर उद्योग के लिए सबसे अच्छा वर्ष था। इसमें सालाना आधार पर दो अंकों की वृद्धि दिखाई दी। पिछले महीने रूरूमें हमने अप्रैल 2022 के अधिक आधार पर अप्रैल में दूसरी सबसे बड़ी घरेलू बिक्री दर्ज की।

पिछले साल अप्रैल के मुकाबले इस साल मार्च में होने वाले नवरात्रि और गुड़ी पड़वा के त्योहारों के कारण महीने के दौरान गिरावट आई है। उद्योग प्रतीक्षा और समीक्षा वाली स्थिति में तो है लेकिन वर्ष 2023-24 (वित्त वर्ष 24) में बिक्री में भारी गिरावट नहीं दिख रही है। फिक्की की राष्ट्रीय कृषि समिति के चेयरमैन और टैफे के समूह अध्यक्ष टीआर केशवन कहते हैं कि हालांकि अप्रैल के दौरान बिक्री में लगभग 10 प्रतिशत की गिरावट आई है लेकिन इस बात पर उत्सुकता से नजर रखी जाएगी कि पहली तिमाही का प्रदर्शन कैसा रहता है। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर बिक्री का सीजन जुलाई तक जारी रहेगा। अगर हमें अच्छी बारिश मिलती है, तो वित्त वर्ष 23 में मुझे वॉल्यूम में बड़ी गिरावट की कोई वजह नहीं दिख रही है। केशवन कहते हैं कि आम तौर पर बहुत अच्छे साल के बाद मांग में कुछ नरमी रहती है। सिक्का कहते हैं 'वर्तमान में, कटाई और फसल खरीद होने से धारणा सकारात्मक है। गेहूं खरीद काफी मजबूत है और पहले ही पिछले साल का स्तर पार कर चुकी है। जलाशय का अधिक स्तर खरीफ की बुआई में मदद करेगा और रबी की फसल से अच्छा नकदी प्रवाह किसानों को और तरलता प्रदान करेगा। हमें उम्मीद है कि ट्रैक्टर उद्योग एक अंक में निचले स्तर पर वृद्धि करेगा।' कोटक इंस्टीट्यूशनल सिक्योरिटीज के अनुसार घरेलू ट्रैक्टर उद्योग ने अप्रैल 2023 में त्योहारी सीजन के बाद इन्वेंट्री में कमी की वजह से वॉल्यूम में सालाना आधार पर आठ से 10 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की।

अमेरिका-यूरोप बढ़ती महंगाई से परेशान, भारत बना नजीर, दुनियाभर में हो रही तारीफ

नई दिल्ली, एजेंसी। आज बढ़ती खाद्य महंगाई दुनिया के कई देशों के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। खासकर विकसित देश भी बढ़ती महंगाई से त्रस्त दिख रहे हैं। हालांकि भारत ऐसे समय में पूरी दुनिया के लिए नजीर बना हुआ है, जहां महंगाई काबू में है। कंज्यूमर फूड प्राइस इंडेक्स के अनुसार, भारत में इस साल मार्च में महंगाई दर 4.79 प्रतिशत रही, जबकि बीती फरवरी में यह 5.95 प्रतिशत और बीते साल मार्च में 7.68 प्रतिशत थी। भारत ने जहां महंगाई को काबू कर दुनिया के सामने एक नजीर पेश की है, वहीं दुनिया के विकसित देशों समेत कई देश बढ़ती महंगाई से परेशान हैं। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप में महंगाई दर क्रमशः 8.5 प्रतिशत, 19.1 प्रतिशत और 17.5 प्रतिशत है। वहीं लेबनान, वेनेजुएला, अर्जेंटीना और जिम्बाब्वे में यह क्रमशः 352 प्रतिशत, 158 प्रतिशत और 102 प्रतिशत तक पहुंच गई है। कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते दुनियाभर में महंगाई बढ़ी है। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य प्रोफेसर शामिका रवि ने वर्ल्ड ऑफ स्टेटिस्टिक्स के आंकड़े शेयर करते हुए भारत की तारीफ की। बता दें कि जिन देशों में सबसे कम महंगाई है, भारत उनमें शामिल है।

पाकिस्तान ने सिर्फ 48 घंटे में गंवाया नंबर वन का ताज

कराची, एजेंसी

पाकिस्तान को रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ पांचवें वनडे में 47 रन से हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 49.3 ओवर में 299 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान की टीम 46.1 ओवर में 252 रन ही बना सकी। इस हार से पाकिस्तान को वनडे रैंकिंग में भी नुकसान हुआ और टीम पहले स्थान से सीधे तीसरे स्थान पर लुढ़क गई। पाकिस्तान के सिर पर वनडे में नंबर वन का ताज सिर्फ 48 घंटे रहा। टीम पांच मई को नंबर वन बनी और सात मई को उनसे यह ताज छीन लिया गया।

न्यूजीलैंड की पारी

पांचवें वनडे की बात करें तो टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड की टीम 49.3 ओवर में 299 रन पर सिमट गई थी। विल यंग ने 91 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 87 रन की पारी खेली। टॉम ब्लंडेल 15 रन, हेनरी निकोल्स 23 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान टॉम लाथम ने 58 गेंदों में 59 रन और मार्क चैपमैन ने 33 गेंदों में 43 रन की पारी खेली।

कोल मैकॉनची 26 रन, रचिन रवींद्र 28 रन, एडम मिल्ने चार रन और हेनरी शिप्ले तीन रन बनाकर आउट हुए। ईश सोढ़ी दो रन बनाकर रन आउट हुए। पाकिस्तान की ओर से शाहीन अफरीदी ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए। वहीं, उसामा मीर और शादाब खान को दो-दो विकेट मिले। हारिस रऊफ और मोहम्मद वसीम जूनियर को एक-एक विकेट मिला।

पाकिस्तान की पारी

300 रन चेज करने उतरी पाकिस्तान टीम की शुरुआत खराब रही और 66 रन तक टीम ने चार विकेट गंवा दिए थे। शान मसूद सात रन, कप्तान बाबर आजम एक रन, मोहम्मद रिजवान नौ रन और फखर जमान 33 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद अघा सलमान और इफ्तिखार अहमद ने मिलकर पांचवें विकेट के लिए 97 रन की साझेदारी निभाई। सलमान 57 गेंदों में 57 रन बनाकर आउट हुए। इस साझेदारी को शिपले ने तोड़ा।

शादाब खान 14 रन, उसामा मीर 20 रन, वसीम जूनियर छह रन और हारिस रऊफ एक रन बनाकर चलते बने। इफ्तिखार अहमद ने 72 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के की मदद से 94 रन की बेहतरीन नाबाद पारी खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। न्यूजीलैंड की ओर से शिपले और रचिन रवींद्र ने तीन-तीन विकेट लिए। वहीं, एडम मिल्ने, मैट हेनरी और ईश सोढ़ी को एक-एक विकेट मिला।

पाकिस्तान ने वनडे सीरीज में 4-1 से जीती

इस हार के बावजूद पाकिस्तान ने वनडे सीरीज 4-1 से अपने नाम की और जीत के साथ न्यूजीलैंड ने खुद को क्लीन स्वीप होने से बचा लिया। पाकिस्तान ने पहला वनडे पांच विकेट, दूसरा वनडे सात विकेट और तीसरा वनडे 26 रन से जीता था। इससे पहले पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज 2-2 से बराबर रही थी। पहले टी20 में पाकिस्तान ने कीवियों को 88 रन और दूसरे टी20 में 38 रन से हराया था। तीसरा टी20 न्यूजीलैंड ने चार रन से अपने नाम किया था। चौथा टी20 बारिश की वजह से धुल गया था। पांचवां और आखिरी टी20 न्यूजीलैंड ने छह विकेट से अपने नाम किया था।

ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए 20 सदस्यीय टीम का ऐलान, सविता पूनिया को मिली कमान

नई दिल्ली, एजेंसी

हॉकी इंडिया नेऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एडिलेड में 18 मई सेहोनेवाली तीन मैचों की सीरीज के लिए 20 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम की घोषणा सोमवार को की। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भी दो मैच खेलेगी। यह दौरा हांग्झोउ मेंहोनेवालेएशियाई खेलों सेपहलेटीम की तैयारियों का हिस्सा होगा।भारतीय टीम का नेतृत्व अग्रणीझ्र गोलकीपर सविता पूनिया करेंगी, जिन्हेंहाल ही मेंसाल की बेस्ट हॉकी खिलाड़ी के पुरस्कार सेसम्मानित किया गया था। दीप ग्रेस एक्का बतौर उप-कप्तान उनका साथ निभाएंगी एं । बिछु देवी खारीबम टीम की दूसरी गोलकीपर हैं, जबकि दीप ग्रेस एक्का के अलावा निक्की प्रधान, इशिका चौधरी, उदिता और गुरगुजीत कौर को बतौर डिफेंडर टीम मेंशामिल किया गया है। निशा, नवजोत कौर, मोनिका, सलीमा टेटे, नेहा, नवनीत कौर, सोनिका, ज्योति और बलजीत कौर भारतीय टीम की मिडफील्डर होंगी। वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, संगीता कुमारी और शर्मीला देवी टीम की फॉरवर्ड लाइन संभालेंगी।

भारतीय टीम की हेड कोच जैनेक शॉपमैन नेटीम चयन पर कहा, हम दो कड़े प्रशक्षिण ब्लॉकों के बाद फिर सेइंटरनेशनल प्रदर्शन करने के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया एक कड़ी प्रतद्विंद्वी हैजो तेज गति सेआक्रामक हॉकी खेलना पसंद करती है। उन्होंने कहा, यह हमारेलिए एक बड़ी परीक्षा होगी, और हम अपनी रक्षात्मक जमीन को बनाए रखतेहुए फॉरवर्ड लाइन पर उनकी गति की बराबरी करनेकी कोशिश करेंगे। भारत 18, 20 और 21 मई को ऑस्ट्रेलिया सेऔर 25 और 27 मई को ऑस्ट्रेलिया ए से भिड़ेगा। एडिलेड का मेट स्टेडियम सभी पांच मैचों की मेजबानी करेगा।

आरसीबी के सपोर्ट में मेट्रो स्टेशन के अंदर जमकर लगे नारे

नई दिल्ली। आईपीएल में भले ही आरसीबी एक बार भी चैंपियन न बनी हो, लेकिन इस टीम ने करोड़ों लोगों को दिल जरुर जीता है। क्रिस गेल, एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गज खिलाड़ियों की गैर-मौजूदगी में भी इस टीम की फैन फोलोइंग में बढ़ोतरी हुई है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह केजीएफ है।

जी! हां आरसीबी में भी केजीएफ मौजूद है। यह तीन शानदार क्रिकेटर्स की तिगड़ी है, जिसे आरीसीबी के फैंस प्यार से केजीएफ बुलाते हैं। के का मतलब कोहली, जी का मतलब ग्लैन मैक्सवेल और एफ का मतलब फाफ डुप्लेसी है। इस सीजन इन तीनों बल्लबाजों का परफॉर्मेंस शानदार रहा है।इस सीजन आरसीबी को सिर्फ बैंगलोर में ही नहीं, बल्कि कई दूसरे शहरों में खूब समर्थन मिल रहा है।

उम्मीद: आरसीबी प्लेऑफ में अब भी पक्की कर सकती है अपनी जगह

नई दिल्ली, एजेंसी

आईपीएल 2023 अपने पूरे शबाब पर है। सभी 10 टीमों की निगाहें प्लेऑफ में जगह बनाने पर टिकी है। आईपीएल प्वाइंट्स टेबल पर नजर डालें तो गुजरात टाइट्स का प्लेऑफ में खेलना लगभग तय माना जा रहा है, क्योंकि हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली गुजरात टीम ने अबतक खेले 11 मैचों में 8 मैचों में जीत दर्ज की है। इस समय गुजरात 16 अंक के साथ टेबल टॉपर है। हालांकि, बाकि सभी टीमों को प्लेऑफ में पहुंचने के लिए काफी मेहनत करने की जरुरत है।

बीच मझदार में फंसी आरसीबी- इस सीजन रॉयल चैलेंजर बैंगलोर का परफॉर्मेंस काफी अच्छी रही है। हालांकि, बॉलिंग डिपार्टमेंट इस टीम की सबसे बड़ी परेशानी रही है। कई मैचों में बल्लेबाजों ने शानदार परफॉर्मेंस किया, लेकिन उनके गेंदबाजों ने जमकर रन लुटाए और नतीजा आरसीबी के खिलाफ गया।

ईई साला कप नामदे की आस लगाए बैठे आरीसीबी के फैंस के लिए यह जानना बेहद जरुरी है कि फिलहाल आरसीबी टीम किस तरह प्लेऑफ में जगह बना सकती है। बता दें कि फाफ डुप्लेसी की सेना इस समय टेबल के बीच में फंसी हुई है। आरसीबी ने अबतक 10 मुकाबले खेले हैं, जिनमें टीम को 5 मुकाबलों में जीत नसीब हुई है।

आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना आसाना नहीं- प्लेऑफ से पहले आरसीबी को चार मैच और खेलने हैं। यह चारों मैच मुंबई इंडियंस, राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ हैं। दिलचस्प बात है कि चार में तीन मैच उन्हें होम ग्राउंड यानि एम चिन्नास्वामी के बाहर खेलना है। आरसीबी को इन चार में तीन मैचों में जीत हर हाल में हासिल करनी होगी, तभी यह टीम प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर सकती है। वहीं, अगर आरसीबी चारों मैचों में जीत दर्ज कर लेती है, तो वो टेबल में टॉप-2 में अपनी जगह भी कायम कर सकती है।

पाकिस्तानी दिग्गज ने विराट की कप्तानी पर उठाए सवाल

● कहा- अगर धोनी आरसीबी के कप्तान होते तो तीन बार खिताब जीत चुकी होती

मुंबई, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (ऋष्टक्र) उन टीमें में से एक है, जो पहले सीजन से लगातार यह टी20 लीग खेलती आ रही है, लेकिन अभी तक एक बार भी ट्रॉफी नहीं जीत पाई है। आरसीबी ने 2009, 2011 और 2016 में तीन आईपीएल फाइनल खेले हैं। 2009 में बैंगलोर को डेक्कन चार्जर्स ने, 2011 में चेन्नई सुपर किंग्स ने और 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद ने फाइनल में हराया था। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान वसीम अकरम को लगता है कि अगर महेंद्र सिंह धोनी आरसीबी के कप्तान होते तो टीम अब तक तीन आईपीएल खिताब जीत चुकी होती।

वसीम अकरम ने क्या कहा?

वसीम अकरम ने एक स्पोर्ट्स वेबसाइट से बातचीत में कहा- रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अब तक तीन आईपीएल ट्रॉफी जीत चुकी होती अगर एमएस धोनी उनके कप्तान होते। उन्होंने अब तक एक भी ट्रॉफी नहीं जीती है। उनके पास फैंस का इतना समर्थन है। साथ ही उनके पास दुनिया के आधुनिक युग के शीर्ष खिलाड़ी विराट कोहली हैं, लेकिन दुर्भाग्य से वे जीत नहीं पाए हैं। अगर धोनी आरसीबी में होते तो उन्हें खिताब जिताने में मदद करते।

वसीम अकरम ने की धोनी की तारीफ

अकरम ने धोनी की कप्तानी की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि 41 वर्षीय धोनी अपने खिलाड़ियों में आत्मविश्वास पैदा करना जानते हैं। उन्होंने कहा- धोनी को टीम की कप्तानी करने की आदत है। विराट को भी अब तक इसकी आदत हो गई होगी, लेकिन धोनी में यह खूबी नैचुरल है। धोनी अंदर से शांत नहीं है, लेकिन वह दिखाते हैं कि वह शांत हैं। जब खिलाड़ी देखते हैं कि उनका कप्तान कूल है और जब वह उन खिलाड़ियों के कंधों पर हाथ रखते हैं, तो खिलाड़ी में और आत्मविश्वास भर जाता है। धोनी वह हैं जो अपने खिलाड़ियों में आत्मविश्वास पैदा करना जानते हैं।

धोनी ने चार आईपीएल खिताब जीते हैं

धोनी ने कप्तान के रूप में चार आईपीएल खिताब जीते हैं और इस मामले में सिर्फ मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा (5 खिताब) उनसे आगे हैं। वह तीन अलग-अलग आईसीसी टूर्नामेंट जीतने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान भी हैं। दूसरी ओर कोहली अभी भी अपने करियर में पहली बार प्रतिष्ठित खिताब उठाने के लिए जोर लगा रहे हैं। 2008 में टी20 लीग की शुरुआत के बाद से वह लगातार 16 सीजन से इसी टीम का हिस्सा हैं। 2013 से लेकर 2021 तक उन्होंने आरसीबी की कप्तानी की थी, लेकिन कभी खिताब नहीं जीत पाए। मौजूदा सीजन में आरसीबी की टीम अंक तालिका में पांचवें स्थान पर है।

अजिंक्य रहाणे के बाद लंबे समय से बाहर चल रहे हनुमा विहारी की हो सकती है वापसी, शेयर की ट्रेनिंग की तस्वीर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीन होने वाले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए खिलाड़ियों नेतैयारियां शुरू कर दी है। दोनों ही टीमों के कुछ खिलाड़ी रेड बॉल से क्रिकेट खेलते हुए नजर आ रहे हैं। भारत और ऑस्ट्रेलिया ने पिछले महीने आगामी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के लिए स्क्वॉड का भी ऐलान कर दिया है। टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को घर पर बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में 2-1 सेहराकर फाइनल मेंजगह बनाई थी। हालांकि फाइनल मैच का टीम के तीन प्रमुख खिलाड़ी ऋषभ पंत, श्रेयस अय्यर और जसप्रीत बुमराह चोट के कारण हिस्सा नहीं होंगे। इन खिलाड़ियों के ना होनेसेभारत के पूर्वउपकप्तान अजिंक्य रहाणेको उनके हाल के दमदार प्रदर्शन और विदेशी पिचों पर अनुभव के कारण टीम में जगह मिली हैऔर अब केएल राहुल के चोटिल होने के बाद टीम सेबाहर चल रहे हनुमा विहारी के लिए भी टेस्ट टीम मेंवापसी के रास्ते खुल गए हैं।

अजिंक्य रहाणे ने मुंबई के लिए रणजी ट्रॉफी मेंशानदार प्रदर्शन किया है और अब आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए भी खूब रन बना रहे हैं। हालांकि उन्हेंभी श्रेयस अय्यर के चोटिल होनेके बाद टीम नेअपनेप्लान में शामिल किया है और अब इसी तरह केएल राहुल के रिप्लेसमेंट के तौर पर हनुमा विहारी की भी टीम में एंट्री एं हो सकती है।

हालांकि वह लंबे समय से चोटिल हैं लेकिन विदेशी सरजमीं पर उनके प्रदर्शन को देखते हुए टीम उनको बैकअप विकल्प के रूप मेंशामिल कर सकती है। हनुमा विहारी नेपिछलेसाल जुलाई मेंआखिरी बार भारत के लिए खेला था। वह एजबेस्टन मे इंग्लैंड के खिलाफ रिशेड्यूल पांचवां टेस्ट मैच खेलनेउतरेथे। लेकिन फरवरी में कलाई में फ्रैक्चर होनेके बाद सेवह बाहर चल रहेहैं। उन्होंनेअपनेफिटनेस को लेकर अपडेट शेयर किया है। विहारी को रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मेंआंध्र के लिए खेलनेके दौरान चोट लगी थी और उन्होंने इस मैच मेंगजब का जज्बा दिखातेहुए बाएं हाथ सेबल्लेबाजी की थी।इंस्टाग्राम पर हनुमा विहारी ने ट्रेनिंग सेशन की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, लंबे ब्रेक के बाद और डाक्टर्स, फिजियो से कई बार मिलनेके बाद, मैं अच्छा महसूस कर रहा हूं, मैदान पर लौटनेका इंतजार नहीं कर सकता। उन्होंने जो तस्वीर शेयर की, उसमेंवह भारतीय टीम की जर्सी पहनेनजर आ रहेहैं, जिससेअंदाजा लगाया जा सकता है कि उन्हेंभी टीम सेजल्द बुलावा आ सकता है।

रवि शास्त्री ने मुंबई इंडियंस के खराब प्रदर्शन के लिए कप्तान रोहित शर्मा को बताया जिम्मेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्माका वर्कलोड पिछलेकुछ सालों मेंदोगुना गु हुआ हैऔर कहा कि बल्ले से रन नहीं बननेके कारण उनकी कप्तानी पर भी इसका असर पड़ा है। इंडियन प्रीमियर लीग के इतिहास मेंरोहित शर्मासबसेसफल कप्तान रहेहैं। उनके नेतृत्व मेंमुंबई इंडियंस ने पांच खिताब (2013, 2015, 2017, 2019, 2020) जीते हैं। लेकिन फ्रेंचाइजी का पिछला सीजन बेहद खराब रहा और टीम 14 मैचों मेंसेसिर्फ 4 ही जीत सकी और प्वाइंट्स टेबल मेंअंतिम पायदान पर रही। आईपीएल 2023 मेंभी टीम अपनी क्षमता के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी हैऔर टेबल मेंछठे स्थान पर है।

रवि शास्त्री का मानना है कि बल्ले से फॉर्म मे नहीं होने का असर रोहित की कप्तानी पर भी पड़ा है। रवि शास्त्री ने कहा, जब आप अच्छे फॉर्म में होते हैं, जहांआप रन बना रहे होते हैं, तो बतौर कप्तान काम आसान हो जाता है। मैदान पर बॉडी लैंग्वेज बदल

जाती हैफील्ड पर एनर्जी अलग दिखती हैऔर जब रन नहीं बनाते तो इसका उलटा होता है। आईपीएल 2023 मेंरोहित शर्माके बल्लेसेरन नहीं निकलेहैं, जिसकी वजह सेटीम भी मुश्किल मेंरही है। बतौर ओपनर रोहित ने 10 मैचों में 126.89 के औसत से 184 रन बनाए हैंऔर दो बार बिना खाता खोलेआउट हुए हैं।उन्होंने कहा, ऐसे समय में बतौर कप्तान ये जरूरी होता हैकि आपका प्रदर्शन खेल में दिखे। इस समय ये कठिन है, क्योंकि वह अपनेकरियर के जिस स्टेज मे हैं और जिस तरह की टीम उसके पास है। यही टीम आनेवालेकुछ साल मेंबेहतरीन हो सकती है, एक बार जब वेआपस मेंमिलना शुरू कर देतेहैं। लेकिन उस सही संयोजन को हासिल करना कप्तान का काम है।

धोनी के आईपीएल करियर के 5 सबसे बड़े विवाद

नई दिल्ली। दुनिया की सबसे पसंदीदा लीग में से एक हैं, जहां हर साल कई रिकॉर्ड्स बनते और टूटते हुए देखे जाते हैं। टी-20 मैचों को देखने का फैंस काफी बेसब्री से इंतजार करते है । इतना ही नहीं, इन मैचों में खिलाड़ियों के बीच मैदान पर कई हाई वोल्टेड ड्रॉमा देखा जाता है। ये ड्रॉमा कई बार इतना बढ़ जाता है कि इसे सालों-साल याद किया जाता है।इन विवादों में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का नाम भी जुड़ा हुआ है। बता दें कि ये कयास लगाया जा रहा है कि आईपीएल 2023 धोनी के करियर का आखिरी सीजन हो सकता है। जानते हैं शांत स्वभाव और कैप्टन कूल के नाम से जाने और पहचाने वाले धोनी के आईपीएल करियर की टॉप 5 कॉन्ट्रोवर्सी-

1. मैच फिक्सिंग का आरोप

बता दें कि साल 2013 में महेंद्र सिंह धोनी एक विवाद में फंस गए थे। उन पर उस दौरान मैच फिक्सिंग के गंभीर आरोप लगे थे। उस समय यह भारत का सबसे बड़ा स्कैंडल था। धोनी तब भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान थे। मैच फिक्सिंग मामले के जांचकर्ता एसपी कुमार ने अपनी जांच में पाया कि किटी नाम के बुकी ने स्वीकार किया कि गुरुनाथ मयप्पन ने उन्हें जानकारी दी थी कि धोनी मैच हारने को तैयार हैं।इसके लिए उनकी टीम 140 या थोड़ा ज्यादा या कम स्कोर बनाएगी। इस मामले ने तब खूब सुर्खियां बटोरी थी, लेकिन इसका फॉलोअप नहीं हुआ। उस समय गुरुनाथ मयप्पन सीएसके के टीम प्रिंसिपल थे और बीसीसीआई ने सट्टेबाजी में शामिल होने के कारण उन पर आजीवन प्रतिबंध लगा दिया था।

2. साल 2019 का नो बॉल विवाद

साल 2019 में कैप्टन कूल यानी धोनी राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान अपना आपा खो बैठे थे। ये मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेला गया। मैच में धोनी काफी गुस्से में नजर आए। ये सारा मामला नो बॉल से शुरू हुआ। बता दें कि सीएसके को मैच जीतने के लिए 3 गेंदों पर 8 रन की जरूरत थी। उस दौरान अंपायर उलहास गांन्धे ने नो बॉल करार दिया था, लेकिन ऑन फील्ड अंपायर ने इस दौरान नो बॉल का फैसला बदलने को कहा। इस बीच महेंद्र सिंह धोनी मैदान पर काफी गुस्से में नजर आए और अंपायर के साथ धोनी की बहस देख हर कोई हैरान रह गया।

3. स्लो ओवर रेट विवाद (2019)

इस लिस्ट में अगला विवाद स्लो ओवर विवाद रहा, जिसमें सीएसके के कप्तान एमएस धोनी पर मैच के बाद जुर्माना लगाया गया। बता दें कि आईपीएल 2019 में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ सीएसके टीम को स्लो ओवर डालने हुए देखा गया था, जिसको लेकर एमएस धोनी पर जुर्माना लगाया गया।

4.वाइड बॉल विवाद

बता दें कि साल 2020 में चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के मैच के दौरान धोनी और अंपायर को लेकर एक विवाद देखने को मिला। दरअसल, 19वें ओवर के दौरान बॉलर शार्दुल ठाकुर की एक बॉल ऑफ स्टम्प के काफी बाहर पिच हुई। अंपायर पॉल रफेल ने इसे वाइड करार देने के लिए हाथ उठाया, लेकिन महेंद्र सिंह धोनी का रिएक्शन देखकर उन्होंने तुरंत अपने हाथ नीचे कर लिया। इस रिएक्शन के बाद ये तेजी से ट्रोल होने लगा कि अंपायर में धोनी का खौफ है।

5. युवाओं को सुनाई थी खरी-खोटी

साल 2020 में सीएसके टीम के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी टीम की 7वीं हार के बाद काफी नाखुश नजर आए थे। उन्होंने उस दौरान युवा खिलाड़ियों को जमकर खरी-खोटी सुनाते हुए एक विवादित बयान दिया था। उन्होंने कहा था कि वह आने वाले मैचों में युवाओं को मौका देंगे, जहां प्लेऑफ में जाने का टीम पर कोई प्रेशर नहीं रहेगा। उन्होंने बताया था कि शुरुआती 10 मैचों में युवा खिलाड़ी को उन्होंने ज्यादा मौके नहीं दिए, क्योंकि उन्हें उन खिलाड़ियों में ज्यादा जज्बा देखने को नहीं मिला। धोनी का ये बयान उनके लिए मुश्किलें खड़ी कर देगा ये शायद उन्हें भी नहीं पता था।

संक्षिप्त समाचार

इंसानों के लिए वरदान हो सकता है गोमूत्र : आईवीआरआई

लखनऊ, एजेंसी। बरेली स्थित भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने एक शोध में पाया है कि गोमूत्र में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुण होते हैं और यह इंसानों के लिए वरदान है। वैज्ञानिकों की नौ सदस्यीय टीम द्वारा किए गए चार साल के लंबे अध्ययन ने पिछले दावे का खंडन किया कि गोमूत्र मनुष्यों के लिए खतरनाक है और इसमें दावा किया गया है कि गोमूत्र का अर्क चिकित्सा और औषधीय गुणों से भरपूर है। इस शोध में गाय की दो देशी नस्लों साहीवाल और थारपारकर के 14 मूत्र के नमूनों की तुलना संकर प्रजाति के नमूनों से की गई। नमूने साल भर में विभिन्न मौसमों के दौरान लिए गए थे। गायों के ताजा मूत्र में बैक्टीरिया के संदूषण की संभावना से बचने के लिए, अर्क का केंद्रित रूप में अध्ययन किया गया था। आईवीआरआई के वैज्ञानिक रविकांत अग्रवाल ने कहा, जिन्होंने आठ अन्य वैज्ञानिकों के साथ 2018 में शुरू किए गए अध्ययन का नेतृत्व किया था। संस्थान के शोध के अनुसार, संकर नस्ल की गायों की तुलना में साहीवाल और थारपारकर नस्लों का मूत्र अत्यधिक जीवाणुरोधी पाया गया। ई. कोलाई, साल्मोनेला प्रजाति, स्यूडोमोनास, एरुगिनोसा और ग्राम पॉजिटिव बैक्टीरिया लिस्टेरिया मोनोसाइटोजेन्स, बैसिलस सेरेस, स्टैफिलोकोकस ऑरियस जैसे बैक्टीरिया के खिलाफ गोमूत्र का अर्क जीवाणुनाशक पाया गया। अग्रवाल ने कहा, शोध में यह भी पाया गया कि गोमूत्र के अर्क में यीस्ट के खिलाफ एंटिफंगल प्रभाव होता है।

सीएम गहलोत ने कहा बीजेपी ने सरकार बचाई तो पूर्व सीएम वसुंधरा बोली गहलोत ने मेरा अपमान किया

जयपुर, एजेंसी। राजस्थान में 2023 के विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक वार पलटवार का दौर जोरों पर है। एक तरफ कांग्रेस में सीएम अशोक गहलोत और पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के बीच खींचतान चल रही है, तो वहीं सीएम गहलोत और पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सिंधिया एक दूसरे पर वार पलटवार कर रहे हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के धौलपुर में दिए बयान पर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने पलटवार किया है। सीएम गहलोत ने धौलपुर में कहा कि राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया, शोभा रानी और कैलाश मेघवाल को पता था कि उनकी पार्टी के लोग सरकार गिरा रहे हैं। वसुंधरा राजे सिंधिया और कैलाश मेघवाल ने कहा था हमारी कभी परंपरा नहीं रही है कि चुनी हुई सरकार को हम पैसे के बल पर गिराए। इन्होंने सरकार गिराने वालों का साथ नहीं दिया जिस कारण हमारी सरकार बची रही। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बयान पर राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने पलटवार करते हुए कहा कि मेरे खिलाफ अशोक गहलोत का बयान एक साजिश है। अशोक गहलोत ने जितना अपमान किया है, उतना कोई मेरा अपमान नहीं कर सकता। वह 2023 के विधानसभा चुनाव हारने के डर से झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने इस तरह के झूठे आरोप लगाए क्योंकि वह अपनी ही पार्टी में बगावत से बौखलाए हुए हैं।

मणिपुर से राज्य के विद्यार्थियों की सुरक्षित वापसी का खर्च वहन करेगी गहलोत सरकार

जयपुर , एजेंसी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मणिपुर में हिंसा की घटनाओं के मद्देनजर राजस्थान के विद्यार्थियों की सुरक्षित घर वापसी सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में आने वाले विद्यार्थियों की वापसी का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी। गहलोत ने बताया कि दिल्ली के प्रमुख आवासीय आयुक्त एवं राजस्थान फाउंडेशन के आयुक्त समन्वय कर विद्यार्थियों की वापसी सुनिश्चित कर रहे हैं। साथ ही मुख्य सचिव एवं पुलिस महानिदेशक द्वारा अधिकारियों से सम्पर्क कर लगातार निगरानी की जा रही है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार द्वारा पूर्व में भी यूक्रेन से आए विद्यार्थियों एवं सूडान से आए राजस्थानियों की वापसी का खर्च वहन किया गया था।

राजधानी से गाजियाबाद तक जाम से मिलेगी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली-गाजियाबाद को जोड़ने वाले अप्सरा बॉर्डर से आनंद विहार के बीच इसी साल से वाहन सरपट दौड़ पाएंगे। इस रूट से दो लाल बत्ती को खत्म करने के लिए बन रहे फ्लाईओवर पर तेजी से काम चल रहा है। दावा है कि इसका निर्माण अंतिम चरण में है। दिसंबर 2023 तक इसे पूरा कर लिया जाएगा। निर्माण के चलते अभी इस रोड के कुछ हिस्से में एक ही लेन में दोनों तरफ का ट्रैफिक चलाया जा रहा है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्यूडी) के अधिकारियों के मुताबिक, यह फ्लाईओवर 1.4 किलोमीटर का है।

उदयपुर में बेजुबानों को भोजन के लिए एनिमल फीडिंग व्हीकल शुरू

उदयपुर, एजेंसी। शहर के बेजुबानों के लिए कार्यरत संस्था उदयपुर एनिमल फीड ने बेजुबानों को भोजन उपलब्ध कराने के लिए एक अनूठी पहल की है। इसके तहत शहर में 2 गोपाल वाहिनी (ई-रिक्शा) का शुभारंभ निवृत्ति कुमारी मेवाड़ द्वारा सुखाड़िया विश्विधालय के स्वामी विवेकानद सभागार में किया गया।

संस्था की फाउंडर डिंपल भावसार व रवि भावसार ने बताया कि 150 से ज्यादा युवाओं की टीम पिछले 4 वर्षो से बेजुबानों के लिए मिशन जीरो हंगर पर कार्य कर रही है। इसी मुहिम को आगे ले जाते हुए इस गोपाल वाहिनी को शुरू किया गया है। डिम्पल भावसार ने बताया कि यह देश में अपने तरीके की पहली फीडिंग व्हीकल होगी। जो पूरे उदयपुर शहर में रोजाना सुबह शाम दोनों समय शहर के सभी पशुओं तक खाना पहुंचाएगी। इस गोपाल वाहिनी को गीतांजलि इंजीनियरिंग कॉलेज के विद्यार्थियो द्वारा पूरा रिडिजाइन किया जाएगा। ताकि पशुओं से संबंधित सभी सुविधाएं जैसे कि मेडिकल किट, पक्षियों, गाय, कुत्तों सभी पशुओं के लिए सुविधाएं होगी। इसमें साउंड सेंसर भी लगाया जाएगा जिससे कि पशुओं को पता चल सके कि उनके खाने की गाड़ी आ चुकी है।

बेजुबानों की परवाह जरूरी-मेवाड़: गोपाल वाहिनी का

लोकार्पण करते हुए निवृत्ति कुमारी मेवाड़ ने कहाकि बेजुबानों तक खाना पहुंचाने के लिए जिस तरह से यह युवा टीम कार्य कर रही है वह पूरे देश के लिए उदाहरण है। बेजुबानों की परवाह करना भी पुण्य का कार्य है। इस अवसर पर मेवाड़ ने उदयपुर एनिमल फीड की वेबसाइट और सभी पशु प्रेमियों के लिए मर्चेंडाइस को भी लांच किया।

एनिमल फीड बनेगा देशव्यापी अभियान: सेलिब्रेटी गेस्ट में उदयपुर के प्रसिद्ध सिंगर एकर्थ पुरोहित, गौरव मेडतवाल ने अपने विचार रखे। विभिन्न क्षेत्रों शिक्षा जगत से डॉ प्रदीप कुमावत, अलका शर्मा, प्रीति सोगानी, मीनाक्षी भेरवानी सामाजिक क्षेत्र से जिनेन्द्र शास्त्री, डॉ दिव्यानी कटारा, लीना शर्मा, मुकेश वाधवानी, गोविंद दीक्षित, व्यापारिक क्षेत्र से मधुकर दुबे, अंजलि आज़ाद दुबे, शहर के विभिन्न पशु प्रेमी डॉ मयंका सेठ आदि ने एक स्वर में अपने अपने क्षेत्रो में उदयपुर एनिमल फीड के साथ मिलकर इस मुहिम को देशव्यापी अभियान के रूप में बदलने के लिए अपने अपने विचार रखे।

दिल्ली में कब थमेगा बारिश का दौर; इस हफ्ते शुष्क रहेगा मौसम

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली के ज्यादातर हिस्सों में शाम के समय तेज हवाओं के साथ धूल भरी आंधी चली। दिल्ली के पालम मौसम केन्द्र में हवा की अधिकतम रफ्तार 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रिकॉर्ड की गई है। तेज रफ्तार हवाओं के साथ दिल्ली के पालम, नजफगढ़, नरेला जैसे कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी रिकॉर्ड की गई हैं। इसके चलते दिन भर मौसम में बनी गर्मी समाप्त हो गई और शाम को मौसम सुहाना हो गया। मौसम विभाग ने दिल्ली में सोमवार को भी हल्की बारिश की संभावना जताई है।

मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 08 मई को गरज चमक के साथ आंधी, पानी और बर्फबारी के आसार बन रहे हैं। इसका असर मैदानी इलाकों पर भी देखा जाएगा। अगले 24 घंटे के दौरान हिमाचल प्रदेश, पंजाब और हरियाणा के कुछ हिस्सों में आंधी के साथ हल्की बारिश देखी जा सकती है। राजधानी में रविवार को दिनभर धूप निकली रही। इसके चलते तापमान में भी इजाफा हुआ। हालांकि, शाम को धूल भरी हवाओं के साथ कई इलाकों में बौछारें पड़ीं। इससे मौसम आमतौर पर सुहाना हो गया। मौसम विभाग का अनुमान है कि अगले तीन-चार दिन अब बादल और बारिश की गतिविधि कम होगी। दिन भर धूप निकलेगी। इसके चलते तापमान में इजाफा होगा। आने वाले दिनों में गर्मी फिर बढ़ेगी। हालांकि, अभी इसके 40 डिग्री से नीचे ही रहने का अनुमान है।

मंगलवार से बारिश के आसार कमत्र सोमवार को हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक की रहने की संभावना है। जबकि, अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। जबकि, अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहने के आसार हैं। मंगलवार और बुधवार को हवा की दिशा उत्तर पश्चिमी होने के चलते तापमान 37 डिग्री के आसपास रहने के आसार हैं। लेकिन, उसके बाद अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।

तेज आंधी पानी के संकेत: मौसम विभाग की मानें तो मौजूदा वक्त में पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तरी पाकिस्तान पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन स्थित है। दूसरा साइक्लोनिक सर्कुलेशन पूर्वोत्तर राजस्थान पर मौजूद है। उत्तर तमिलनाडु तट से दूर दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी पर भी एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। उक्त मौसमी परिस्थितियां प्रभावित इलाकों में तेज आंधी पानी के संकेत दे रही हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी ऑल इंडिया वेदर बुलेटिन में कहा गया है कि 08 मई को लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में हल्की से मध्यम बारिश या हिमपात दर्ज किया जा सकता है। पंजाब-हरियाणा और दिल्ली एनसीआर के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश भी देखी जा सकती है। इन इलाकों में आंधी के चलने की संभावना भी जताई गई है।

मौसम विभाग ने कहा कि 8 मई को जम्मू-कश्मीर में एक या दो स्थानों पर ओलावृष्टि या बारिश के आसार हैं। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में भी मौसम खराब रहेगा। इस दौरान तेज गति से हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने किसानों को बगीचों में छिड़काव और फसलों की कटाई स्थगित करने की सलाह दी है। पर्यटकों को गर्म कपड़े और खाने-पीने की चीजों का इंतजाम कर लेने को कहा गया है। हालांकि इसके बाद 09 से 12 मई तक मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि दिल्ली एनसीआर में मौसम ठंडा बना रहेगा। मौसम विभाग की मानें तो 12 मई तक दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 डिग्री से कम ही दर्ज किया जाएगा। दिल्ली के कुछ इलाकों में सोमवार को बादलों की आवाजाही नजर आएगी। दिल्ली में हल्की बारिश के भी आसार बन रहे हैं।

कांग्रेस ने कर्नाटक में लगाया फॉर्मूला हिमाचल, महिला वोटरों पर बड़ा दांव

बेंगलुरु, एजेंसी। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का महिलाओं पर खास फोकस है। पार्टी ने गृहलक्ष्मी योजना के तहत परिवार की प्रत्येक महिला मुखिया को हर माह दो हजार रुपये और मुफ्त बस यात्रा का वादा किया है। जबकि हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में पार्टी ने हर परिवार की प्रमुख महिला को 1500 रुपये प्रतिमाह देने का वादा किया था।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता और चुनाव घोषणा पत्र समिति के सदस्य ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में यह वादा काफी असरदार साबित हुआ। प्रदेश की महिलाओं ने कांग्रेस के वादे पर भरोसा करते हुए पार्टी को जीत की दहलीज तक पहुचाया। हिमाचल छोटा राज्य है, संसाधन सीमित हैं। पर, कर्नाटक के पास ऐसी समस्या नहीं है, इसलिए दो हजार रुपये का वादा किया है। साथ ही कर्नाटक में सरकार बनने पर कांग्रेस ने महिलाओं को सार्वजनिक परिवहन निगम की बसों में मुफ्त यात्रा का भी वादा किया है। महिला सशक्तिकरण को लेकर भी कई घोषणाएं की गई हैं। पार्टी ने यह तय रणनीति के तहत किया है। क्योंकि, कर्नाटक में लगभग आधी सीट पर पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाता अधिक हैं। महिला मतदाताओं का वोट प्रतिशत भी पुरुषों के मुकाबले बढ़ा है। हिमाचल प्रदेश में 49 फीसदी महिला मतदाता है, पर वोट देने के मामले में वह पुरुषों से चार फीसदी आगे रही हैं। हिमाचल प्रदेश में पुरुषों को वोट प्रतिशत 72.4 प्रतिशत था। जबकि 76.8 महिला मतदाताओं ने अपने अधिकार का उपयोग किया था। पार्टी नेता मानते हैं कि कर्नाटक विधानसभा चुनावों में भी महिलाओं का मतदान प्रतिशत पुरुषों से अधिक रहेगा। वर्ष 2018 के कर्नाटक विधानसभा चुनाव में 67 सीट पर महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों के मुकाबले अधिक थी। पिछले पांच वर्षों में इस आंकड़े में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इस वर्ष 112 सीट पर पुरुषों के मुकाबले महिला मतदाता अधिक हैं।

जब उम्र को लेकर मजाक के मूड में दिखे बाइडन, बोले- मेरा करियर 280 साल का है

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन 2024 में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा लेंगे। वह इस समय 80 साल के हैं। अमेरिकी इतिहास में वे अब तक के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति हैं। हालांकि, उन्होंने अपनी उम्र को लेकर हो रही चिंताओं का मजाक उड़ाते हुए कहा कि उनका करियर 280 साल का है।

मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता कि प्रेस क्या कहता है

पिछले महीन वायु सेना के एक कार्यक्रम में, बाइडन ने कहा कि राष्ट्रपति ड्वाइट आइजनहावर ने छह दशक से अधिक समय पहले वायु सेना अकादमी की पहली कक्षा को संबोधित किया था, लेकिन मैं वहां नहीं था। मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता कि प्रेस क्या कहता है।

मै भविष्य के बारे में अधिक आशावादी कभी नहीं रहात्र बाइडन ने पिछले महीने आयरिश संसद में कहा कि वे भविष्य के बारे में अधिक आशावादी कभी नहीं रहे। उन्होंने जोर देकर कहा, मैं अपने करियर के अंत में हूं, शुरुआत में नहीं। उन्होंने कहा, मैं अमेरिकी इतिहास में किसी भी राष्ट्रपति की तुलना में अधिक अनुभव के साथ काम पर आया हूं। यह मुझे बेहतर या बुरा नहीं बनाता है, लेकिन यह मुझे कुछ बहाने देता है।

बाइडन से पहले, 1984 के राष्ट्रपति चुनाव

के दौरान रोनाल्ड रीगन, जो उस समय 73 साल के थे, ने भी अपनी उम्र को लेकर उठ रहे सवालों को टाल दिया था। 56 वर्षीय डेमोक्रेट वाल्टर मोंडेल के खिलाफ एक बहस में रीगन ने प्रतिज्ञा की थी कि वह उम्र को मुद्दा नहीं बनायेंगे। पहली महिला जिल बाइडन के पूर्व प्रेस सचिव माइकल लॉरोसा, जिन्होंने बाइडन के 2020 चुनाव अभियान पर भी काम किया था, ने कहा कि बाइडन बिल्कुल वही कर रहे हैं, जो उन्हें करना चाहिए। वे इसे गले से लगा रहे हैं और इसके साथ मजे कर रहे हैं। वह ठीक वही कर रहा है, जो रोनाल्ड रीगन ने किया था। बाइडन के निजी चिकित्सक ने फरवरी में कहा कि बाइडन राष्ट्रपति पद के कर्तव्यों को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए फिट हैं, लेकिन जनता फिर भी बाइडन की अपना काम करने की क्षमता को लेकर सतर्क है। पिछले साल के मध्यावधि चुनावों में 57 प्रतिशत मतदाताओं ने कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि बाइडन के पास राष्ट्रपति के रूप में प्रभावी ढंग से सेवा करने की मानसिक क्षमता है, जबकि 41 प्रतिशत मतदाताओं ने कहा कि बाइडन फिट हैं। लगभग 10 में से नौ रिपब्लिकन और 10 में से दो डेमोक्रेट्स ने कहा कि उन्हें लगता है कि बाइडन में राष्ट्रपति के रूप में काम करने की मानसिक क्षमता नहीं है। हालांकि, बाइडन के सहयोगी लंबे समय से इस तरह की चिंताओं को खारिज करते रहे हैं। पिछले हफ्ते एमएसएनबीसी के एक नए साक्षात्कार में, बाइडन ने फिर से अपनी उम्र के बारे में चिंताओं को खारिज करते हुए कहा, मैंने बहुत सारा ज्ञान प्राप्त कर लिया है और अधिकांश लोगों से अधिक जानता हूं।

बाइडन के सलाहकारों ने यह भी ध्यान दिया कि उनकी उम्र 2020 के अभियान में एक मुद्दे के रूप में सामने आई थी, लेकिन इससे उनके राष्ट्रपति बनने की राह में कोई रुकावट नहीं हुई। हालांकि, बाइडन ने अतीत में स्वीकार किया है कि उनकी उम्र मतदाताओं के लिए एक वैध मुद्दा है। उन्होंने फिर से चुनाव लड़ने की घोषणा के तुरंत बाद कहा कि उन्होंने दूसरे कार्यकाल के लिए अपने निर्णय को औपचारिक रूप देने से पहले उस पर सख्त नजर रखी थी।

अफगानिस्तान में गरीबी से तंग लोग तेजाब पीकर दे रहे जान, पिछले साल 347 ने की आत्महत्या की कोशिश

काबुल, एजेंसी। अफगानिस्तान में तालिबान राज आने के बाद से लोग मौत को अपनी मुसीबतों से ज्यादा आसान समझते हैं। पिछले साल अफगानिस्तान के 9 अलग-अलग प्रांतों में गरीबी से तंग कम से कम 347 लोगों ने आत्महत्या का प्रयास किया। इसके पीछे अन्य पारिवारिक हिंसा, बेरोजगारी और स्वतंत्रता की कमी भी प्रमुख कारण थे। हालांकि अफगानिस्तान में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की खुदकुशी के मामले ज्यादा हैं। आत्महत्या का प्रयास करने वाले कम से कम 60 लोगों की जान चली गई।मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि अफगानिस्तान में आत्महत्या के कई कारण होते हैं, जैसे- आर्थिक तंगी और पारिवारिक हिंसा। मनोवैज्ञानिक कदीर बरन ने टोलो न्यूज के हवाले से कहा, आत्महत्या का प्रयास मुख्य रूप से पारिवारिक हिंसा, गरीबी, अशिक्षा, बेघर, बेरोजगारी और अनिश्चित भविष्य के कारण किया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल लगभग 8,00,000 लोग दुनियाभर में खुदकुशी की कोशिश करते हैं।टोलो न्यूज की खबर के अनुसार आत्महत्या के 251 प्रयासों के रिकॉर्ड के साथ बदख्शां प्रांत लिस्ट में सबसे ऊपर है।टोलो न्यूज ने बदख्शां में एक 20 साल की महिला से संपर्क किया जिसने खुदकुशी की कोशिश की थी लेकिन समय पर अस्पताल ले जाने के बाद उसकी जान बच गई। महिला के परिजनों ने कहा कि गरीबी से तंग आने के बाद उसने आत्महत्या का प्रयास किया। महिला के भाई ने बताया, उसने आत्महत्या करने के लिए तेजाब पी लिया था। प्रांतीय अस्पताल के प्रमुख होम्यायुन फरूटन ने कहा, हमने आत्महत्या के 250 प्रयास दर्ज किए हैं। इनमें 188 महिलाएं और 62 पुरुष हैं। इसके अलावा घोर में 14, खोस्त में 11, सर-ए-पुल में 7, नांगरहार में 5, मैदान वारदक में 5, बामियान में 3, उरोजगान में 2 और कपिसा में 1 व्यक्ति ने आत्महत्या का प्रयास किया है।

चीन में गरीबी दिखाने वाले वीडियो को किए जा रहे डिलीट

बीजिंग, एजेंसी। क्या चीन में हर एक व्यक्ति मालामाल हो चुका है क्या शी जिनपिंग के शासनकाल में कोई भी गरीब नहीं रहा ऐसा नहीं है। इस तरह का दावा गलत है। तो फिर सवाल उठता है कि आखिर चीनी प्रशासन की ओर से ऐसे वीडियो डिलीट क्यों किए जा रहे हैं, जिनमें गरीबी दिखाई गई है द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में इस सवाल का जवाब दिया गया है। इसके मुताबिक, प्रोपेगेंडा और सेंसरशिप के चलते चीन में बहुत से लोगों को यह पता ही नहीं है कि देश में गरीबी किस हद तक जड़ जमा चुकी है। हाल ही में एक रिटायर्ड महिला का वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह कह रही थी कि 100 युआन (14.50 अमेरिकी डॉलर) से किराने का क्या-क्या सामान खरीद सकती है मासिक पेंशन ही मोटे तौर पर उसकी आय का एकमात्र स्रोत है। इस वीडियो को बाद में चीनी अधिकारियों ने डिलीट कर दिया।

रिपोर्ट के मुताबिक, हाल के दिनों में एक युवा चीनी गायक ने काफी सुर्खियां बटोरी थीं। उसने अपने गानों के जरिए चीनी लोगों के बीच गंभीर वित्तीय और निराशाजनक नौकरी की संभावनाओं का जिक्र किया। गाने के बोल कुछ ऐसे थे... मैं हर दिन अपना चेहरा धोता हूं, लेकिन मेरी जेब मेरे चेहरे से ज्यादा साफ है। इसमें आगे कहा गया, मैं चीन को फिर से जीवंत करने में मदद करने के लिए कॉलेज गया था, ना कि भोजन डिलीवर करने के लिए। रिपोर्ट में बताया गया कि चीनी प्रशासन की ओर से उनके गानों पर बैन लगा दिया गया और सोशल मीडिया अकाउंट्स भी डिलीट कर दिए गए।

अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले एक प्रवासी मजदूर ने पिछले साल काफी चर्चा बटोरी थी। कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद उसने बड़े पैमाने पर लोगों की सहानुभूति बटोरी। उन्हें चीन में सबसे मेहनती व्यक्ति के रूप में पहचान मिली। हालांकि, चीनी अधिकारियों ने उनके बारे में हो रही चर्चा को रोकने का काम किया। स्थानीय अधिकारियों को उनके घर के बाहर तैनात कर दिया गया, ताकि पत्रकारों को उनकी पत्नी से मिलने से रोका जा सके। उस वक्त इस मामले की अंतरराष्ट्रीय मीडिया में काफी चर्चा हुई और जिनपिंग सरकार के पाबंदी वाले फैसले पर सवाल खड़े किए गए।

पाकिस्तान में लाखों लोगों की नौकरियां गईं

कराची, एजेंसी। इस वित्तीय वर्ष में औद्योगिक उत्पादन में भारी गिरावट के कारण पूरे पाकिस्तान में अर्थव्यवस्था के औपचारिक और अनौपचारिक क्षेत्रों में लाखों लोगों की नौकरियां चली गई हैं। सरकारी मीडिया ने यह जानकारी दी। कच्चे माल के आयात पर लगाया गया प्रतिबंध, विदेशी मुद्रा संकट और बढ़ती बिजली और गैस के बिलों के कारण बढ़ती लागत ने उत्पादन गतिविधियों को गंभीर रूप से बाधित किया है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, कराची के चार औद्योगिक क्षेत्रों और देशव्यापी ऑटो वेंडिंग यूनिटों में, हितधारकों ने दावा किया कि 5 लाख से ज्यादा लोगों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ा है। हालांकि, सिंध सरकार के जनशक्ति श्रम मानव संसाधन निदेशालय के एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि व्यवसायी आंकड़े बढ़ा-चढ़ा कर बता रहे हैं। डॉन रिपोर्ट के अनुसार, साइट (सिंध इंडस्ट्रियल ट्रेडिंग एसोसिएट्स) एसोसिएशन

ऑफ इंडस्ट्री के अध्यक्ष रियाजुद्दीन ने कहा, खाद्य क्षेत्र को छोड़कर, सिंध क्षेत्र में 5 लाख में से लगभग 100,000 लोगों ने उद्योगों की विभिन्न श्रेणियों में अपनी आजीविका खो दी है, मुख्य रूप से अक्टूबर 2022 से अब तक। रियाजुद्दीन ने आगे कहा कि इस क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों में 30-40 प्रतिशत की गिरावट आई है, कुछ उद्योग या तो बंद हो गए हैं या चालू वित्त वर्ष के दौरान अपनी एक शिफ्ट को निलंबित कर दिया है। अध्यक्ष ने आशंका जताई है कि मुझे लगता है कि 19.99 रुपये के बिजली शुल्क और 9 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू गैस शुल्क को वापस लेने के बाद 50 फीसदी और उद्योग बंद हो जाएंगे। संघीय सरकार के विभाग, जैसे सिंध ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स (एसबीएस) और सिंध सरकार के विभिन्न विभाग उद्योगों से बेरोजगारी के आंकड़े मांगने के लिए जुलाई 2022 से एक्टिव हो गए हैं। व्यवसायी इन विभागों से किसी भी उत्पीड़न के डर से नौकरी के नुकसान का कोई भी डेटा देने से हिचक रहे हैं, जबकि सूचीबद्ध कंपनियां हर महीने अपने कर्मचारियों का डेटा पेश कर सकती हैं।

नॉर्थ कराची एसोसिएशन ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (एनकेएटीआई) के अध्यक्ष फैसल मोइज खान ने कहा कि इस क्षेत्र में लगभग 5,000-6,000 छोटी और मध्यम आकार की यूनिटें हैं, जिनमें से 60 प्रतिशत निर्यात-उन्मुख हैं, जो 5 से 6 मिलियन मजदूरों को काम के अवसर प्रदान करती हैं।

डॉन रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिकूल आर्थिक स्थिति के बीच, लगभग 25 प्रतिशत उद्योगों ने अपनी यूनिटों को बंद कर दिया है, जिससे 100,000 से अधिक अनुबंधित कर्मचारी बेरोजगार हो गए हैं, जबकि 75 प्रतिशत उद्योगों ने अपना उत्पादन कम कर दिया है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555